लक्ष्मण इक्ष्वाकुकुल की सत्ता की मूल कारण जनकनन्दिनी सीता को वनेचरी कैसे बनाए और अपने बड़े भाई की आज्ञा का उल्लङ्घन भी कैसे करे ॥ १ ॥

इति पीडितहृत् स लक्ष्मणश्चिरमश्रूणि विमुच्य जानकीम् ।
भगिनीभिरथोर्मिलादिभिः परिसंभावयितुं गृहं ययौ ॥

संकेतः—परिसंभावयितुं परिपूजयितुम् ॥ २ ॥

विचिकित्सित चित्त लक्ष्मण बहुत देर तक आँसू बहाकर (सीता की) बहिन उर्मिला आदि को उनकी पूजा का अवसर देने हेतु सीता को घर ले गए ॥ २ ॥

अथ तां भ्रमरीमिवाब्जतः परिहीणामनवेत्य हृष्यता ।
स्वहृदा कमलामिवोर्मिला सपदि प्रत्युदियाय सोदराम् ॥

संकेतः—हृदः कमलौपम्यं गम्यम् ॥ ३ ॥

उर्मिला ने घर पहुँचते ही सीता जी की अगवानी घर आई लक्ष्मी के समान प्रसन्न चित्त से की यह न जानकर कि वे कमल से अलग की गई भ्रमरी की स्थिति में थीं ॥ ३ ॥

शिरसाऽलकशोभिना पदे प्रणनामोर्मिलमानसोर्मिला ।
जनकात्मभुवो विधित्सती कमले केचन शैवलाश्रिते ॥

संकेतः—पदे कमलोपमे, सालकं शिरश्च शैवलोपमम् ॥ ४ ॥

तरंगितचित्ता उर्मिला ने अलकशोभित शिर से सीता के चरणों को प्रणाम किया, मानों किन्हीं दो कमलों को शैवल से सुशोभित करने हेतु ॥ ४ ॥

द्वितयं द्वितयेन संगतं लभते स्मानुपमां द्युतिं तयोः ।
अरुणद्युति चूर्णकुन्तलं नखराग्रं च पलाशपेशलम् ॥

दोनों वस्तुएँ दोनों वस्तुओं से मिलकर अनुपम कान्ति को प्राप्त हो रही

थीं, एक तो (उर्मिला के) ताम्रवर्ण के केशपाश और दूसरा (सीता के) चरणों का पलाशपेशल नखाग्र भाग ।। ५ ।।

श्लथबाहुलताऽऽनिनाय तां भगिनीमन्यमनस्कतां गता ।
उरसि ज्वलिते विदेहजा नलिनीं यद्वदतीव शीतलाम् ।।

संकेतः—अन्यापि या तापमपाचिकीर्षति सा नलिनीं हृदये दधाति ।। ६ ।।

श्लथबाहुलता और अन्यमनस्क सीता ने अपनी उस भावुक बहिन को तप्त हृदय से नलिनी की भाँति लगा लिया वह अतीव शीतल जो थी ।। ६ ।।

वरटामिव वारिदावली तरला साश्रुजला च सा सती ।
भगिनीं न हि सस्वजे दृढं, क्व विषादे हृदयं प्रवर्त्तते ।।

संकेतः—वरटा हंसी । वारिदावलीपक्षे अश्रुतुल्येन जलेन सहिता साश्रुजला वारिदावल्यपि हंसजातिं मानसं यावत् सहायितया परिगृह्णन्त्यपि विद्युतमिवाश्लेष-बहुमानेन न मानयति ।। ७ ।।

तरला और साश्रुजला वह सती हंसी का मेघमाला के समान अपनी बहिन का दृढ आलिंगन नहीं कर सकी । विषाद के समय चित्त लगता ही कहाँ ।। ७ ।।

कुसुमास्तरणे कृतस्थितिर्भ्रमरी चेत् करकाभिरर्द्यताम् ।
बिभृयादियमत्र दुःक्षणे मृदु साम्यं यदि जानकीचितेः ।।

संकेतः—अत्रास्मिन् । मृदु साम्यं न तु पटु साम्यम् । यदीत्यनेन तत्रापि न नितान्तं निर्भरता । तस्यां गर्भकदर्थनाया अभावात् ।। ८ ।।

पुष्प के बिछौने पर पली भौरी यदि उपलवृष्टि द्वारा पीटी जाए तो कदाचित् वह इस दुष्ट क्षण में सीता की चेतना का थोड़ा सा साम्य धारण कर सकती है ।। ८ ।।

विदुषी तदनूर्मिलापि सा स्वसुराधिं मनसोऽभिलक्ष्य तम् ।
भगिनीं विहितार्चनक्रिया मसृणं मञ्जु च तां व्यजिज्ञपत् ।।

कुछ क्षणों के पश्चात् विदुषी उर्मिला भी दीदी की उस मनोव्यथा को भाँप गई, और उसने स्वागत सम्मान कर उस (दीदी) से मसृण और मञ्जु ढंग से निवेदन किया ।। ९ ।।

अयि दुर्ललिते ! पितुः, प्रभोर्घनसाराञ्जनवर्त्तिके दृशोः ।
किमिति श्रयसे स्वसः श्रियं विधुमूर्त्तिर्नु विभातचन्द्रिकाम् ॥

संकेतः—विभातचन्द्रिका हि परिम्लानायाः श्रिय उपमानम् ॥ १० ॥

अयि पिताजी की दुलारी और महाराजा साहब की आँखों की कर्पूर-शलाका बहिन, तेरी श्री ऐसी क्यों दिखाई दे रही है—चन्द्रकलामें प्रभातकालीन चाँदनी जैसी ॥ १० ॥

तव मामपि वीक्ष्य वत्सले ! प्रणयाच्छोदसरोनिमज्जनात् ।
कथमद्य न पुण्डरीकतां नयनद्वन्द्वमिदं समश्नुते ॥

संकेतः—प्रहर्षाभावस्य पर्यायेणाभिव्यञ्जनात् पर्यायोक्तमत्र ॥ ११ ॥

अयि वत्सले, तेरी ये आँखें प्रणयरूपी उज्जवल सरोवर में डूबकर निकले पुण्डरीक क्यों नहीं बन रही हैं, मुझे भी देखकर ॥ ११ ॥

छविशालिनि किं न शीलति प्रणयाब्धिस्तव वीक्ष्य मामपि ।
तरलत्वमथोत्तरङ्गतासचिवं ह्लादमितः पुरा यथा ॥

संकेतः—विलोकने दर्शने । इतः अस्मात् पूर्वं यथा ॥ १२ ॥

अयि छविशालिनी, मुझे देखकर तेरा यह प्रणयसमुद्र तरलित और तरंगित क्यों नहीं हो रहा है पहले के समान ? ॥ १२ ॥

नयनं भ्रमरद्वयं यथा सितपद्माद्वयगात्रयष्टिके ! ।
तव मामपि वीक्ष्य निर्भरं वद मातर्वद किं न मोदते ॥

संकेतः—सितपद्मस्याद्वयो गात्रयष्ट्यां यस्यास्तत्संबुद्धौ । ज्येष्ठाया भगिन्या मातृपदेनामन्त्रणमौचित्याविरोधि ॥ १३ ॥

अयि सफेद कमल से अभेद रखती गात्रयष्टि वाली, भौरोंके समान तेरे दोनों नेत्र मुझे देखकर भी अतीव प्रसन्न क्यों नहीं हो रहे ॥ १३ ॥

कथमद्य नभोमरालतां दधदप्यम्बुधिदुग्धफेनताम् ।
अविमुञ्चदपि क्षपाकृतो वपुरासादितसोदरं न हि ॥

संकेतः—आसादिता सोदरा पद्मा येन तत् । अत्र सीताया मुखपद्मस्य क्षणाकृद्वपुष्ट्याध्यवसायः ॥ १४ ॥

चन्द्रमा का मण्डल आज आकाशसर का हंस और अम्बुधि के दूध का फेन होकर भी अपनी बहिन (चन्द्रपक्ष में श्री) को नहीं अपना रहा है ॥१४॥

दशनद्वयमेतदद्य ते कुमुदाभं स्मितवत्सलान्मुखात् ।
न निगच्छति, कुन्दकुड्मलं विसपत्नं च कथं विधित्सति ॥

तेरे स्मितवत्सल मुख से कुमुद जैसे ये दोनों दाँत बाहर क्यों नहीं निकल रहे हैं और कुन्दकली को निस्सपत्न क्यों बनाना चाह रहे हैं ॥१५॥

भवतात् तव शोणिमोत्तरे दशनस्योत्तरवाससि स्वसः ।
स्मितिशारद–चन्द्रशीतलैर्विशदैरंशुभिरुच्छ्रिता छटा ॥

संकेतः—शोणिम्ना उत्तरे महिते । दशनस्योत्तरवासि उत्तरोष्ठे ॥१६॥

दीदी, तेरे ललोई भरे उत्तरोष्ठ पर स्मिति की शरत्कालीन चन्द्रकिरणों सी शीतल और उज्ज्वल रश्मियोंसे प्रवृद्ध कोई अपूर्व छटा आज भी दिखाई दे ॥१६॥

शुक एष यथात्र दाडिमं मणिमात्रे विधृतं जिघृक्षतु ।
पृथुकः कलहंससंभवोऽप्ययि कह्लारदलाम्बुविद्रुमम् ॥

संकेतः—एष पार्श्ववर्ती शुकः, अथ च शुक एष इति नासिकाया अध्यवसायः, मणिपात्रेणाधरस्य, दाडिमेन च दन्तद्युते । एवमेव कलहंससंभवपृथुकपदार्थेनापि नासिकाया एवाध्यवसायः कह्लारदलेनाधरस्य, अम्बुविद्रुमेण च दन्तस्मितस्य । तदेवमत्रातिशयोक्तिमाला ॥ १७ ॥

(दीदी मेरी इच्छा है) यह सुग्गा मणि की कटोरी में रखे अनार के दाने उठाने लग जाए और कलहंस का छौना भी लाल कमल की पँखुड़ी पर पड़े मूँगे चुगने लगे ॥१७॥

अपि चामृतसन्निभेन ते वचसा मामशिवेतरं दिशेः ।
भगिनि कृशिमानमागतैर्मसृणस्निग्धकपोलकुञ्चितैः ॥

संकेतः—अशिवेतरं शिवेतरविपरीतम् ॥१८॥

और दीदी, अपने दुबले कपोलों की मसृण और स्निग्ध सिकुड़न के साथ निकली अमृततुल्य बोली से मुझे अपना कुशल मंगल सुनाओ ॥१८॥

अयि दुर्ललितां किमद्य मां पुनरप्यंशुमता स्वचक्षुषा ।
विकचद्युतिनाम्बुजन्मना नलिनी हंसवधूमिवेक्षसे ॥

दादी, मुझे अपनी दुलारी को आज फिर से चमकती आँखों से निहारेगी, खिले कमल से हंसी को नलिनी की भाँति ॥१९॥

न नभो, जननी न वा मही, न दिशश्चापि भवन्ति मत्प्रियाः ।
सकलेन मुखेन्दुना तव स्फटिकांशो प्रविरज्य तिष्ठता ॥

संकेत—जननी माता सीताप्रसूत्वात् ॥२०॥

मुझे न आकाश ही तृणमात्र के लिए भी अच्छा लग रहा है, न माता भूमि और न दिशाएँ ही जब तक तेरा, मुखरूपी पूर्णचन्द्र स्फटिक जैसी किरणों को न बिखेरे ॥२०॥

तदलं बहुना, निबोध मां हृतधैर्यां, भगिनि ! ब्रवीतु सत् ।
प्रणतिप्रवणेषु साधवो न भवन्त्यान्तरबाह्यमुद्रणाः ॥

बस, बहुत हुआ, दीदी मेरा धैर्य टूट चुका है सच सच कह। प्रणाम करने वालों के प्रति साधुजन भीतर या बाहर की कोई गाँठ नहीं रखते ॥२१॥

इति सोर्मिलया विनिद्रया कमलिन्या भ्रमरीव जानकी ।
मुखरत्वमवापिता बलात् प्रणयामोदपरागपुञ्जया ॥

संकेतः—विनिद्रता जागरूकता, पक्षे च विकासः। प्रणयामोदः प्रणयरूप आमोदः प्रणयः आमोद इवेत्युभयथान्वयः ॥२२॥

इस प्रकार उर्मिला ने सीताजी को मुखर बना दिया, जैसे विनिद्र कमलिनी भ्रमरीको मुखर बना दिया करती है। उसमें प्रणय का सुरभित पराग जो था ॥२३॥

अयि साग्रहमानसे ! तव स्पृशतु स्वच्छकपोलमद्य मे ।
किमिव प्रणयाम्बुगर्भितं कदलीपत्रमिवानलः करः ॥

संकेतः—कदलीपदेनात्र सुवर्णकदली ग्राह्या ॥२३॥

अयि हठीली, तेरे प्रणयाम्बुगर्भित स्वच्छ कपोल को मेरा हाथ आज कैसे छुए (प्रणयतुल्य अम्बु से गर्भित) कदली पत्र को अग्नि के समान ॥२३॥

तव साञ्जनमेतयोर्युगं सरलेऽक्ष्णोरसिताब्जमित्रयोः ।
किमिवाम्बुपरीतमिन्दिरे रघुवंशस्य विधातुमुत्सहे ॥

संकेतः—रघुवंशस्य इन्दिरा लक्ष्मीः, तत्संबुद्धौ ॥ २४ ॥

अयि रघुवंश की लक्ष्मी नील कमल के मित्र तेरे साज्जन नेत्रों को आँसुओं से भरने का उत्साह मैं कैसे अपनाऊँ ॥ २४ ॥

सुभगे ! प्रतिपत्तिनिष्ठुरो विधिरेव व्यवसाययत्यमूः ।
क्षणमात्रसखीरनर्गला विपथे पान्थमतीः कुतर्किणीः ॥

संकेतः—प्रतिपत्तिनिष्ठुरो निष्ठुरप्रतिपत्तिक इत्यर्थः। क्षणमात्रसखीः क्षणिकत्ववल्लभाः, अस्थिरा असमाहिता इत्यर्थः। पान्थः लोकयात्रापथिकः॥ २५॥

सुभगे, पथिकजनों की कुतर्कशील क्षणिक और अनर्गल मति को निष्ठुरनिश्चयी विधाता ही वाम पथ में लगाता है॥ २५॥

स्मितमञ्जु परन्तु ते चितिः प्रियचेतोविटपैकवल्लरि।
मधु-मिष्ट-निधीनुपाश्रयेदिति मे प्रार्थयते मनः सदा॥

संकेतः—स्मितमंजु यथा स्यात् तथा। प्रियो लक्ष्मणरूपः, तस्य चेतो विटपरूपः, तत्रोर्मिला वल्लरीरूपा। वल्लरी च यदि मधुनो मकरन्दस्य मिष्टतां न बिभृयात् तर्हि दुर्भगैव सा भवेत्, उर्मिलायाश्चितिश्च। मधु दाम्पत्यसौभाग्यप्रसूत आनन्दः॥ २६॥

किन्तु अयि प्रियहृदयरूपी शाखा पर आश्रित लते, तेरे लिए चाहती हूँ कि तेरी चेतना सदा मधु से मीठी निधियाँ बटोरे॥ २६॥

नवशाद्वलकोमलक्षितौ तव रोमन्थमुखी तवा मृगी।
रुचये भवतादुदञ्चितुं प्रियगात्रं निजशृङ्गघर्षिणी॥

संकेतः—संप्रयोगसौख्यं तव रुचये भवेदिति पर्यायेणात्र पिशुनितम्॥ २७॥

नई दूब से सुकुमार भूमि पर जुगाली करती और सींग से कुरेदकर अपने प्रिय के शरीर को रोमांचित करती मृगी तुझे सदा अच्छी लगती रहे॥ २७॥

कुलिशप्रतिमौ भुजौ भुजो भुजजाते! तव भर्तुरग्निवत्।
विदधान इव स्पृशेत् सदा निजदेशाय च सौभगाय च॥

संकेतः—तव भुजः स्वभर्तुः भुजौ, हे भुजजाते क्षत्रिये, अग्निवत् अग्नितुल्यौ विदधानः सन् स्पृशेदित्यन्वयः। तस्य च फलं स्वदेशरक्षा, स्वसौभाग्यलाभश्च॥ २८॥

अयि क्षत्रिये, तेरी बाँह तेरे पति के वज्रतुल्य भुजदण्डों को आग बनाती हुई सदा छूती रहे, अपने देश और सुहाग के लिए॥ २८॥

तनुतां तनुवल्लरी तवाव्यय-भर्तृद्रुम-बाहुमाश्रिता।
किमपि प्रतिमापरं फलं जगती-मङ्गल-मूल-मात्मजम्॥

संकेतः—आत्मजमेव फलमिति संबन्धः लताया अपि फलमात्मजमेव ॥ २९ ॥

तेरी अंगलता तेरे अच्युत पतिरूपी विशाल वृक्ष की भुजा का आश्रय ले और आत्मज रूपी ऐसा कोई फल दे जो अप्रतिम हो, जो विश्वमंगल का मूल हो ॥ २९ ॥

अहमस्मि न साम्प्रतं स्वसो रविवंशस्य वधूः परात्परा ।
अधुनास्मि वराटचेटिका भुवनस्यास्य पुनर्वनेचरी ॥

बहिन, मैं अब रघुवंश की परात्पर वधू नहीं रह गई हूँ। आज मैं इस संपूर्ण विश्व की वराटचेटिका (एक कौड़ी रोजी पाने वाली दासी) हूँ, फिर से वनेचरी (वानप्रस्थ आश्रम की) बन गई हूँ ॥ ३० ॥

स्वसुरेवमुदीर्यमाणया नववाचाऽभवदूर्मिलोर्मिला ।
उपदेशगिरो वयस्ययोर्न हि ताटस्थ्यमृते भवन्ति यत् ॥

संकेतः—नवत्वमिदंप्रथमतया श्रूयमाणत्वात् ऊर्मिला तरङ्गवती शङ्कातरला ॥ ३० ॥

बड़ी बहिन की इस प्रकार की बात सुन उर्मिला विचलित हो उठी। मित्रों के बीच उपदेश की वाणी विना मित्रता के अभाव के स्थान नहीं पाती ॥ ३१ ॥

अथ तामवदद् विपद्भयात् तरलान्तःकरणा लघुः स्वसा ।
क्रियते मुखरा प्रभञ्जनैर्न पिकी नो यदि शस्यते लता ॥

अब विपत्ति की आशंका से विचलितचित्त उर्मिला सीता से बोली। प्रभञ्जनों से कोकिला मुखरित होती ही है यदि लता का विनाश हो रहा हो ॥ ३२ ॥

कथयस्व निबोधयस्व मामयि मे शैशवसङ्गिनि ! स्वसः ! ।
विपदा नु कया तिरस्कृतं तव चेतःकुसुमं विभाव्यते ॥

मेरी शैशवसंगिनी बहिन, बोल, बतला, मुझे बतला, तेरे चित्त का फूल किस विपदा से झुलस रहा है ॥ ३३ ॥

कतरत् तव पायसोपमे दधिविप्रुट् शिवजीविते स्वसः ।
कुत आपतदाः कुतः पुनर्विधिरास्ते विपरीततां गतः ॥

तेरे दूध जैसे पवित्र और मंगलमय जीवन में कहाँ से कौन सी दही की बूंद आ पड़ी। विधाता फिर से वाम क्यों हो गया ॥ ३४ ॥

अथ यावदियं प्रसादनप्रणतिं तत्पदपद्मयोर्व्यधात् ।
श्रुतकीर्तिरथात्र माण्डवी, द्रुतमाजग्मतुरङ्घ्रिपङ्कजैः ॥

उर्मिला यह सब जानने के लिए जब तक सीता के चरणों पर अपना माथा रखती है तभी तक श्रुतकीर्त्ति और माण्डवी द्रुतगति से पैदल चलकर आ पहुँचती हैं ॥३५॥

प्रिययोर्मुखपुण्डरीकतः श्रुतवृत्तं भगिनीद्वयं तु तत् ।
अकरोत् तदनूर्मिलामपि प्रतिपन्नामतिमूर्च्छितान्तराम् ॥

संकेत:—प्रतिपन्नामगवतार्थाम् ॥३६॥

उन दोनों बहिनों ने अपने अपने प्रिय के मुख से सारी बातें सुन रखीं थीं। उन्होंने उर्मिला को भी अवगत और अतीव व्याकुल चित्त कर दिया ॥३६॥

अथ सा निमिवंशजासमिद् वचसां शोधयति स्म पद्धतिम् ।
विवृतैर्ललिताननाधरैर्मधुरैर्योगमवाप्य तस्थुषीम् ॥

अब निमिवंश की लड़कियों की वह पूरी समिति उनके खुले हुए मधुर और ललित चेहरों जैसे ही अधरों से सम्बन्धित वाग्धारा को पवित्र करने लगीं ॥३७॥

समजेषु निरर्गलेष्वपि श्रयते निर्घृणता न तां प्रथाम् ।
श्रयते मनुजेषु यां, खगाः किमु नो नीडकृतः प्रजाकृते ॥

निरर्गल पशु समाज में भी निर्दयता उस सीमा तक नहीं पहुँचती जिस तक मनुष्य समाज में। क्या पक्षी अपनी भावी सन्तति का ध्यान नहीं रखते और घोंसले नहीं बनाते ? ॥३८॥

अबला प्रथमं ततो वधूः परिणीताथ निषेकपाकभृत् ।
अपि चेन्दुमरीचिनिर्मला विबुधैर्हन्त तथापि साऽस्यते ॥

एक तो अबला, फिर रिश्ते में परिणीता, फिर पक्वगर्भा और चन्द्रकिरणों सी निष्कलंक। उसे भी छोड़ा जा रहा है, वह भी विद्वानों द्वारा ॥३९॥ अस्यते क्षिप्यते

अपि मुद्रयितुं जनाननं स्वसती-त्यागविधिः किमौचिती ।
नियतं विधुमूर्त्तिमप्यसावनृताङ्कां न कदापि पूजयेत् ॥

जनता की जबान चुप करने के लिए भी क्या अपनी सती पत्नी का त्याग कोई औचित्य है ? उसे तो झूठे कलंक से दूषित ठहराई चन्द्रमूर्त्ति को भी नहीं पूजना चाहिए ॥४०॥

यदि लोकमतेन केवलं क्रियतां धर्मविनिर्णयो बुधैः ।
तदधर्म इति श्रवस्तपा श्रुतिरेवास्तु निघण्टनिःसृता ।।

संकेतः—श्रवः श्रोत्रम्, तत् तापयतीति । निघण्टात् कोशात् ।।४१।।

विद्वानों को धर्मका निर्णय यदि लोकमत से ही करना है तो कानों को तपाने वाला 'अधर्म'—शब्द कोष से निकाल ही दिया जाना चाहिए ।।४१।।

ऋतमेकमुपासितुं जने यतमानेऽनृतभाषिणः शतम् ।
उदिते रविमण्डलेऽन्यथा प्रलपन्तो न न कौशिकोपमाः ।।

संकेतः—शतं शतसंख्याकाः । कौशिक उलूकः ।।४२।।

एक सत्य की उपासना में यत्नशील व्यक्ति के समक्ष सौ असत्यभाषी भी विपरीत कहें तो वे उदित सूर्य के सामने उलूकपक्षी ही ठहरते हैं ।।४२।।

अयि मातरुदस्यतां त्वया जनकोपे प्रतिकोप ईदृशः ।
न हि कुक्कुरधिक्कृतौ गजो बुधवन्द्यो भजति प्रतिक्रियाम् ।।

माता, जनकोप पर इस प्रकार का प्रतिकोप छोड़ । विद्वद्वन्द्य गजराज कुत्तों के भूंकने पर प्रतिक्रिया नहीं अपनाता ।।४३।।

तव साहसमीदृशं स्वसो नियतं वन्द्यमथापि नः कृते ।
प्रसवावधि केवलं त्वया क्रम एष व्यपनीयतां यदि ।।

दीदी, तेरा यह साहस निश्चित ही वन्दनीय है, तब भी हम बहिनों के लिए यह निश्चय यदि छोड़ देती कम से कम केवल प्रसव तक के लिए ।। ४४ ।।

क्व ममत्वमयी गुरुः स्वसा क्व वनान्ताः क्व दशा तवेदृशी ।
क्रकचान्नलिनीं सुपुष्पिणीं वद चेद् दारयितुं क्रमः क्षमः ।।

कहाँ तो (मेरी) ममताभरी बड़ी दीदी, कहाँ वनान्त, और कहाँ यह तेरी दशा (गर्भ) । खिले पुष्प से सुशोभित कमलिनी को आरे से टुकड़े टुकड़े करना उचित हो तो कहो ।।४५।। क्षम उचित

कियती ननु रे विडम्बना नियतेर्मानवदेहधारिणाम् ।
शतचक्रतयाऽद्य यावदाः शिरसि प्रोद्भ्रमति प्रमाथिनी ।।

आः, नियति की कितनी बड़ी और कितना अधिक मन्थन कर देने वाली विडम्बना घूम रही है मानवदेहधारी प्राणियों के सिर पर, सौ सौ चक्र सी ।।४६।।

क्रियतां परमत्र किं जनैः कटुसामाजिकरीतिभीषितैः ।
हृदय-द्रविणेऽथ दुर्विधैर्यदि न प्रत्ययभूमिकार्च्यते ॥

समाज की कटु रीतियों से विभीषित, साथ ही हृदय की विभूति से भी दरिद्र व्यक्ति आखिर करे ही क्या, यदि (समाज के द्वारा) विश्वास की भूमिका का आदर नहीं किया जाता ॥४७॥

यदि विश्वसनस्य भूमिकामुपरिष्टाच्च मनुष्यभावनाम्– ।
अधिकृत्य न संप्रवर्त्यते न समाजः स, महद्धि तच्छलम् ॥

यदि विश्वास भूमिका और उसके ऊपर मनुष्य भावना को अपनाकर नहीं चला जाता तो वह समाज समाज नहीं, वह एक महान् छल है ॥४८॥

परमार्थविचारणेऽत्र चेत् सदसन्नीररजोविवेचिनीम् ।
कतकोपमितां मतिं महान् भजतां, मानवता कृतक्रिया ॥

परम अर्थ (सत्य) के विचार में महान् पुरुष यदि सत् और असत् के जल और मल को विभक्त कर देने वाली निर्जलीतुल्य बुद्धि अपना ले तो मानवता कृतकृत्य हो जाय ॥४९॥

श्रुतमस्ति न वंशदारणो भ्रमरः पङ्कजकोषमिच्छति ।
रसपायिभिरात्मनः करैरपकर्त्तुं, पटुरत्र किन्तु ना ॥

हमने सुना है कि बाँस को छेद डालने वाला भौंरा अपने रसपायी हाथों से कमल कोष का कोई अपकार नहीं करता, किन्तु मनुष्य-मनुष्य होते हुए भी ऐसा करने में नितान्त पटु है ॥५०॥

अलमत्र भृशं प्रलप्य, ते चरणावङ्गुलि-निर्गत-द्युती ।
तमसामपनुत्तये चितेः श्रयतां नः परिसेव्यतां स्वसः ॥

इस पर अधिक प्रलाप करने से क्या ? दीदी, उँगलियों से किरन बिखेरते तेरे ये दोनों चरण हमारी चेतना के तम को हटाने हेतु सेवा के लिए हमें सुलभ रहे आएँ ॥५१॥

वयमप्यनिषिद्धनिर्गमा भवतीमत्र विहातुमक्षमाः ।
गृहवद् वनमप्यसौ समं निमिकन्यासमितिः सुखं व्रजेत् ॥

(एतदर्थ) हम सबके भी यहाँ से चले जाने में कोई रुकावट नहीं है । आपको हम नहीं छोड़ सकतीं । निमिवंश की कन्याएँ वन भी साथ-साथ चलें जिस प्रकार यहाँ राजभवन में साथ-साथ आई थीं ॥५२॥

यश एव यदीन्द्रियार्थतः प्रगुणं तत्कृतमत्र वैभवैः ।
ननु भारतभूमिरस्ति नः सकला सूः शरणं च सर्वदा ॥

यदि इन्द्रियार्थ की अपेक्षा यश ही बड़ा है तो फिर वैभवों से क्या ? भारत की पूरी की पूरी भूमि हमारी माता और घर है, सदा सदा के लिए ॥ ५३ ॥ द्र० रघुवंश १४.३५

पुरुषः पुरुषार्थचत्वरे पदवीं ज्ञातुमितोऽभिलष्यति ।
महिला समयं परीक्ष्य तां दिशतीत्येवमुभौ महाव्रतौ ॥

संकेतः—समयः कालः, शास्त्रस्थितिश्च ॥५३॥

पुरुष पुरुषार्थ के चौरस्ते पर बने चबूतरे पर चढ़कर मार्ग जानना चाहता है और नारी समय (मर्यादा, शास्त्र और युग) के अनुसार उसका निर्देश करती है। इस प्रकार व्रत दोनों के महान् है ॥५४॥

द्वयतापरिधेर्विमोक्षणादथवा लोकमतेर्विशोधनात् ।
पुरुषः प्रमदासखः क्षमो जनताध्वान्तमपोहितुं स्वसः ॥

दीदी, स्त्री के साथ पुरुष जनता के अन्धकार को दूर कर सकता है या तो द्वैत की सीमाओं को काट कर, या फिर जनता को ही बदल कर ॥५६॥

प्रमदाप्यथ मानवं श्रिता सदशं दीपमिव प्रभा तमः ।
परिवर्त्तयितुं प्रगल्भते जगतीमानसकल्मषं भृशम् ।

संकेतः—दशा वर्त्तिः ॥५६॥

और स्त्री भी वर्त्तीसे युक्त दीपक पर प्रभा के समान पुरुष पर निर्भर रह जगत् के कालुष्य की अन्धेरी रात को काटने में भलो-भाँति समर्थ हुआ करती है ॥५६॥

पुरुषः स्थितिमीदृशीं यदि प्रतिहन्तुं क्रमते स्वतस्ततः ।
अबला प्रबलात्वमीयुषी किमु न स्याज्जगती-शिवेच्छया ॥

संकेतः—स्थितिः मर्यादा । जगतीशिवम् विश्वकल्याणम् ॥५७॥

किन्तु यदि उक्त मर्यादा पुरुष अपनी ओर से नष्ट करना चाहता हो तो अबला होते हुए भी नारी को प्रबला क्यों नहीं हो जाना चाहिए विश्वकल्याण के लिए ॥५७॥

तदलं विचिकित्सयाऽऽज्ञया परमेताः परिवर्धयस्व नः ।
विपिने निजकुक्षिजन्मभिः सममेता वयमप्यटाम यत् ॥

इसलिए, हिचकिचाहट छोड़ो, और इन हम तीनों को आज्ञा दो कि हम सब भी अपने अपने बालकों के साथ वन में साथ-साथ विचरण करें ॥५८॥

पृषती पृषतीदृशस्तव स्पृशतु स्वङ्घ्रितलं रसज्ञया ।
अपनोदयितुं व्यथां स्वसः शिशवोऽस्याश्चपलैश्च वीक्षितैः ॥

संकेतः—पृषती हरिणी शोभनं च तद् अङ्घ्रितलम् । रसज्ञा जिह्वा ॥५९॥

वहाँ हिरनो हिरनी से नेत्रों वाली तुझ दीदी के पैरों के उत्तम तलवे अपनी जीभ से चाटे और इसके छौने अपने चञ्चल नेत्रों से निहारें, व्यथा दूर करने हेतु ॥५९॥

धवलैः खग-पक्षतेः पुटैः प्रचयैश्चापि दलस्य भूरुहाम् ।
शुकपक्षविमिश्रितं भवेच्छयनीयं तव कोमलं वने ॥

संकेतः—पक्षतिः पक्षमूलम् । एवमेव दलस्येत्यत्रापि । तत्र पक्षपुटैर्धवलत्वम्, शुकपक्षैश्च नीलहरितत्वमिति, शयनीयगतमनेकवर्णोत्तरच्छदत्वमुत्प्रेक्ष्यम् ॥

तेरे लिए वन में भी पक्षियों के धवल पंखों और वृक्षों की कोंपलो से कोमल विस्तर बनता रहे जिस पर सुग्गों की पाँखें भी बिछी रहें ॥६०॥

तव नेत्रजलं मनोव्यथाजनितं मानिनि! पेशलाशया ।
अटवी हरितां शिरःस्थितैर्नवनीहारकणैर्विडम्बयेत् ॥

संकेतः—एतेन प्रकृतेः समदुःखत्वं सूचितम् ॥६१॥

हे मानिनि, अतीव कोमलचित्त वाली अटवी मनोव्यथा से जनित तेरे आँसुओं का अनुहार हरित तृणों की नोकों में गुँथे नवीन नीहारकणों द्वारा करती रहे ॥ ६१ ॥

कलवादिनि! देववाहिनीपुलिनश्वेतमरालसन्ततेः ।
चलितेषु मनागपि स्थिरा तव रम्येषु कनीनिका भवेत् ॥

हे कलवादिनि, तेरी (आँखों की) पुतली थोड़ी देर के लिए गङ्गा की उज्ज्वल बालू में चल रहे श्वेत हंसों के उज्ज्वल छौनों की रम्य चाल पर टिकती रहे ॥६२॥

अपि नाम कुहूनिशा विभामयतां यातु मुखेन्दुना तव ।
न भवन्तु यथोत्पलाकराः शितिपक्षेष्वपि मुद्रिताननाः ॥

और तेरे मुखचन्द्र से अमावस भी पूनम बनती रहे जिससे अंधेरे पाख की रात में भी नीलकमल खिलते रहें मुँदें नहीं) ॥६३॥

तव वत्सलमञ्चलं स्मितैः सितिमानं विकिरद्भिरार्जवात् ।
विकचाम्बुरुहेक्षणाः क्षणं न हरिण्यश्चलयन्तु नाननैः ॥

दीदी, तेरे सफेदी बिखेरते (चन्द्ररूप) स्मितों से विकच नेत्र कमल वाली हिरनियाँ अपने भोलेपन में तेरे वत्सल अंचल को अवश्य ही खीचें ॥६४॥

अपि सोदरभावभाविताटवीशाखिगणाद् फलग्रहैः ।
वयमप्यनुभूतकानना भवितास्मो भवतीपदार्चनात् ॥

संकेतः—फलग्रहैः भवतीपदार्चनादित्यन्वयः ॥६५॥

सगे भाईयों जैसे जंगली वृक्षों से फल ले लेकर और उनसे तेरे चरणों की पूजा कर, हे दीदी, हमें भी वनवासका अनुभव करने का अवसर मिल जाएगा ॥६५॥

विसृजेन्नरमुग्रवेदनं प्रणिधायाश्मचयस्य मानसम् ।
शतशः कलनादमिश्रितं विपिने प्रस्रवणं ततस्ततः ॥

दीदी तेरी इस उग्र वेदना का ध्यान कर पत्थरों के हृदय भी सौ सौ कलनादमिश्रित झरने वहाँ बहा बहा देगें, उस जंगल में ॥६६॥

ऋषिशोणितसंभवाथ सा सबलेन स्वहृदा स्वविप्रियम् ।
विषमात्मजनोदितामृतैः शमितप्रख्यमवोचदुज्झती ॥

संकेतः—स्वाविप्रियमेव विषम् ॥६७॥

इतना सुनकर ऋषियों के रक्त से उत्पन्न वह सीता आत्मीय जनों (बहिनों) की उक्ति रूपी अमृत से शान्त हुए से अपने अनिष्ट को छोड़ती हुई अपने सबल हृदय से पुनः बोली ॥६७॥

परिदेवनाविलमनोभिरेव मे प्रियकाङ्क्षिणोभिरपि यद् विचारितम् ।
यदपि स्थितिं तदपि रक्षयत् स्थितं, गृहमेधितास्तु परमा परन्तु वः ॥

मेरा प्रिय चाहने वाली आप लागों ने व्यथित हृदय से भी जो विचारा वह भी यद्यपि मर्यादा के भीतर ही है, किन्तु मैं चाहती हूँ कि आपलोगों के लिए गृहमेधिता ही होनी चाहिए बड़ी ॥६८॥

प्रियशतमवदन् यदप्यमुष्या व्यसनकृशा न हि जानकी तथापि।
अनुसृतिमनुमोदितुं स्वसॄणामलमभवद्, गुरवो निजार्थबाह्याः ॥

संकेतः—प्रियशतवदनक्रियायां व्यसनकृशपदार्थभूतानां स्वसॄणामपि कर्तृत्वेनान्वयः ॥६९॥

सीता के दुःख से दुःखी बहिनों ने सीता से बहुत सी मीठी बातें कहीं, किन्तु सीता अपने साथ वन चलने के प्रस्ताव पर बहिनों का अनुमोदन नहीं कर सकीं। गुरुजन स्वार्थपरायण नहीं होते ॥६९॥

रघुकुलसुखसंपदां समृद्ध्यै निजभगिनीररुणद् गृहाय सीता।
अपकृतिमभिलष्यति प्रियस्य प्रणयिजनो न हि कृच्छ्रगोपि यस्मात् ॥

प्रेमी जन विपत्ति में पड़कर भी प्रेमी का अपकार नहीं चाहता। इसलिए सीता ने रघुकुल की सुख संपत्ति की वृद्धि के लिए बहिनों से घर में ही रहने का अनुरोध किया।

अथ दिवसविरामाशंसिनि ध्वान्तपुञ्जे
पटहपटुनिनादैः सार्धमुज्जृम्भमाणे।
भुवनविवरतुल्यं राजपुंसां मनांसि
विशति च भुजगांशः स्यन्दनं संयुयोज ॥

संकेतः—राजपुरुषमनोवेशक्रियाकर्तृतया विवक्षितं ध्वान्तं शोकरूपम्। भुजगांशः लक्ष्मणः ॥७१॥

अब जब दिन के विराम का सूचक अन्धकार नगाड़ों के तीक्ष्ण स्वरों के साथ (दिशाओं में) फैलने लगा और भुवन विवर के ही समान राजपुरुषों के हृदयों में भी प्रवेश करने लगा तब भुजंग के अंश (शेषनाग के अवतार लक्ष्मण) ने रथ जोत लिया ॥७१॥

अथ श्रियमिवोल्वणा विपदपामिव स्वच्छता-
मकालपवनः, कुहूर्विधुकलामिवानाविलाम्।
विदेहतनयां महामुनितपःप्रसूतां शुभां
विशुद्धिमिव मानसीं तिरयदाः कठोरं जगत्।

इसके पश्चात् जैसे उत्कट विपत्ति श्री को, जैसे कालपवन जलों को स्वच्छता को, और अमावस्या चन्द्रकला को तिरोहित कर देती है वैसे ही महामुनियों के तप से प्रसूत, निष्कलंक और शुभ विदेहपुत्री को कठोर विश्व ने अपने मन की विशुद्धि के ही समान, तिरोहित कर दिया ।।७२।।

इति सनातनोपाह्व-श्रीमद्-रेवाप्रसादद्विवेदिकृतौ "सीताचरित"-नाम्नि सर्गबन्धे साकेतपरित्यागो नाम चतुर्थः सर्गः ।। ४ ।।

❀

पञ्चमः सर्गः

सौमित्री रघुकुलकेतुपट्टिकां तामुत्सृज्य स्थितमिव दण्डमात्रमेकम् ।
रामाख्यं शुभमवदातमार्यधर्ममर्यादापरिघमियाय काननान्तात् ॥

लक्ष्मण वन से राम के पास लौटे। राम यानी रघुकुल रूपी ध्वज का केवल दण्ड जो सीता रूपी पताका को छोड़ चुका है। राम यानी आर्यधर्म की मर्यादा का तन्नामक परिघ (घेरा या अर्गला) जो शुभ और उज्ज्वल है।

अत्रैषा हिमकणसन्तते द्युनद्या सत्पात्रे पदजलजातमर्पयन्ती ।
प्रत्यूषे चलनयनं मृगीभिरह्नो वैभाती द्युतिरिव जानकी लुलोके ॥

संकेतः—द्युनद्या गङ्गायाः। शोभनं च तत् पात्रं तटान्तर्भूः सत्पात्रम् ॥२॥

सीता, इधर, गंगा जी की बालू में दिखाई दी। किन्तु किन्हें ? चञ्चल चितवन वाली हिरनियों को। और कब ? प्रत्यूष की वेला में ठीक वैसी ही जैसी प्रभातश्री, गंगा की अतीव उज्ज्वल और हिमकण से आच्छन्न बालू में अपने चरणकमल अर्पित करती। [प्रभातश्री-पक्ष में सीता जी के चरण जैसे कमल] ॥२॥

सात्यच्छं जलमिव सिन्धवे द्युसिन्धू रामाय प्रणयपरीतमेव सीता ।
स्वं भावं विकचमिवाब्जमाश्रयन्ती वैभाती रुचिरिव भास्कराय रेजे ॥

संकेतः—भावोऽन्तःकरणम्। प्रकृतोभयनिष्ठोपमा ॥३॥

अभी भी सीता का हृदय समुद्र के लिए (वहीं उपस्थित) गंगाजी के जल के समान राजा राम के लिए अतीव स्वच्छ ही था। उस प्रकार का हृदय ली हुई वे प्रभातश्री जैसी ही लग रही थीं जो भगवान् भास्कर के लिए विकच अरविन्द लिए हुए थी (अर्थात् उस समय सीता राम के लिए स्वच्छ हृदय, गंगा समुद्र के लिए स्वच्छ जल और उषा सूर्य के लिए खिला कमल लिए हुए थीं।) ॥३॥

वैदेही त्रिभुवनरक्षकस्य भर्तुर्निष्ठ्यूतं ज्वलदिव बिभ्रती महौजः ।
ऊषा च स्थगितदिवाकरा स्वगर्भे भ्रेजाते युगपदिलातलं स्पृशन्त्यौ ॥

उषा और सीता का साम्य एक बात में और था। सीता अपने त्रिभुवनरक्षक पति का धधकता सा तेज धारण किए थीं और ऊषा भी अपने गर्भ में सूर्य को छिपाए थी। प्रभात की उस वेला में वे दोनों ही भूमितल का स्पर्श कर रहीं थीं (सीता चल रही थीं, ऊषा उतर रही थी) ॥४॥

माञ्जिष्ठीकृतमनुरागमात्मभर्त्रे प्रत्यूषेऽरुणरुचिभिर्विभासयन्ती ।
जाह्नव्याः सितसिकते तटेऽत्र सीता चक्रस्त्रीसमसुखशीलतामवापत् ।।

संकेतः—चक्रस्य चक्रवाकस्य स्त्री चक्रवाकी ।।५।।

जाह्नवो के श्वेत सिकता वाले तट पर सीता चक्रवाकी से सममुख हो रहीं थी—दोनों ही अपने प्रिय के लिए निहित हृदय के माञ्जिष्ठ राग को अरुण की किरणों से और उद्भासित कर रही थीं ।।५।।

मुग्धाक्षी, क्व नु खलु यानि काननेस्मिन् किं तावच्छरणमवाप्स्यते हतायै ।
इत्येषा रघुकुलभास्करस्य पत्नी ध्यायन्ती सुरसरितं पदैः पुपाव ।।

संकेतः—सुरसरितं पदैः पुपाव चलितुं प्रचक्रम इति यावत् ।।६।।

रघुकुल के सूर्य भगवान् राम की पत्नी मुग्धाक्षी सीता यह सोचती हुई अपने चरणों से गङ्गा को पवित्र कर रही थीं कि इस वन में मैं कहाँ जाऊँ और मुझ अभागिनी को रहने के लिए कौन सा स्थान मिलेगा ।। ६ ।।

नृणामाः प्रविकचचेतनाशिखानामुत्सङ्गः प्रकृतिविनिर्मितोपि लौल्यात् ।
सङ्कीर्णः समजनि पक्षिसन्ततीनां मुक्तानामिव बत पञ्जरप्रदेशः ।।

आः ! चेतना की प्रविकच शिखा वाले मनुष्यों के लिए प्रकृति द्वारा उपहृत अपना विशाल उत्संग भी लौल्य के कारण उसी प्रकार छोटा पड़ गया जिस प्रकार उन्मुक्त पक्षियों के लिए पिंजरा ।। ७ ।।

तेनासौ कतिपयभित्तिभिर्निबद्धे गेहाख्ये वियति निवासमेव वासम् ।
मन्वानः श्रयति नु दासताममुष्य व्याकीर्णं भुवनमिदं करोति न स्वम् ।।

संकेतः—आदिमानवस्य कदाचिदियमेव भावना स्यात् ।। ८ ।।

इस कारण मनुष्य कुछ भित्तियों के बने घर नामक आकाश को ही अपना निवास मानता और एक प्रकार से उसी का गुलाम बन गया है । वह इस व्याकीर्ण भुवन को अपना नहीं मानता ।। ८ ।।

सन्त्येते जनपदसोदरेषु वन्या दन्धन्या उटजतलेषु ये महान्तम् ।
सन्तोषं प्रतिपदमाप्नुवन्ति, दिव्यैः संस्कारैः श्रमजनिते स्वतां श्रयन्ति ।।

संकेतः—धान्यार्थकाद् धनधातोर्यङि निष्पन्ने दन्धने "धनगणं लब्धे" (४।४।८४)—तिपाणिनीयेन शासनेनापि यति सति दन्धन्यपदं साधु ।। ९ ।।

जनपद (गाँवों) जैसे उटजों के नीचे बसे वे वन्य अतीव धन्य हैं जो वहीं

महान् संतोष का अनुभव करते हैं और दिव्य संस्कारों के कारण अपने श्रम से उत्पन्न वस्तु को ही अपना मानते हैं ॥ ९ ॥

धिक् कोयं निजरुचिनामको जनानां विश्वस्मिन् मनसिशयोस्ति भेदहेतुः ।
येनेदं जगदखिलं समुद्रशैल-नद्याद्यैः शकलितमेकतां न याति ॥

धिक्कार ! विश्व भर में व्यक्ति-व्यक्ति के बीच फूट डालने वाला यह कौन है 'अपनी रुचि' नामक तत्त्व । धिक्कार ! समुद्र, पर्वत, नदी आदि (जड़ सीमाओं) से (भी) यह संपूर्ण विश्व खण्डित कर दिया गया और वह भी खण्डित ही रहा आ रहा है, एक नहीं हो पा रहा ॥ १० ॥

एते ये भुवनतले चितेर्विकासा दृश्यन्ते निपुणतरं विभिद्यमानाः ।
सर्वैस्तैः सहचरसोदरैः समेता भ्राम्यामः, किमिति वियोगमाप्नवाम ॥

भुवनतल पर (पशु पक्षी आदि के) अनेक भेदों में विभक्त जो चेतना के विकास दिखाई दे रहे हैं ये सब हमारे साथी और सगे हैं। इनके साथ हम कहाँ नहीं रहते । क्यों करें वियोग का अनुभव हम कहीं भी ॥ ११ ॥

तातो मे जनक उदाहृतो जगत्या माता मे नृभुवनसूरियं धरित्री ।
भर्त्ता मे युगपुरुषोऽन्तरात्मभूतः, किं तद् यद् भवतु ममापि कापि सीमा ॥

मेरे पिता संसार के पिता माने जाते हैं 'जनक' नाम से, मेरी माता भी है वह भूमि जिसने संपूर्ण मनुष्य-लोक को जन्म दिया है । मेरा पति है युगपुरुष, सबकी अन्तरात्मा । तब मेरी भी कोई सीमा क्यों होनी चाहिए ॥ १२ ॥

व्यूहोऽयं परिमितिगोचरोऽपि सर्वो निस्सीमं ध्रुवमभिकाङ्क्षति प्रवेष्टुम् ।
वाहिन्या जलमिव सागरं, न लोके सङ्कोचं विबुधजनाः समाश्रयन्ते ॥

यह जो सीमाओं में आबद्ध व्यूह है, यह सब का सब किसी निस्सीम और इसीलिए ध्रुव तत्त्व में प्रवेश करने हेतु उद्यत है, वैसे ही जैसे नदी का जल सागर में । इस कारण विद्वज्जन संकोच को नहीं अपनाते ॥ १३ ॥

मानुष्यं वपुरधिगम्य यस्तु तत्त्वं निर्देष्टुं प्रभवति नापि वीक्षितुं स्वम् ।
मात्राभिर्विघटितचक्षुषस्तु तस्य सर्वत्र प्रसरति नाप्रतो न रात्रिः ॥

संकेतः—मात्राभिः शब्दादिभिर्विषयैः ॥ १४ ॥

मनुष्यशरीर पाकर भी जो 'स्व'-तत्त्व का निर्देश और उसका स्वयं दर्शन नहीं कर पाता, मात्राओं (शब्द स्पर्श, रूप, रस और गन्ध) से विघटित दृष्टि

वाले उस व्यक्ति के समक्ष सर्वत्र निश्चित ही केवल रात्रि फैली रहा करती है ॥ १४ ॥

इत्येवं परिणतदोहदालसा सा संन्यस्ता विपिनचरीव संभ्रमन्ती ।
आत्मानं कथमपि भावभूमिकाभी रक्षन्ती परिसरभूमिमाजगाम ॥

इस प्रकार, परिपक्व गर्भ से असलाई वह संन्यस्त सीता वन में वनेचरी सी घूमती और अपनी भावभूमिकाओं से स्वयं को बचाती हुई तटभूमि पहुँची ॥ १५ ॥

तत्रैषा गहनलतास्वभावकीर्णपुष्पौघक्षपितकठोरतं निकुञ्जम् ।
आवासं मनसि चकार पक्षिगीतैः स्फीताक्षैर्मृगशिशुभिश्च हृष्टभावा ॥

वहाँ पक्षियों के गीत और स्फीतनेत्र मृगशिशुओं से प्रसन्नचित्त उस सीता ने किसी निकुञ्ज को अपना आवास बनाना चाहा गहन लताओं द्वारा अपने आप बरसाए पुष्पों से जिसकी कठोरता दूर कर दी गई थी ॥ १६ ॥

तत्रास्याः शुचिमुखचन्द्रदिव्यकान्तिलुप्तान्धं किसलयपुञ्जमुत्प्रवालम् ।
सौभाग्यादवहत सप्रसूनपातं वैतानीं शबलितभद्रपीठशोभाम् ॥

संकेत:—भद्रपीठं राजसिंहासनम् । तस्योपरि यद् वितानम् तस्य शोभामानेकवर्णत्वात् तल्लक्ष्मीम्, अवहत धारयामास । अव्यक्तरागं विकसितं पत्रं किसलयम्, तथाविधमेवोद्भिद्यमानमंकुरात्मकं तत् प्रवालमिति भेदः ॥ १७ ॥

उस कुञ्ज का किसलयपुञ्ज अपनी मनोहरता के कारण सीता जी के लिए अनेक रंगों से सुशोभित राजकीय भद्रपीठ साबित हुआ। उसकी अँधियारी सीताजी के मुखचन्द्र की दिव्यकान्ति से लुप्त हो चुकी थी, उसमें नए पत्रांकुर भी मिले हुए थे और उससे पुष्पवृष्टि भी हो रही थी ॥ १७ ॥

यत् तस्या व्रततिवनाधिदेवताभिर्दौर्हृद्यं सकुसुमपातमालुलोके ।
तज्जातं च्युतमकरन्दरेणु पूर्वं भावार्घ्यं, तदनु च पुष्पतल्पमस्यै ॥

वहाँ लताकुञ्ज की अधिदेवियों ने पुष्प बरसा बरसा कर जो सीता के सौहृद (गर्भ) को देखा उसने पहले तो मकरन्द और रेणु से भरे भावपूर्ण अर्घ्य का कार्य किया, फिर वही सीता के लिए पुष्पशय्या भी बन गया ॥ १८ ॥

तां तस्मिन् मधुरसरूषितो लतानां तन्वीनां प्रशिथिलवृन्ततः पतन्तम् ।
व्याकीर्य प्रसवमसेवत द्रुमाणां मार्गे वै शिशुरिव तद्वनान्तवायुः ॥

वहाँ सीता की सेवा वनान्तवायु ने की। मधुरस से मिश्रित वह (वनान्तवायु) तन्वी लताओं के प्रशिथिल वृन्त से गिरते पुष्पों को बिखेर रहा था ॥ १९ ॥

वल्लर्यो मरुति चले मिलद्भिरस्यै पत्राद्यैः करपुटमञ्जलिं बबन्धुः ।
कासाञ्चित् प्रकृतिरपि स्वतः सपर्यां व्यक्तीनां जगति चिकीर्षति प्रभावैः ।

संकेतः—करपुटमेवाञ्जलिं बबन्धुरित्यन्वयः ॥२०॥

लताओं ने हवा के झोकों से परस्पर में मिलते पत्र आदि की अञ्जलि बाँधी और सीताजी को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। संसार में कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जिनकी सेवा उनके प्रभाव के कारण प्रकृति भी स्वतः करती है ॥२०॥

नैसर्गो नियम इति प्रकृष्टभावाप्येषाऽऽस प्रणयशमी हि तत्र भर्त्रे।
येनास्याः सकृदपि सप्रकाशमायं शोकाग्नेर्विकणिकयाप्यदूयतान्तः ॥

संकेतः—सीतायाः शमीत्वन प्रणयस्य तद्गर्भस्थिताग्नित्वमाक्षिप्तम् ॥२१॥

नैसर्गिक नियम ही है ऐसा कि उन्नतचित्त होने पर भी सीता अपने पति (श्रीराम) के लिए प्रणय की शमी बनी हुई थी। जिससे इसका प्रकाशमय हृदय भी शोकग्नि की एक छोटी-सी चिनगारी से दग रहा था ॥२१॥

ज्ञानाख्ये मणिमयधाम्नि चित्तभूमौ
सस्नेहो मृदुतमभावनादशावान् ।
शोकाख्यां ज्वलनशिखामवाप्य दीप्रो
दीपो यः स हि जगतीह दुर्निवारः ॥

संकेतः—चित्तभूमिः भूमिकारूपा, तत्र ज्ञानं मणिमयसौधरूपम्, तत्र स्नेहमेव तैलादिरूपं स्नेहम्, म्रदिष्ठभावनामेव दशां वर्त्तिकाम्, शोकरूपां च ज्वलनशिखामवाप्य यो दीपो दीप्यते स कुतो नु निवार्यतेति हृदयम् ॥२२॥

चित्तभूमि के ऊपर ज्ञान का जो एक मणिमय सौध है उसमें स्नेह (प्रेम तथा तैल आदि) से प्रपूर्ण एवं कोमल भावनाओं की दशा (स्थितियों तथा बत्ती) से युक्त और शोक की अग्निशिखा पाकर प्रज्वलित जो एक दीपक हुआ करता है उसे इस संसार में बुताया नहीं जा सकता ॥२२॥

वैदेही कुवलयसोदरेऽक्षियुग्मे शोकाम्भस्तुहिनकणं यथा श्रयन्ती ।
पार्श्वीयाश्चलदलवल्लरीः प्रसूनं वर्षन्तीरनुशयतापतश्चकार ॥

सीता की नीलकमल सी आँखों में ओस की बूँद-सी शोकाश्रु की बूँदें झिलमिला रही थीं। उन्हें देख आस-पास की लताएँ शोकमग्न हो रही थीं। उनके पत्ते काँप रहे थे और पुष्प गिर रहे थे ॥२३॥

या पूर्वं शशिविशदां तनुं श्रयन्ती पीयूषद्रवमिव चक्षुषोरसिञ्चत् ।
तच्छोकोऽञ्चलचलनोहितस्तदानीं सर्वेषां नयनजलैर्बभूव सिक्तः ॥

संकेतः—अञ्चलपदेन स्तनौ विवक्षितौ, "आँचरे"–ति भाषायां तथा प्राचारात् । ऊहितस्तर्कितः । शोकस्य स्वशब्दवाच्यतात्र न दोषः, तस्यात्र स्थायितयाऽविवक्षणात् । यस्य चात्र तथा विवक्षा स हि प्रकृतिगतः कारुण्यात्मा भावः । न चासौ वाच्यः । अत एव भरतेन रससूत्रे स्थायी नोल्लिख्यते ॥ २४॥

चन्द्रमा जैसी तनुयष्टि वाली जो सीता इसके पहले आँखों में पीयूषद्रव सा बिखेर रही थीं स्तनों के कम्पन से अनुमित उसी का यह शोक प्रत्येक प्राणी के नयनजलों से सींचा जा रहा था ॥२४॥

वामोऽस्या विधिरपि मार्गितुं प्रवृत्तश्छिद्राणि, प्रसवनिकारमुत्प्रसूय ।
तत्कालं स्वनजनितव्यथां मरालीमुत्पाद्याशनिमिव वारिदोऽभ्यवर्षत् ॥

संकेतः—प्रसवनिकारमुत्प्रसूयाभ्यवर्षदिति मुख्योर्थः ॥२५॥

विधाता भी तो वाम था। वह छिद्रान्वेषण कर रहा था। उसने इसी समय सीता में प्रसववेदना को भी जगाया और सीता पर वह उसी समय गड़गड़ाहट से व्यथित हँसी पर बिजली चमकाकर बादल की भाँति बरस पड़ा ॥२५॥

कालेऽस्मिञ्छ्रुतिसुखकूजितेष्वसक्तान्
विच्छायद्रुमतलराविणो विहङ्गान् ।
सम्पश्यन्नचटुलशावका मृगीश्च
वाल्मीकिः कविरतिविक्लवो बभूव ॥

संकेतः—द्रुमाणां विच्छायत्वमपि प्रकृतिसमदुःखताप्रयुक्तमुन्नेयम् ॥२६॥

इन क्षणों में वृक्ष वनस्पति निष्कान्ति हो जाते हैं। उनके नीचे कानों में अमृत उडेलता चहचहाना बन्द कर पक्षी क्रन्दन करते दिखाई देते हैं। यहाँ तक कि हिरनियों के नन्हें नन्हें छोने भी अपनी चंचलता छोड़ स्तब्ध हो जाते है। यह सब देख वाल्मीकि जी भी अत्यन्त व्याकुल हो उठते हैं, वे कवि जो हैं ॥२६॥

मानुष्ये वपुषि महात्मतां दुहानस्तत्कालं समुदयमाप कोऽपि रश्मिः ।
हृद्देशे सलिलनिधाविवोर्मिरार्षे सत्त्वानामपकृतिसंशयं विवृण्वन् ॥

संकेतः—"भङ्गस्तरङ्ग ऊर्मिर्वा स्त्रियामि"—त्यमरः ॥२७॥

उसी क्षण उनके आर्ष हृदय में एक प्रकाशकिरण प्रकट होती है, समुद्र में

तरंग की भाँति, और उसमें चित्रित दिखाई देता है प्राणियों के अपकार का भय। यही है वह किरण जो मनुष्य शरीर में महात्मता को जन्म दिया करती है ॥२७॥

भावानामनयनगोचरं रहस्यं सम्पश्यन्नुटजमुखेऽर्धदत्तपादः ।
वाल्मीकिः सवनविधिं समर्प्य शिष्ये जाह्नव्यास्तटभुवमाप्तुमुच्चचाल ॥

अपने उटज के द्वार पर आधी डग भरे हुए वाल्मीकि वस्तुओं के बीच किसी अदृश्य रहस्य को देख रहे थे। सवनविधि अपने शिष्य को सौंप वे गंगातट की ओर तेजी से चल पड़े ॥२८॥

साम्राज्यं समजसमाजगं सवित्री मानुष्यं सहृदयसंज्ञिका प्रवृत्तिः ।
सङ्केतैस्तरुमृगपक्षिभिः प्रदत्तैः साहस्रीमलभत मूर्तिमादिसूरौ ॥

उस समय वृक्षों, मृगों और पक्षियों द्वारा दिए संकेतों से आदि कवि की सहृदयता हजारगुनी बढ़ जाती है। यही सहृदयता तो वह रहस्य है जो समज (तिर्यग्योनियों के समूह) और समाज (मानव समूह) दोनों पर मानव साम्राज्य स्थापित रखता है ॥२९॥

सत्यं भो, नियतिरितीरिता श्रुतज्ञैः काप्येका भ्रमयति देहिनो विपत्सु ।
यच्चक्रं विगलितपल्लवासु दोषास्पृष्टासु व्रततिषु लक्ष्यते प्रकाशम् ॥

सचमुच, वेदविद् विद्वानों ने जिसे नियति कहा है वह सभी प्राणियों को विपत्तियों में घुमाती रहती है। निर्दोष लताओं के गलते पत्तों में उसी का न चक्र दिखाई देता है ? ॥३०॥

बोधाख्यज्वलनशिखेव कापि सूरिर्वेवेक्ति स्वपरमनोगतान् स भावान् ।
तद्दृष्टावजडजडात्मकः स्वभेदः कार्पण्यात् प्रकृतिकृतान्न सिद्धिमेति ॥

संकेतः—किं तावत् सूरित्वमिति प्रश्न उच्यते "कापि बोधाख्यज्वलनशिखेव सूरि"—रिति। स सूरिः सर्वमनोगतान् भावान् वेवेक्ति भृशं विविनक्ति पृथक्तया वेत्तीत्यर्थः, विचिर् पृथग्भावे, ततो यङि लटि रूपम्। प्रकृतिकृतात् कार्पण्यात् योऽयं जडचेतनात्मा भेदः स सूरिदृशि न सिद्ध्यतीत्येका योजना, जडचेतनात्मा भेदः प्रकृतिकृतात् कार्पण्यात् सिद्धिं नैतीति द्वितीया। तत्र सूरिपक्षे कार्पण्यं भावकतातिशयः ॥३१॥

सूरि (कवि और विद्वान् व्यक्ति) ज्ञानाग्नि की शिखा हुआ करता है। वह स्वगत और परगत दोनों प्रकार के भावों का विवेचन करता है। उसकी दृष्टि प्रकृतिकृपण (निरतिशय भावक) रहती है और वह जड़ और चेतन का भेद नहीं करता ॥३१॥

वल्मीकं क्रिमिजनितं स्वसिद्धिहेतुमाचार्यं स तु मनुते न भूतिमात्रम् ।
विश्वस्मिन् कविरिति संज्ञितः परां तां वाग्रूपां हृदयनदीं य उज्जिगीर्षुः ॥

कवि नामक जो व्यक्ति इस विश्व में वाग्रूपा उस परा हृदयनदी (कविता) को प्रकट करना चाहता है वह तो क्रिमिओं द्वारा उत्पादित बल्मीक को भी अपनी सिद्धि में आचार्य मानता है [अतः आदि कवि वाल्मीकि कहलाता है] केवल वैभव को ही नहीं ॥ ३२ ॥

आर्योऽसौ हृतहृदयस्ततस्तदानीं वैक्लव्यात् स्खलितपदो यथाकथंचित् ।
आरण्यान् द्रुमतृणवल्लरीसमूहान् संपृच्छन्नचलदनामयप्रवृत्तिम् ॥

इसलिए आर्य हृदय वाले ये (वाल्मीकिजी) भी उस समय व्याकुलता से लड़खड़ाते हुए जिस किसी प्रकार चले, उस बन के वृक्ष, तृण और लताओं से कुशल प्रश्न करते हुए ॥ ३३ ॥

तेऽप्यस्मै स्वपरविभेदवर्जिताय शाखाभिः कलरवमञ्जुभिश्चलाभिः ।
मर्यादां प्रकृतिकृतां प्रमाणयन्तः स्वोद्गारान् मुनिवदुदीरयाम्बभूवुः ॥

संकेतः—मुनयोऽपि मौनेनापि स्वोद्गारमुदीरयितुं क्रमन्ते, तरवोऽपि ।

वे (वृक्ष आदि) भी स्व और पर के भेद से दूर इस महर्षि के समक्ष कलरव से मंजुल और चञ्चल शाखाओं से अपने उद्गार प्रकटकर रहे थे, किन्तु मुनियों के समान (मौन भाषा में) प्राकृतिक मर्यादा का निर्वाह करते हुए ही ॥ ३४ ॥

मुनिस्ततः स्वच्छजलाञ् जलाशयान् हृदः स्वकीयस्य सहोदरोपमान् ।
विभूतिमाद्यां प्रकृतेर्विलोकयन्नुपागमत् तां सरितं जगच्छुभाम् ॥

संकेतः—प्रकृतेराद्या विभूतिर्जलमेव, "अप एव ससर्जादावि"—ति ॥३५॥

मुनि वाल्मीकि स्वच्छजल वाले अतएव अपने हृदय के सगे भाई जैसे और प्रकृति की प्रथम विभूति जलाशयों को देखते हुए उस विश्वमंगल नदी (गंगा) के पास जा पहुँचे ॥ ३५ ॥

शतैः सहस्रैश्च युगैस्तपस्विनो भगीरथस्यार्यमतेर्जगत्त्रये ।
जगच्छिवां कर्मठतां वितन्वतीं शरीरिणां दैवतभावभूमिकाम् ॥

वह नदी आर्यमति भगीरथ की उस कर्मठता को सैकड़ों और हजारों वर्षों से तीनों लोगों में प्रकट करती आ रही थी जो विश्व भर के लिए कल्याणकारी थी और जो शरीरधारी प्राणियों के लिए देवभाव की भूमिका थी ॥ ३६ ॥

निजाक्षिबिम्बैर्यमुनामलाम्भसा विमिश्रतोयामिव संविधित्सुभिः ।
पिपासितैरेणवयैरुपासितां सुवं यथार्त्तैः पृथुकैरितस्ततः ॥

माता के पास भूखे बच्चों के समान प्यासे हिरन उसमें यहाँ वहाँ बिखरे दिखाई दे रहे थे और वे अपनी आँखों की परछाँई से उसे मानों यमुनाजल से मिश्रित बनाना चाह रहे थे ॥ ३७ ॥

स हंसकारण्डवकेलिनिर्भरां प्रसन्नतोयां सितशर्करां च ताम् ।
उपान्तवानीरनिकुञ्जनिर्गतैरुपास्यमानां पतगैरवैक्षत ॥

मुनि वाल्मीकि ने देखा कि उस (पुण्यतोया गंगा) में हंस और कारण्डव (बतख) भरे पड़े हैं, उसका जल स्वच्छ है और उसकी बालू सफेद। उसमें पास के वेतसकुञ्जों से निकल कर आए अन्य पक्षी भी छाए हुए थे ॥ ३८ ॥

अवासयष्टिः पुलिने परिभ्रमञ्छिखिव्रजो बन्धुरगात्रयष्टिभिः ।
अनाययद् यां परभागसौभगं स्थलीं वदातामिव रङ्गवल्लिभिः ॥

संकेतः—"परभागो गुणोत्कर्षः" इति वचनात् वर्णान्तरव्यतिकराज्जायमानं वर्णान्तरं परभागः। स च रङ्गवल्ल्युपमया गतार्थः ॥ ३९ ॥

वासयष्टियों से रहित मयूर उसकी बालू में यहाँ वहाँ घूम रहे थे। वे अपनी ऊँचीनीची और सुहावनी गात्रयष्टि से उसकी उजली भूमि पर अनेक वर्णों की राँगोली सी बना रहे थे ॥ ३९ ॥ गंगा वर्णन के लिए द्र० स्वातन्त्र्यसंभवम् २.९-२३.

प्रसन्नतोयां सरितं विलोक्य तां स शान्तचेताः स्थिरतामुपागतः ।
भवन्ति तीर्थानि शुभाशुभं प्रति प्रसादसौम्या मुकुरा महात्मनाम् ॥

मुनि ने देखा कि वह नदी प्रसन्नतोया है तो उनका चित्त शान्त हुआ और वे कुछ स्थिर हुए। बात यह है कि तीर्थस्थान महात्मा जनों के लिए उज्ज्वल दर्पण हुआ करते हैं शुभ या अशुभ को प्रतिबिम्बित कर देने वाले ॥ ४० ॥

वनान्तवायुः पटुमर्मरैः स्वरैः प्रपूर्य वेणून् सुषिरेषु तत्क्षणे ।
प्रवाद्य तालांश्च चकार गीतिमन्मुनेः पदं काव्यरसैः स्वयं वृतम् ॥

उस समय वनान्त-पवन सच्छिद्र बाँसों को पटु मर्म स्वरों से भर-भर कर तथा तालवृक्षों की ताल बजा बजा कर मुनि वाल्मीकि के गीतिमय आश्रम का काव्यरसों के द्वारा स्वयंवर करा रहा था ॥४१॥

वनस्थली - दैवत - गीतिरीतिभिर्यथोच्चवृक्ष - च्युत - पुष्पराशिभिः ।
दिशां चयं भूमितलं च सर्वतः कविः स साक्षादकरोत् प्रपूरितम् ॥

कवि ने देखा कि उस समय वनस्थली की (वन—) देवियों की रीतिबद्ध गीतियों और ऊँचे ऊँचे वृक्षों से गिरी पुष्पराशियों से दिशाएँ तथा भूतल भरते चले जा रहे थे ॥ ४२ ॥

व्यचारयत् सोऽथ नवं पुरातनं पुरातनं किं च नवं विभाव्यते ।
अवश्यमेवात्र परोक्षविग्रहा प्रवर्त्तते क्रान्तिरुपात्तसंक्रमा ॥

तब उसने सोचा कि 'नूतन वस्तु पुरातन रूप में दिखाई दे रही है तथा पुरातन वस्तु नूतन रूपों में, निश्चित ही वहाँ कोई क्रान्ति करवट ले रही है प्रच्छन्न रूप में' ॥ ४३ ॥

किमित्ययं प्राकृतिकः क्रमो झटित्यपास्य वेषं प्रथमं शुचाञ्चितम् ।
नवं ममैवात्र पुरः प्रपश्यतो बिभर्त्ति हर्षान्नटनो यथा, वने ॥

इस वन में प्रकृति का यह कैसा क्रम ? यह एक क्षण पहले दिखाई दे रहा था शोकाञ्चित। अब उस रूप को छोड़कर, मेरे देखते देखते नट के समान खुशी का नया रूप धारण करता चला जा रहा है। आखिर क्यों ॥ ४४ ॥

इदं विचारादपि वर्त्तते परं पटैः क एतास्तरुवल्लरीः स्थलीः ।
पिशङ्गपीतैर्नवनीलमेदुरैरचित्रयत् कस्य कृते महात्मनः ॥

यह विचारातीत है कि इस तरुवल्लरियों और स्थलियों को, पिशंग, पीत, और नवीन मेघ जैसे नीले रंगों से किसने चित्रित कर दिया है और किस महात्मा के लिए ॥४५॥

इतः प्रभालेपिषु केसरद्रुमेष्वहो वदातद्युतिपुष्पमौक्तिकैः ।
स्थले स्थले यामुनगाङ्गसंगमप्रभङ्गिमा किं नु निशाम्यते वने ॥

संकेतः—केसरा बकुला मौलिश्रीबृक्षाः। यामुनं गाङ्गं चेति तज्जलपरम्। ततो न तद्धितपौनरुक्त्वम् ॥४६॥

बन में जो ये कान्ति बिखेरते मोलसिरी के वृक्ष है इनमें सफेद कान्ति के पुष्परूपी मौक्तिकों द्वारा जहाँ तहाँ गंगायमुना के जल के संगम की छबि क्यों प्रदर्शित की जा रही है ॥४६॥

द्रुमोत्पलैः काननदेवताशिरःसुशोभितैर्मेदुरिता वनस्थली ।
कथं नु दृष्टिं भ्रमरावलीसखीं करोत्यकाण्डे मकरन्दनिर्भरैः ॥

संकेतः—द्रुमोत्पलः कर्णिकारः, अमलतासेतिनाम्ना व्यपदिश्यमानः। कर्णिकारेषु मकरन्दः शून्यप्राय एव भवति तथापि तन्निर्भरतात्र लोकोत्तरत्वाय साधुरेव ॥४७॥

वनदेवियोंके सिर पर सुशोभित कर्णिकार पुष्पों से मेदुरित यह वनस्थली अपने मकरन्दनिर्भर इन पुष्पों से मेरी दृष्टि को भ्रमरावळी की सहेली क्यों बना रही हैं ॥४७॥

स्थले स्थलेऽशोकपलाशमल्लिकाप्रसूनपुञ्जैः सितरक्तपीतकैः।
चतुष्कभङ्ग्या पतितैः कथं स्थली सपत्रपङ्क्तिः प्रमदेव रोचते॥

जगह जगह अशोक, पलाश और मल्लिका के श्वेत, रक्त और पीत प्रसूनपुञ्जों के चौंकों से यह स्थली पत्रपंक्तियुक्त प्रमदा सी क्यों लग रही है? ॥४८॥

इमानि किं स्नानजलानि सैकतं विलङ्घ्य किंचित् प्रसृतानि पुष्पकैः।
परागगन्धैश्छुरितानि चाभितो विभान्ति पानानि यथा वनौकसाम्॥

स्नानयोग्य ये जल बालू पर कुछ आगे तक फैलकर तथा विकीर्ण पुष्पों और उनके परागसौरभों से सुगन्धित होकर वनवासियों के द्वारा पेय आसव से क्यों प्रतीत हो रहे हैं ॥४९॥

दिशस्सु किं कश्चन मङ्गलध्वनिर्ध्वनत्यपूर्वस्वरसाधुतामयः।
तृणानि कृत्स्नान्यपि केसरद्युतिं कुसुम्भगन्धांश्च किरन्ति किं मुदा॥

दिशाओं में अपूर्व स्वर की अपूर्व साधुता से मिश्रित कोई मङ्गल ध्वनि क्यों सुनाई दे रही है और सबके सब तृण केसर की कान्ति और कुसुम्भ को सौरभ बड़ी प्रसन्नता के साथ क्यों बिखेर रहे हैं ॥५०॥

वनान्तवायुर्द्रुमपर्णसंहृतीर्विभेद्य पुष्पासवसेवनोन्मदः।
स्वयं नटत्यार्जवशालिनीस्तथा किमित्ययं नाटयते च वल्लरीः॥

वृक्षों के जुटे पत्ते अलग कर और पुष्पों के आसव पीकर मदमाता वनान्तवायु स्वयं नाच रहा है और लताओं को भी नचा रहा है। क्यों? ॥५१॥

कथं च भृङ्गावलिमत्र संभ्रमात् सरस्वतीपाणिकुशेशयेरिताम्।
समन्त्रतन्त्रीमिव मूर्च्छयन्त्यमूर्दिशः पलाशप्रसवारुणाननाः॥

पलाश के पुष्पों से अरुण मुख वाली ये दिशाएँ सरस्वतीद्वारा अपने हाथ से बजाई समन्त्र तन्त्री (वीणा के तार) सी भृङ्गावलियों को क्यों घुमाती जा रही हैं ॥५२॥

इयं पिकानां सहकारमञ्जरीकषायकण्ठोद्भविनी कुतस्तराम् ।
नवाङ्गनानामिव गीतिपद्धती रुतिः समुच्छ्वासयतीव काननम् ॥

नवाङ्गनाओं की गीतिधारा सी कोयलों की यह, सहकारमञ्जरीकषायित कण्ठों से निकलती रागिनी वन को समुच्छ्वसित क्यों कर रही है ॥५३॥

कुरङ्गनाभीसुरभीकृता इमे दिशां कपोलाः कथमाश्चकासति ।
प्रपूरितं कस्य कृते च कुङ्कुमद्रवैरिदं व्योमसरो महौजसः ॥

दिशाओं के मृगमद से सुरभित कपोल आः, क्यों चमक रहे हैं और किस महातेजस्वी के लिए यह आकाश रूपी सरोवर केसरद्रव से भर दिया गया है ॥५४॥

प्रियङ्गुरेषा सहकारकोऽप्यसौ प्ररूढपत्रौ च परागिणौ च किम् ।
द्विजाङ्गना मङ्गलगीतिभिः परप्रमोदतः संगमयन्ति ताविमौ ॥

ये हैं प्रियंगु और सहकार। दोनों पर पत्ते और पराग जम चुके हैं। द्विजाङ्गनाएँ इनका सङ्गम मङ्गलगीतियों द्वारा बड़ी ही प्रसन्नता के साथ क्यों करा रही हैं ॥५५॥

इयं च मे दन्तुरिता स्वकुड्मलैः प्रतिप्रतानं वनमल्लिका सितैः ।
नवा वधूटीव नताङ्गगौरवा करोति दृष्टिं वशवर्तिनीं कथम् ॥

प्रत्येक टहनी पर सफेद कलियोंसे उद्‌भासित, अतएव नवीन नताङ्गी वधूटी सी यह वनमल्लिका मेरी दृष्टि को वश में क्यों कर रही है ॥५६॥

गतेद्युरेवेयमहो मृगी कुशं ममैव पाणिस्थितमाजिहीर्षति ।
विहाय तच्चापलमुन्मदां गतिं मदातिरेकेण बिभर्त्ति साद्य किम् ॥

देखो तो, यह मृगी कल ही मेरे ही हाथ में रखा कुश खींच रही थी और आज ही यह अपनी वह चपलता छोड़कर मदातिरेक से उन्मद डग भरती दिखाई दे रही है। क्यों ? ॥५७॥

प्रसूनरेणुः किमु शक्रचापतामवाप्यते व्योम्नि लताप्रतानकैः ।
अवश्यमस्मिन् पटमण्डपे क्वचित् क्लमच्छिदां कोपि महाभटोऽश्नुते ॥

लताओं की शाखाएँ पुष्पपराग को आकाश में इन्द्र धनुष सा क्यों तान रही हैं। निश्चित ही इस पटमण्डप में कहीं कोई महान् भट विश्राम कर रहा है ॥५८॥

अरण्यमेवं क्षितभिन्नभूमिकं निशाम्य कृत्वा च मनस्तथाविधम् ।
शरत्सरो हंस इव प्रसन्नधीर्निमीलिताक्षः स समाधिमाययौ ॥

संकेतः—तथाविधमरण्यसदृशं भिन्नभूमिकमित्यर्थः ॥५९॥

इस प्रकार वन को भिन्न भूमिका में पहुँचा देखा तो ऋषि का मन भी किसी भिन्न ही भूमिका में जा पहुँचा, शरत्काल में हंस के समान उनकी बुद्धि प्रसन्न हो गई और आँखों की पलकें छँप गई और उन्हें समाधि लग गई ॥५९॥

कविः समाधिं गमितः स्वमानसे विवेकबीजाद् यमवापदङ्कुरम् ।
दुदोह भूतार्थमहौषधिं ततो, न योगभूमौ प्रथते परोक्षता ॥

संकेतः—तत इति द्वितीयार्थे तसिः, सार्वविभक्तिकत्वात् । अपरोक्षतेति छेदे नेति प्रश्ने ॥६०॥

समाधि में पहुँचे कवि ने विवेक के बीज से जो एक अंकुर प्राप्त किया उससे उसने यथार्थ की महौषधि को दुह लिया । योगभूमिका में परोक्षता नहीं चलती ॥६०॥

स खलु विमलमेधाः सूरिराद्यः समाधौ
जनहृदयविकारात् काननं सेवमानाम् ।
फलितसुतयुगां तां जानकीं भारतीयै-
र्व्रततिततिमरुद्भिः सेव्यमानामपश्यत् ॥

विमल बुद्धि के धनी उस आदिकवि ने समाधि में देखा कि जनक जैसें योगी की पुत्री सीता, जनता के हृदय के विकार के कारण वन में आई हुई है, उसने दो पुत्रों को जन्म दिया है तथा उसकी सेवा इस भारत भूमि की लताएँ, उनकी वायु और उनकी देवियाँ कर रही हैं ॥६१॥ मरुत् = वायु तथा देवगण ।

विलोक्य तं क्रौञ्चवधं तदक्षिणी तथा च सीतापरिरक्षणं वने ।
बभूवतुर्मानुष-मानुषेतर-द्वये विवेकद्युतिभिर्विकस्वरे ॥

वालमीकि वे ही हैं जिन्होंने एक दिन क्रौञ्चवध देखा था । आज वे ही वन में सीतापरिरक्षण देख रहे हैं । ऐसा देख उनकी आँखें मनुष्य और मनुष्येतर विश्व के बीच के अन्तर की पहचान से खिल उठीं ॥६२॥ मनुष्य ने मनुष्येतर क्रौञ्च को मारा था और मनुष्येतर लता आदि ने मनुष्य (सीता) की रक्षा की ।

ततः स्वतो निश्चितिपीठमाश्रितः कविः स्वकर्त्तव्यपथे महामतिः ।
अकम्पपादं चलितो मनस्विनीमुपेयिवांस्तां वनदेवतासखीम् ॥

संकेतः—स्वतो न तु परप्रेरणया । अकम्पादं यथा स्यात् तथा चलितः, दृढतया चलितः, न तु विचिकित्सयेति भावः । सेयं कवेः सक्रियता ॥६३॥

तब कवि ने स्वतः निर्णय लिया और अपने कर्त्तव्य पथ पर विना लड़खड़ाहट के चलता आ रहा वह महामति वनदेवियोंके साथ लताकुञ्ज में अवस्थित जानकी के पास पहुँचा ॥६३॥

स कैश्चिद्वाभास्वरसौम्यलोचनद्वयारविन्दारुणरश्मिभिः कविः ।
स्थलेऽत्र पिष्टातकमुत्क्षिपन्निव व्यभासतास्यै च सुतद्वयाय च ॥

संकेतः—अन्योऽपि प्रियजनस्य स्वागताय गुलालादिपदवाच्य-पटवासपिष्टातकादीनि द्रव्याणि क्षिपति ॥६४॥

वे आदि कवि अपने भास्वर किन्तु सौम्य नेत्रकमलों की किन्हीं अरुण रश्मियों से उस सीता और उसके दोनों शिशुओं के लिए मानों कुङ्कुम विखेर रहे थे ॥

अभिनवजनिताभ्यामोजसा वेष्टिताभ्या-
मिह यमलसुताभ्यां सार्धमेतां स सूरिः ।
जगति निजमहिम्ना सूर्यवंशे प्रभात-
द्युतिमिव जनयन्तीं संप्रतिष्ठां ददर्श ॥

संकेतः—यमलौ सहजौ ॥६५॥

कवि ने देखा कि इस लताकुञ्ज में सीता के पास ओज से परिवेष्टित दो नवजात शिशु थे और प्रभातद्युति के समान वह सूर्यवंश को अपने प्रभाव से संसार में प्रतिष्ठित कर रही थी ॥६५॥

जनकदुहितुरस्या मञ्जुलां कायकान्ति
प्रजननसमयेऽपि स्वर्णवर्णां पुरीव ।
विपिनपरिसरेऽपि प्रेक्ष्य तुष्टः स जातो
जयति हि निजराष्ट्रस्वास्थ्यमेवार्षदृष्टौ ॥

संकेतः—'स्वस्थे नारीदेहे नागाभूमौ यथा प्रसूतिभ्यः,
भवति न कोऽपि विकारो राष्ट्रस्वास्थ्यं हि तेन लक्ष्येत' ॥६६॥

कवि ने देखा कि योगिराज जनक की पुत्री सीता के शरीर की कान्ति प्रसवकाल में भी नगर के ही समान वन में भी सुवर्ण की सी ही दिखाई दे रही थी तो उन्हें संतोष का भी अनुभव हुआ । बात यह है कि आर्ष दृष्टि में सबसे बड़ा हुआ करता है अपने राष्ट्र का स्वास्थ्य ही ॥६६॥

मुनिरपि जगदम्बाज्योतिषि स्नातचेता
विमलमतितटीकस्तत्क्षणं हन्त जातः ।
न हि विघटनमूलं प्रातिभं ज्योतिरार्षे
प्रभवति शिवचित्ते प्रेतशूलं यथैव ॥

संकेतः—जगदम्बाज्योतिः मातृशक्तिप्रकाशः। सा च शक्तिः रचनात्मिका। तद्दर्शनमेवार्षप्रतिभाकर्म। तत्र प्रेतशूलं यथा विघटनात्मकं दर्शनं नोदेति, न च प्रसरति ॥६७॥

कवि वाल्मीकि का चित्त भी (सद्यः प्रसूता सीता के दर्शन से) जगदम्बारूपी ज्योति में नहा लिया और उनकी बुद्धि विमल हो गई। बात यह है कि ऋषियों के शिव चित्त में प्रतिभा की चितास्तंभसी अशिव और विघटनकारी ज्योति को जन्म नहीं मिलता ॥६७॥

रघुपतिदयितापि स्वान्तरात्मानुकारि-
विमलिमपरिवीतं तं विलोक्यादिसूरिम् ।
अतिधृतिभिररण्यस्याधिदेवीभिरर्चां
व्यधित कुसुममाध्वीं पत्रपात्रे निधाय ॥

संकेतः—अतिधृतिभिरिति तासां परविपदि सेवाधर्मित्वमागूरितम्। पत्रपात्रं द्रोणम्। माध्वीमिति मधुपर्कव्यञ्जकम्। वनदेवीभिरिति स्वाशुचित्वपैशुन्याय ॥६८॥

उधर भगवान् राम की प्रिया सीताजी ने भी अपनी अन्तरात्मा के ही समान विमलता से ओतप्रोत आदि कवि को देखा तो पत्तों के पात्र में कुसुममधु रखवाकर अतीव धैर्यशाली वनदेवियों से उनका मधुपर्क संपन्न कराया ॥६८॥

व्रततिविटपिनश्च प्राच्यदेशस्थ शिष्या
इव विनयपरीतास्तत्कवेरङ्घ्रितीर्थे ।
मृदुविपिनमरुद्भिः पुष्पवृष्टिं विधाय
विदधुरिव सपर्यामन्तरात्मप्रवृत्ताम् ॥

संकेतः—अन्तरात्मप्रवृत्तां न तु बलादापादिताम् ॥६९॥

भारत वर्ष के विनयशाली शिष्यों के समान लतावृक्षों ने भी उस कवि के चरणतीर्थ में अपनी पूजा अर्पित की, वन के मृदु पवन से पुष्पवृष्टि करवा कर। वह पूजा उनकी अन्तरात्मा से प्रेरित थी ॥६९॥

पूजामेतां कविरपि महान् स प्रतीच्छच प्रसीद-
न्नन्तर्वाणीं बहिरुपगतामन्ववादीदितीव ।
पुत्रि ! स्वस्ति स्पृशतु चरणस्ते भुवं नः सुताभ्यां
राष्ट्रपत्ति क्षपयितुमिमे निर्मिता आश्रमा नः ॥

संकेतः—चरणपदेनाचारोपि, भूपदेन च भूमिकापि गम्यते। सुताभ्यामिति सहयोगे तृतीया ॥७०॥

उस महान् कवि ने भी उस पूजा को ग्रहण किया और अन्तरात्मा की बाहर आई वाणी का अनुवाद करते हुए वे बोले—'पुत्रि, तेरा कल्याण हो इन दोनों पुत्रों के साथ तेरे चरण हम लोगों के स्थान का स्पर्श करें। हमारे आश्रम तो राष्ट्र की आपत्ति दूर करने हेतु ही बनाए गए हैं ॥७०॥

आज्ञामेतां जनकतनयाप्यादधानाशु मूर्ध्नि
वन्यद्वन्द्वैर्विधृततनया जाह्नवीं तां प्रणम्य ।
सिक्ते सूरेस्तरुणकरुणैः पावनैर्दृष्टिपातै-
र्मार्गे स्वीयं चरणकमलं सविधित्साञ्चकार ॥

संकेतः—आशुपदेन क्षणमात्रं विचारमग्नतापि आक्षिप्यते ॥७१॥

जानकी ने भी मुनि की इस आज्ञा को तत्काल शिरोधार्य किया और वे दो वनवासियों से दोनों बच्चे रखवा कर वहीं वह रही गंगाजी को प्रणाम कर चल पड़ी, उस मार्ग पर जो कवि के तरुणकरुण और पावन दृष्टिपातों से पवित्र था ॥७१॥

इति सनातनोपाह्व-श्रीमद्-रेवाप्रसादद्विवेदिकृतौ "सीताचरित"-
नाम्नि सर्गबन्धे कुमारप्रसवो नाम
पञ्चमः सर्गः ॥ ५ ॥

❀

षष्ठः सर्गः

सुतयुगसहिता विदेहपुत्री प्रसवनिकारमुदस्यतः प्रवातात् ।
विपिनपरिसरान्मुनेः पदं सा पितुरिव धाम परं शनैरवापत् ॥

संकेतः—प्रवातस्य प्रसवप्रातिकूल्याभावविवक्षयात्र सीतया उत्तमं स्वास्थ्यं सूचितम् ॥ १ ॥

दोनों पुत्रों के साथ सीता जी प्रसवश्रम हटाते प्रवात वनप्रदेश से मुनि वाल्मीकिजी के आश्रम आ पहुँची । वह उनका दूसरा नैहर ही था ॥ १ ॥

पृषतचटुलिकासु दन्तुराभिः सितशबलाभिरसौ स्मितच्छटाभिः ।
पुनरिव मुनिधाम रामजाया व्यधित पवित्रमपि स्वतः पवित्रम् ॥

हिरनों की चटुलता पर उत्पन्न सितशबल स्मितच्छटाओं से सीता जी मुनि के उस स्वतः पवित्र आश्रम को और पवित्र बना रही थीं ॥ २ ॥

परिणतफलभङ्गुराङ्गयष्टिं व्रततितर्तिं नयनैर्निपीय पाण्डुम् ।
अशिशिरममुचद् दशां स्वकीयां प्रसवकृतामनुचिन्त्य बाष्पमेषा ॥

परिपक्व फल से टूटती टहनियों वाली लताओं को देखकर सीता उष्ण आँसू बहाती थी प्रसव के समय को अपनी दशा का स्मरण कर ॥ ३ ॥

अकृत मनसि—'हन्त हन्त नारी जगति समर्पितचेतना परार्थे ।
न खलु न खलु विद्यतेऽत्र तस्या अणुपरिमाणमपि 'स्व'-संज्ञितत्वम् ॥

उसके मन में विचार जागा 'हन्त, नारी का सब कुछ संसार में केवल दूसरों के लिए ही समर्पित है, संसार में परमाणु बराबर भी ऐसी वस्तु नहीं, जिसे उसको अपनी वस्तु कहा जा सके ॥ ४ ॥

प्रणयसरसि वल्लभद्विपेन्द्रादसहमवाप्य करोपमर्दमेषा ।
वहति कमलिनीव विश्लथं स्वं परिगतसौभगमात्मनो हि सर्वम् ॥

संकेतः—गजकमलिन्युपमया पुरुषं प्रत्यपरक्ततात्र व्यज्यते । तेन सीताया लोकतो वैराग्यमुत्प्रेक्ष्यते ॥ ५ ॥

यह [नारी] प्रणय के सरोवर में प्रियरूपी गजराज का असह्य करोपमर्द पाती है और सौभाग्य से लिपटा इसका अपना सब कुछ श्लथ विश्लथ ही रहता है ॥ ५ ॥

अशिथिलचरणं पुरो व्रजन्ती मनुजनुषां ननु चेतनेतिहासे ।
प्रणयपरवशे ! पुरन्ध्रि ! सत्यं त्वमिह परार्ध्यसमर्पणैकभावा' ॥

मनुष्यजाति की चेतना के इतिहास में मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ी हे प्रणयवश पुरन्ध्रि (कुटुम्ब संस्था का मेरुदण्ड नारी) ! सचमुच एकमात्र उत्कृष्टतम समर्पण ही है तेरे हृदय की वास्तविकता' ॥ ६ ॥

रविकुलमहिषीति दिग्धचेता मनसि बभार विकल्पनाशतानि ।
अपि सुरसरितस्तरङ्गमाला भवति जले पवमानजातपीडे ॥

इन सब भावों से दिग्धचित्त रघुकुल महिषी (सीता) का मन इस प्रकार सैकड़ों विकल्पों से भरा आ रहा था । पवन का आघात होने पर गंगा के जल में भी तरंगमाला उठने ही लगती है ॥ ७ ॥

मुनिजनवनिताभिरार्यधर्मे दृढमतिभिस्तपसि स्थिराभिरेषा ।
तनयमिथुनशोभिता परार्ध्यैरुपकरणैः सदकारि तत्र हर्षात् ॥

वाल्मीकि के आश्रम में आर्यधर्म में दृढमति, तप में स्थिरतापूर्वक निरत मुनि-वनिताओं ने उत्कृष्ट उपकरणों से खुशी के साथ सीता का सत्कार किया ॥ ८ ॥

ऋषिजनकृतमङ्गलोपचारामुटजकुटीमुपलभ्य तत्प्रदिष्टाम् ।
इति मनसि चकार दिव्यभावा नरपतिसौख्यतृणेषु सा वितृष्णा ॥

ऋषिजन द्वारा किए मंगलोपचार से युक्त और उन्हीं के द्वारा निर्दिष्ट कुटी पाकर राजसुखरूपी तृण से वितृष्ण दिव्यहृदया सीता के मन में हुआ कि—॥ ९ ॥

नियतमतितमां भवामि धन्या सुरजनसंस्पृहणीयमाश्रमं या ।
कृत-गृह-चरितार्थता प्रसूत्या प्रथमकवेः कृपयास्मि संप्रविष्टा ॥

सचमुच मैं बहुत ही धन्य हूँ जो पुत्रजन्म से गार्हस्थ्य की चरितार्थता के पश्चात् आदि कवि की कृपा से इस आश्रम में आ पहुँची हूँ जो देवताओं के लिए भी स्पृहणीय है ॥ १० ॥

कुशलव-जल-सीकरोक्षितानि दधिघृतमिश्रितमिष्ट-पायसानि ।
मसृण-कट-पलाल-संस्तराणि शुभशयनानि भवन्ति यद्गृहाणि ॥

यहाँ जो घर है ये कुश-लवों द्वारा छिड़के जलसीकरों से सिञ्चित हैं, इनमें दही और घी से मिश्रित मीठा दूध सुलभ है और इनमें चिकनी चटाइयाँ और पुआँर के सुखद विछौने भी हैं ॥ ११ ॥

शुकमृगशिशुशावकैः परीता शतशतधेनुधना समृद्धसस्या ।
विगतविभवविक्रिया च यस्मिन् मुनिजनता क्षितनागरा चकास्ति ॥

संकेतः—समृद्धा नागरा विक्रियाजुषः इमे पुनर्न तथेति तानिमे क्षयन्तीति व्यतिरेकः । क्षि क्षये भौवादिकः ॥ १२ ॥

इस आश्रम की जनता मुनियों की जनता है । यह नगरवासी जनता से ऊँची है । यह शुक और मृगों के शावकों से घिरी हुई है, इसके पास सैकड़ों की संख्या में गोधन है, इसकी फसल ससृद्ध है (इस प्रकार इसके पास वैभव है) परन्तु वैभव का विकार नहीं है (जो नगर वासियों में रहता है) ॥ १२ ॥

मनुजवपुषि भुक्ति-मुक्ति-लक्ष्म्यौ विधृतविभक्तितयापि यत्र युक्ते ।
भरतभुवनसंस्कृतौ स्वमर्थं 'प्रतिजनजीवनमुक्ति'-मर्पयेते ॥

संकेतः—विधृता विभक्तिः विभागो याभ्यां तद्भावेनापि यत्राश्रमे युक्ते अविभक्ते । जीवनमुक्तिशब्दस्य मुख्योऽर्थो भुक्तिमुक्तियोग एवेति नवीनः पन्थाः । प्रतिजनं तत्प्रतिष्ठा चाश्रमस्य विशेषः ॥ १३ ॥

जहाँ, सदा विभक्त (पृथक् पृथक्) रहने वाली भुक्ति और मुक्ति मनुष्य जीवन में समन्वित हैं और इसीलिए भारतीय संस्कृति को जहाँ 'प्रत्येक जन को जीवन [और] मुक्ति, यह अपना अर्थ प्राप्त हो रहा है ॥ १३ ॥

करणमिदमथेदमात्मतत्त्वं, द्वितयमपि प्रतिपूरुषं परस्य ।
परमपुरुषसंज्ञकस्य यस्मिन् परमशिवस्य तनूयितं बिभर्त्ति ॥

संकेतः—करणम् इन्द्रियग्रामः शरीरं च । संसारोऽपि परमशिववपुरेवेति शैवागमिनः ॥ १४ ॥

यह इन्द्रियग्राम और यह आत्मतत्त्व, जहाँ दोनों ही प्रत्येक व्यक्ति में परमपुरुष नामक परमशिव के ही शरीर सिद्ध हो रहे हैं ॥ १४ ॥

'इदमभिमतमेतदस्ति हेयं' मतिरियमत्र जने जनेऽवदाता ।
नरपतिनिरपेक्षमत्र हन्त प्रचलति येन नृरूप एव मेधः ॥

संकेतः—हेयोपादेयसंवर्गणमेव धर्मः, तत्सहितं यन्नृजीवनं स एव नृरूपो मेधः, न तु नरबलिसंपाद्यो मेधः । नरमेधशब्दस्येयमपूर्वा व्याख्या ॥ १५ ॥

'यह ग्राह्य है और यह त्याज्य' यह विवेक जहाँ प्रत्येक व्यक्ति में उज्ज्वलता के साथ प्रतिष्ठित है । अतः जहाँ राजा की आवश्यकता ही नहीं है और नर-रूपी ही मेध [नरमेध का नवीन अर्थ] जहाँ प्रचलित है ॥ १५ ॥

विशसनमिह पोषणस्वरूपमिह यजनं भजनेन मिश्ररूपम् ।
इह भजति महान्ति राष्ट्रलक्ष्मीः स्वयमुपगम्य फलानि शान्तिदानि ॥

संकेतः—विशसनम् छेदः लतादीनाम् । भजनम् सेवनं च राष्ट्रादीनाम् । इह राष्ट्रलक्ष्मीः शान्तिदानि फलानि स्वयमुपगम्य भजत इति लोक—मङ्गलत्वमपि ॥ १६ ॥

जहाँ विशसन (लतादि का छेद आदि) पोषण रूप ही है, जहाँ यजन भजन से मिश्रित है, इसलिए राष्ट्रलक्ष्मी यहीं स्वयं आती और शान्तप्रद महत्तम फल उपार्जित किया करती है ॥ १६ ॥

इह वसति पुमान् द्विधा विभक्त इह खलु कामयते बहूः प्रजाः सः ।
सृतिरिह नियतिं नियम्य सम्यक् प्रसरति मृत्युमपास्य दास्यकेऽपि ॥

संकेतः—स्त्रीपुंसौ हि सिसृक्षोः पुरुषस्य द्वौ भागौ । तेन ईदृशीरेव प्रजाः स्रष्टुमीश्वरः कामयत इति भावः । योगसिद्धिश्चात्र मृत्युजित्त्वम् ॥ १७ ॥

दो रूपों में विभक्त वह आदि पुरुष यहीं रहता दिखाई देता है, अनेक प्रकार की प्रजाओं की कामना भी वह यहीं करता है । यहीं सृष्टि नियति का लंघन करती और उत्तरोत्तर आगे बढ़ती जा रही है, जिसके यहाँ मृत्यु के लिए गुलामी का भी अवसर नहीं है ॥ १७ ॥

इदमखिलमपीशवास्यमेव त्यजनशुभैव हि तेन भुक्तिरार्या ।
इति नियतिमुपास्य बोधयोगः प्रतिजनमत्र समश्नुते प्रतिष्ठाम् ॥

संकेतः—बोधयोगो ज्ञानयोगः 'ईशावास्यमिदमि'ति श्रुति-प्रतिपाद्यः ॥ १८ ॥

यहाँ प्रत्येक व्यक्ति नियति का उपासक है और उस प्रत्येक में यह ज्ञानयोग प्रतिष्ठित है कि 'यह संपूर्ण विश्व ईश से आवासित है, अतः त्यागपूर्वक किया गया भोग ही शुभ है' ॥ १८ ॥

इह सनक-सनातना हि सर्वे मुनिशिशवो गिरिजारमाश्च कन्याः ।
शुकभरतभगीरथा युवानो मम पितरः स्थविराश्च हन्त सर्वे ॥

संकेतः—पूर्णब्रह्मचर्यं हि सनकादीनां साधारण्यम्, निष्ठावत्त्वे गिरजारमयोः, शुकस्य परहंसतायां, भरतस्य वीरत्वपरिपालकत्वयोः भगीरथस्य च तपस्वित्वे । सर्वेषां स्वभूमिकासु पूर्णतैवात्र प्रतिपाद्या ॥ १९ ॥

यहाँ जितने मुनि बालक हैं वे सब सनक-सनातन ही हैं, जितनी कन्याएँ हैं

वे सब पार्वती और लक्ष्मी हैं, सभी युवक शुक भरत और भगीरथ हैं और सभी वृद्ध मेरे पिता विदेहराज जनक हैं। क्या ही उत्तम स्थिति है यहाँ की ॥ १९ ॥

इह निवसति भक्तिरष्टमूर्त्तौ रवि-शशि-दीक्षित-पञ्चभूत-मूर्त्तौ ।
'कुशल' इति यतश्च यत्र शब्दः प्रतिमुनि हन्त सदान्वितार्थ एव ॥

संकेतः—'रविशशिपञ्चभूतेषु यजमानत्वेन प्रतिष्ठित एव कुशल" इति सूत्र-मित उन्नेयम् ॥ २० ॥

यहाँ भक्ति है सूर्य चन्द्र, यजमान और पंचभूत इन आठ मूर्त्तियों से युक्त भग-वान् अष्टमूर्त्ति शिव में, अतः यहाँ 'कुशल'-शब्द प्रत्येक मुनि में सदा ही अन्वित रहता है ॥ २० ॥

अधि-तमसमथाधि-गङ्गमस्मिन्नृषिकुलमस्ति समाधिनाशिताधि ।
'क्व नु खलु कविना स्वधाम कार्यमि'ति मतिरत्र हि निश्चितिं प्रयाति ॥

संकेतः—तमसा तमःप्रतीकः, गङ्गा सत्त्वप्रतीकः। एतदन्यतरैकान्तिकेन कविना न भाव्यम् अपितु ईश्वरवद् विश्वमपि कविना सेव्यमिति भावः ॥ २१॥

तमसा [तमोगुण] और गङ्गा [सत्वगुण] के बीच यहाँ प्रत्येक मुनि ने समाधि साधी है और मनोव्यथाएँ दूर कर रखी हैं। यहीं यह भी समझ में आता है कि कवि को अपना धाम कहाँ बनाना चाहिए' ॥ २१ ॥

इति हृतहृदया नृपेन्द्रजाया मुनिपदसौभगमञ्जसा निरीक्ष्य ।
अधिनगरजनं विपच्यमाने परिवदनेऽप्यकरोत् पुमर्थबुद्धिम् ॥

इस प्रकार मुनि वाल्मीकि के आश्रम की रमणीयता बारीकी के साथ निहार कर राजपत्नी सीता नगरवासियों के बीच फैले अपने जनापवाद को भी स्पृहणीय पुरुषार्थ माना परिवहनं परिवादः कौलीनम् ॥ २२ ॥

कतिचन दिवसानथार्यलक्ष्मीर्जनकसुता पृथुकौ लघू अपेक्ष्य ।
मुनिजनविनिवारिता श्रमेभ्यः कथमपि कृच्छ्रगतेव सा निनाय ॥
तदनु कुशलवेतिसंज्ञया तन्मुनिजन-भूमिसदृक्षया कवीन्द्रात् ।
तनय-युगल-मुत्प्रकाश्य सीता धृततरुचीरयुगा मुनित्वमापत् ॥

बच्चे छोटे थे इसलिए मुनियों के रोकनेसे आर्यो की आर्यलक्ष्मी सीता कुछ दिनों तक तो श्रम से दूर रहीं और वे दिन बड़ी कठिनाई से बिताती रहीं,—॥२३॥

किन्तु उसके पश्चात् अपने पुत्रों को 'कुश' 'लव'-इन आश्रमोचित संज्ञाओं से कवीन्द्र वाल्मीकि के द्वारा प्रख्यापित कराकर सीता ने वृक्षों की त्वचा के चीर धारण किए और वे भी मुनि बन गईं ॥२४॥

अभिनवजनिपेशलाङ्गयष्टी अपि तनयावपि तौ दृढत्वकान्त्योः ।
नरपति-गृह-गर्भ-भर्म-कर्म-द्युमणिमणि - प्रतिमाङ्कावभूताम् ॥

संकेतः—गर्भभर्माणि हि कौटल्यादिभिः सम्यक् प्रतिपादितानि । द्युमणिमणिः सूर्यकान्तमणिः ॥२५॥

तुरत पैदा होने के कारण उन दोनों बालकों के शरीर उस समय यद्यपि कोमल थे, परन्तु उनके शरीर दृढ़ता तथा कान्ति में राजभवनोचित गर्भपालन कर्म के कारण सूर्यकान्त मणि के समान दिखाई दे रहे थे ॥२५॥

कविरभजतनैतयोरतोऽणुप्रतिममपि द्विजसंस्कृतौ न खेदम् ।
भवति ननु कियान् स्वयंप्रभस्य श्रम इह संस्करणे मणिव्रजस्य ॥

इसी कारण कविसम्राट् वाल्मीकि को इन बच्चों के द्विजोचित संस्कार संपन्न करने में तनिक भी खेद नहीं हुआ। भला, स्वयंप्रकाशवान् मणिओं के संस्कार कार्य में श्रम ही कितना होता है ॥२६॥

जनकतनययापि वत्सलान्तःकरणतया सुतवन्मुनेः पदस्य ।
तृण-तरु-मृग-पक्षि-धेनु-वत्स-द्विज-तनयेष्वपि मातृभाव आपे ॥

अन्तःकरण से वत्सल होने के कारण सीताजी में भी वाल्मीकि आश्रम के तृण, तरु, मृग, पक्षी, धेनु, बछड़े और द्विजातीय लोगों के बच्चों पर अपने पुत्रों के समान मातृभाव जागा ॥२७॥

सितशबलितपृष्ठकान् मृगाणामतिलघुकान् पृथुकान् निजाङ्कशय्याम् ।
अनुदिनमधिरोप्य रामजाया किसलयदुग्ध-मधु-स्पृहानकार्षीत् ॥

सीताजी मृगों के सफेद ओर चितकबरी पीठवाले अतीव छोटे छौनों को अपनी गोद में सुलातीं और उनमें कोंपल, दूध तथा मधु की स्पृहा जगाती थीं ॥२८॥

प्रसवविकृतिमत्र मानवीनामिव मुनिधाम्नि गवां मृगाङ्गनानाम् ।
इयमतिकरुणा स्वहस्तदत्तैरुपकरणैरुपशान्तिमानिनाय ॥

आश्रम में मुनिपत्नियों, गायों या हिरनियों में जिस किसी को भी प्रसव होता, अतिकरुण सीता उनमें से प्रत्येक की पीड़ा अपने हाथ से संजोई सामग्री द्वारा दूर करती थीं ॥२९॥

इयमिह मुनिबालिकाः स्वशिल्पे कुशलकरा असृजन्नितान्तसूक्ष्मे।
ऋषि-कुल-भुवि येन सभ्यताया अपि परमश्चरमो विकास आसीत् ॥

संकेतः—स्वशिल्पम् नागरीसमुचितं कामशास्त्रादिप्रसिद्धं नृत्यसूचीकर्मादिरूपम्। सभ्यता हि बाह्यजीवनवृत्तिः ॥ ३० ॥

आश्रम की मुनिबालिकाओं के हाथ सीता ने अपने नितान्त सूक्ष्म शिल्पों में कुशल बना दिए, जिससे ऋषिकुल की भूमि में भी सभ्यता का परम और चरम विकास दिखाई देने लगा ॥ ३० ॥

विपिनभुवि पुरत्वमत्र जज्ञे यदि किल केवलयैव रामपत्न्या।
किमिव पुरपुरन्ध्रयो न कुर्युर्जनपदसीम्नि, रुचिं यदि श्रयेयुः ॥

संकेतः—'दाराः पुरन्ध्रय' इति धनञ्जयः। जनपदा ग्रामक्षेत्राणि ॥ ३१ ॥

यदि एक अकेली सीता ने ही जंगल को नगर बना दिया तो नगर की महिलाएँ मिलकर गाँवों में क्या क्या नहीं कर सकतीं, यदि रुचि लें ॥ ३१ ॥

सुभगरुचिषु संयमः क्रमेषु, यमनियमेषु च सौभगं रुचीनाम्।
इयमिह किल शिष्टताऽस्मदीया सहृदयता-सचिव-स्वभाव-सौम्या ॥

संकेतः—अस्मदीया भारतीया। सहृदयता सचिवो यस्य तेन स्वभावेन सौम्या, न तु रूक्षताविषमा। यमा नियमाश्च योगशास्त्रादौ प्रसिद्धाः ॥ ३२ ॥

भारतवर्ष की शिष्टता क्या है? यह कि सुरुचि में संयम तथा यमनियमों के संयम में सुरुचि और सबके ऊपर स्वभाव की सहृदयता से पूर्ण सौम्यता ॥ ३२ ॥

स्वयमपि कलशोर्द्रुमेषु लघ्वीरियमसृजत् सलिलेन संभृतान्ताः।
कथमिव ननु सान्यथा लभेत प्रतिकणमुच्चतमां स्वदेशभक्तिम् ॥

सीता छोटी छोटी कलशियाँ स्वयं भरतीं और पौधों में छोड़ती थीं। यदि ऐसा न करतीं तो कण कण पर उच्चतम स्वदेशभक्ति उन्हें प्राप्त ही कैसे होती ॥ ३३ ॥

अभिनवकवितारसेन पूर्वं स्फुटितशिखाँल्लघुभूरुहः सती सा।
अपि किसलयिताँश्च पुष्पिताँश्च व्यधित निजस्वरमाधुरीरसेन ॥

उस सती ने (वाल्मीकिजी की) अभिनवकविता से अंकुरित पौधों को अपनी स्वरमाधुरी (संगीत) से किसलयित और पुष्पित भी कर दिया ॥ ३४ ॥

निजपरिसरतीर्थजातमेषा मुनिसहिता पदयात्रया ददर्श ।
अयि बत कथमन्यथा ममत्वं निजभुवि कोपि भजेन्न तां स्पृशेच्चेत् ॥

सीता अपने पास के तीर्थों के दर्शन मुनियों के साथ पदयात्रा द्वारा कर आती। कोई भी व्यक्ति अपनी भूमि के प्रति ममत्व कैसे पा सकता है यदि उसका स्पर्श न करे ॥ ३५ ॥

किसलयशिशुसोदरेण सीता कलमभुवः परिमृद्नतो करेण ।
कठिन-कर-कृतां स्वभूमिसेवां कृषकजनस्य सुदूरमत्यशेत ॥

धान के खेतों को सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ स्वयं ही निराती थी और किसानों की कठोर हाथों से की गई स्वभूमिसेवा में वे आगे थीं ॥ ३६ ॥

तरुण-तरणि-सोदरं वसाना वसनयुगं क्षुमया स्वयं कृतं सा ।
अतुषदतितरां महार्ह-राज्ञी-पट-परिधानसुखस्मृतेरभूमिः ॥

संकेतः—तरुणतरणिः पिङ्गरुचिः । क्षुमा अतसी ।

वे काफी निकल आए सूर्यबिम्ब के रंग के दो वस्त्र अतसी के धागों से स्वयं बनाकर पहनतीं और रानी के वेष के पट और परिधानों के सुख की स्मृति से भी दूर वे उन्हीं से अतीव परितोष का अनुभव करती ॥ ३७ ॥

स्वयमकृत कटं पटं घटं सा स्वयमसृजल्लघुपुत्तलाँश्च साध्वी ।
दिनकर-कुल-वर्धनौ ततस्तौ शिशुवयसावपि कर्मठावकार्षीत् ॥

चटाई, वस्त्र और बरतन वे स्वयं बना लेतीं, इसी प्रकार खेल खिलौने भी। और इस प्रकार सूर्यवंश की वृद्धि के हेतु उन दोनों पुत्रों को वे बचपन से ही कर्मठ बना रही थीं ॥ ३८ ॥

तनयवदनशुक्तिदन्तमुक्ता-छविहृतचित्तशुका विदेहजा सा ।
विरहदहनशोधितां स्वदेहे सु-कनकपञ्जरतां परामुवाह ॥

संकेतः—सुकनकं शोभनं पावकपाके निश्यामिकं हेमेत्यर्थः ॥ ३९ ॥

कभी कभी सीता में कोमलता जागती। तब उनका चित्तरूपी शुक बच्चों की मुखरूपी शुक्तिका में दीख पड़ते दाँतरूपी मोतियों पर आकृष्ट हो जाता और उस समय उनका शरीर विरहाग्निमें तपता सुवर्णपञ्जर बन जाया करता ॥ ३९ ॥

सुतयुगतनुकान्तिरूपसाम्यादतिशयभर्तृगतान्तरापि सैषा ।
प्रतिदिननिजकृत्यनित्यलग्ना लघु तु कदाचन सालसेक्ष्यतां नु ॥

दोनों बच्चों के शरीर की आकृति और कान्ति राम से मिलती थीं। अतः सीता का चित्त उन्हें देख अपने पति के स्मरण में डूब जाता था, किन्तु इतना होने पर भी अपने दैनिक कृत्य में सदा तत्पर रही आती थीं और मजाल कि कभी अलसाई दिखाई दें ॥४०॥

हृदयमधित सर्वभूतमूर्त्तौ भगवति रामपदाभिधानसौम्ये ।
वपुरथ वनदेवतेव सौम्या धरणिसुता धरणौ श्रमारणौ च ॥

संकेत—हृदयेन रामं स्मरन्ती वपुषा कृषिकर्म चक्रे इति भावः ॥४१॥

सीता का हृदय तो निहित था सर्वभूतरूप भगवान् में जिन्हें 'राम' नाम से पुकारा जाता है, और शरीर था भूमि में और परिश्रम की अरणि के मन्थन में, वन-देवियों के ही समान ॥४१॥

हिमगिरिगुरुशृङ्गतः पयोधेर्गहनतमावट-गह्वराणि यावत् ।
निखिलमपि विदेहजा स्वराष्ट्रं मृदु शुचि तल्पममंस्त भूशयाना ॥

सीता भूमि पर ही सोती थीं और उस समय हिमगिरि के सर्वोच्च शिखर से लेकर समुद्र की गंभीरतम खाड़ियों तक की, अपनी संपूर्ण भारतभूमि के संपूर्ण वक्ष को अपना परम सुकुमार तल्प मानती थीं ॥४२॥

प्रणिहितिहितमानसा समाधिं पितृगृहशिक्षितमत्र साधयन्ती ।
प्रशमित-परितापमात्मरूपं प्रियतममैक्षत सा सदा विरात्रे ॥

संकेतः—विरात्रे रात्रेरवसाने। सा ह्येव प्रबोधवेला प्रतीकस्तमोहानेः ॥४३॥

पिताजी के घर सीखी समाधि को सीता यहाँ साधती थीं चित्त को प्रणिहित कर। और वे रात्रि के प्रत्येक अवसान (प्रभात) में समस्त परितापों से दूर आत्म-रूपी प्रियतम का दर्शन किया करती थीं ॥४३॥

वृषरवि-शिशिरेन्दु-तापशीतं घन-पवमान-शरत्कुशेशयाम्भः ।
निरतिशयविशुद्धनाडिचक्रा जनकसुता सुखमत्युवाह सर्वम् ॥

संकेत—वृषराशिस्थो रविः वृषरविः ज्येष्ठसूर्यः, शिशिरस्य ऋतोरिन्दुः सर्वाधिकं शीतः, तयोः तापशीतं तापशैत्यद्वन्द्वम् ॥४४॥

जेठ के सूर्य की तपन और माघ के चन्द्र की ठंड, बरसाती बयार और शरत्कालीन कमलमण्डित जल इन सबको सीता, सुख से सह लेती थीं। उनका नाडीचक्र योगविद्या से नितान्त परिशुद्ध जो था ॥४४॥

निजवपुषि निजप्रभुत्वमेषाऽऽसननियमादिभिरार्यदेशजाता ।
कथमिव न दधातु, संस्कृतिःस्वा भवति हि किं कथमप्युदस्तवृत्तिः ॥

संकेत—निजप्रभुत्वं न च मृत्युप्रभुत्वम् । संस्कृतिः संस्कारः । बाल्यात् प्रभृति योगविद्याया अभ्यास इति भावः ॥४५॥

आर्यदेश की यह बालिका आसन और नियम आदि के द्वारा अपने शरीर पर अपना ही स्वामित्व रखती थी (गो-स्वामी थी) । क्यों न हो ऐसा, क्या अपनी संस्कृति व्यक्ति से कभी भी हट पाती है ॥ ४५ ॥

सुत-वपुषि ततः स्वदुग्धराशेरियमतनोदिव कामधुग् यथैव ।
अमृतमयदृतित्वमात्मशुद्धिर्भवति हि मातृजनस्य राष्ट्रपुष्ट्यै ॥

संकेतः—दृतिः कुतूः । ततः नाडीचक्रपरिशोधनात् स्वप्रभुत्वाच्च ॥ ४६ ॥

माता सीता ने अपने बच्चों के शरीर को दुग्धराशि से भर कर अमृतपूर्ण मषक बना दिया था, कामधेनु के ही समान । माताओं की शरीरशुद्धि संपूर्ण राष्ट्र का पोषण किया करती है (गौ भी माता है) ॥ ४६ ॥

रविधरणिसुताऽऽत्मजात-युग्मं प्रतिनिदधाविव रोदसीत्रिलोक्याः ।
निरतिशय-महः-सहिष्णुभाव-द्वय-महितं जनुषः प्रभृत्यदोऽभूत् ॥

संकेतः—सुतश्च सुता चेत्येकशेषेण सुतौ रामसीते तयोरात्मजातत्वात् तादृशं महः प्रतापमूलमोजः सहिष्णुभावः सहिष्णुता च । रोदसी त्रिलोकी हि सूर्यलोक-पृथिवीलोकाभ्यां निर्मीयते । तत एव सूर्यपृथिव्योर्नमारौ तत्प्रतिनिधि ॥ ४७ ॥

सूर्य और पृथिवी के बच्चों (राम और सीता) की आत्मा से उत्पन्न वे दोनों बालक जन्मकाल से मानों रोदसी-त्रिलोकी का प्रतिनिधित्व प्राप्त किए हुए थे, उनमें निरतिशय तेज (सूर्य का गुण) और निरतिशय सहिष्णुता (पृथिवी का गुण) दोनों ही गुण जन्म से ही जो विद्यमान थे ॥ ४७ ॥

स्व-सुत-महिमनि प्रदिष्टचित्ता जनकसुताप्यथ सा समग्ररूपे ।
विकसति कुसुमव्रजे नु कल्पव्रततिरुवाह सदावधानशुद्धिम् ॥

सीता भी अपने बच्चों के उपर्युक्त गुणों पर पूरा ध्यान दे रही थीं, विकसित होते पुष्पों पर कल्पलता के समान ॥ ४८ ॥

भवतु विभवविस्तरो महीयान् ननु, यदि वास्तु वनेचरत्वमुग्रम् ।
भवति बुधजनो न हि स्वदेशाङ्कुर इव बालजने कदाप्युदस्तः ॥

पर्याप्त वैभव हो या वन में भटकने का अवसर, विज्ञजन बच्चों को अपने देश का अंकुर समझते और उनके प्रति कभी भी उदासीन नहीं होते ॥ ४९ ॥

प्रभवति न हि सौरभं न वन्ये सरसिजनौ, न च मिष्टता फले नो ।
नियतिमनुकरोति भावजाते जनकगुणान्न तु देशसंविभागात् ॥

संकेतः—वन्यत्वं फलेऽपि योज्यम् । भावः पदार्थः ॥ ५० ॥

ऐसा नहीं कि वन में उत्पन्न कमल में सुगन्ध या फल में मिठास नहीं होती। नियति कारणसामग्री पर निर्भर रहती है, देश भेद पर नहीं ॥ ५० ॥

निमि-रवि-कुल-लज्जयेति हर्षात् सुतयुगली विपिनेऽपि रक्तयेव ।
प्रतिनव-परिकर्म-संविधाभिः प्रतिदिनमङ्गसमृद्धिमाप्यते स्म ॥

संकेतः—निमिरविकुललज्जापदेन सीता विवक्षिता ॥ ५१ ॥

इस कारण निमिवंश और सूर्यवंश की लज्जा उस सीता ने अपने दोनों बच्चों के शरीर वन में भी पूर्ण ममतापूर्ण सी रहकर रोज रोज के नए स्नानादि संस्कारों से परिपुष्ट किए ॥ ५१ ॥

प्रतिदिनमभिवृद्धिमश्नुवाना विरतिमिव स्वमतिः सुतद्वयी सा ।
जनकदुहितुरन्तरात्मतत्त्वं प्रथमकवेरिव तोषयांबभूवे ॥

संकेतः—स्वमतिः सीतामतिः । प्रथमकवेरन्तरात्मतत्त्वमिव जनकदुहितुरन्तरात्मतत्त्वमिति योजना । तदत्रोपमेयमिवोपमानमपि प्राकरणिकमेव ॥ ५२ ॥

सीता की अन्तरात्मा में वाल्मीकि की ही अन्तरात्मा के समान प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होती बच्चों की वह जोड़ी उसी प्रकार संतोष उत्पन्न कर रही थी जिसप्रकार विरति को प्राप्त हो रही उन्हीं की बुद्धि ॥ ५२ ॥

अवयवपरिवृद्धिरात्मजन्मद्वितय उवाह गुणाभिवृद्धिलक्ष्मीम् ।
इति जनकसुता बभूव तुष्टा, भवति न पिण्डविवृद्धिरेव वृद्धिः ॥

अपने दोनों बच्चों के अंगों में हो रही वृद्धि गुणाभिवृद्धि की शोभा को भी धारण किए हुए थो, इसलिए सीता और अधिक संतुष्ट थी। केवल पिण्ड की वृद्धि ही वृद्धि नहीं होती ॥ ५३ ॥

प्रणतिपरतया तयात्मजातावृषिचरणाम्बुरुहे मरालितौ च ।
भरतभुवन-भारती-प्रयाग-स्नपनविधौ कृतिनौ विनिर्मितौ च ॥

संकेतः—मरालितौ मरालतां प्रापितौ । भरत भुवनं भारतम् ॥ ५४ ॥

सीता दोनों बच्चों को प्रणाम करने की शिक्षा देतीं और तदर्थ भगवान् वाल्मीकि के चरणरूपी कमलों में उन्हें हंस बना देतीं । ऐसा कर सीता ने उन्हें भारतीय भारतीरूपी प्रयागराज के स्नान में कुशल बना दिया ॥ ५४ ॥

स्व-शरण-भुवि गोमयेन साध्व्या मकरततां, सुतयोर्द्वयो, गतायाम् ।
स्खलित-पदतया सहस्रशः सा वपुषि बभार शिवां स्वदेशमृत्स्नाम् ॥

संकेतः—शरणं कुटीरम् 'शरणं गृहरक्षित्रो'-रितिवचनात् ॥ ५५ ॥

वे दोनों बच्चे साध्वी सीता द्वारा अपनी कुटिया के गोमय से लिप्त, और इसीलिए मरकतमणि द्वारा रचित से आँगन में हजार बार फिसलते और हजार बार अपने शरीर पर अपने देश की मिट्टी धारण करते थे ॥ ५५ ॥

निज-करनवनीत-जानु-याता सुतयुगली मुनिधाम संस्पृशन्ती ।
अतनुत गतनिद्ररोमलक्ष्मीमिव नवसस्यमिषेण तां स्वभूमिम् ॥

अपने नवनीत जैसे हाथ और घुटनों के बल चलती बच्चों की वह जोड़ी जब मुनि के आश्रम का स्पर्श करती तो उस भूमि को भी रोमाञ्च होने लगता, नए सस्य के बहाने ॥ ५६ ॥

विलुलित-शितिकाकपक्षलक्ष्मीर्मुनिजन - यज्ञविभूति - कान्त- भाला ।
अरुणरुचि च वल्कलं वसाना सुतयुगली गुहयुग्मतां वितेने ॥

संकेतः—शितिः कृष्णवर्णः । गुहः स्वयमेक एव इमौ तु द्वाविति गुहस्य द्वित्व-मुत्प्रेक्षितम् ॥ ५७ ॥

बच्चों की वह जोड़ी ऐसी लग रही थी जैसे दो कार्त्तिकेयों की जोड़ी हो । उनके सिर पर काले केश लहराते, भाल मुनियों के यज्ञ के भस्म से उद्भासित होता और शरीर पर होता अरुणवर्ण का वल्कल ॥ ५७ ॥

नियमकृशवपुर्विदेहपुत्री धृतिसुभगेन परिश्रमेण पुत्रौ ।
अपुषदपि च बाललालनं वै प्रथमतरं तप आर्यतापसेषु ॥

संकेतः—अपुषद् अपोषयत्, दैवादिकस्य पुष्यतेः लुङि रूपम् ॥ ५८ ॥

व्रतनियमों से कृशकाय होने पर भी सीता धैर्ययुक्त परिश्रम से उन दोनों

बच्चों को पाल रही थी। क्या आर्यजाति के तपस्वियों में बच्चों का पालन प्रथम और सर्वप्रधान तप नहीं हुआ करता ? ॥५८॥

हृदय उदयमाप रामपत्न्या अतितरवत्सलता तथा व्यथापि।
पतिहृदि निजवत्समाप्य नारी भवति हि तृप्ततमा स्वमातृभावे॥

राम की पत्नी सीता के मन में एक ओर अतीव वत्सलता उमड़ती और एक ओर अतीव व्यथा भी। नारी अपने बच्चे को अपने पति की गोद में देखकर ही अपने मातृभाव को चरितार्थ मनाती है ॥५९॥

परमियमतिमात्रदान्तभावा विकृतिमिमां क्षणमर्धमेव भेजे।
वशिषु न हि विकारजातमम्भःस्वनल इव श्रयते प्रकाममायुः॥

किन्तु सीता का हृदय अत्यन्त दान्त था, अतः वे इस व्यथा को आधे क्षण से अधिक नहीं रहने देती थी। वशी जनों में विकार पानी में आग की नाई दीर्घायु नहीं हो पाता ॥६०॥

अथ कुलकम्

क्व नु खलु पृथिवीपतित्वमस्याः क्व नु बत पुत्रकयोर्वनित्वमेतत्।
सृजति विधिरहो विपाकमुग्रं विषमतमं च समस्त एव जन्तौ॥

'कहाँ तो यह साध्वी ठहरी रानी और कहाँ इन बच्चों का इस प्रकार वन में पलना। अहो! विधाता किसी पर भी अपनी करनी किए बिना नहीं चूकता ॥६१॥

इयमिह शुच एव हन्त वार्ता मनुसदृशैरपि राजभिर्धृतापि।
नगर-जनपद-प्रजा विकास-मधिभरतावनि सर्वथा न लेभे॥

यह एक दुःख की बात है कि मनु जैसे राजाओं द्वारा पालित होने पर भी गाँव और नगर की जनता भारतवर्ष में अभी तक पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाई ॥६२॥

ध्रुवमिह, यदिवा, परान्, नराणां वपुषि विधि-र्धृतजन्मनः करोति।
इह हि तदनु सर्वदैव तेषां शुभगतये प्रहिणोति च स्व-वप्रम्॥

संकेतः—परान् नरेतरान्। वप्रम्, पितरम्, "वप्रः पितरि केदारे वप्रः प्राकार-रोधसोरि"ति धरणिरिति भरतसेनो मेघदूत [२-पद्य]-सुबोधायाम्। आक्रोशे नास्य ग्राम्यत्वम् ॥६३॥

अथवा निश्चित ही विधाता इस देश में मनुष्य के शरीर में किन्हीं अन्य तत्त्वों को ही भेजता है, क्योंकि उसके बाद वह यहीं अपने बाप को भी भेजा करता है, इन प्राणियों की सद्गति के लिए ॥६३॥

भवति तत इहैव मोक्षलक्ष्मीपतिरपि हन्त सनातनाभिधोऽध्वा ।
प्लववपुरयमात्मनि स्थिताँस्तान् गमयति संसरणाम्बुधेः परस्तात् ॥

संकेतः—सनातनधर्मो हि मोक्षलक्ष्मीपतिः । आत्मनि निजे ॥६४॥

यहीं है मोक्ष तथा लक्ष्मी दोनों का पति सनातन नामक मार्ग नौका बन-कर उन प्राणियों को संसृतिरूपी समुद्र से पार करता रहता है ॥६४॥

भरतभुवनमस्ति तीर्थमार्यं ननु सततं हि चराचरोद्दिधीर्षु ।
विविधमतिरतो विभिन्नभाषो विषमगतिश्च जनोऽत्र दृष्टिमेति ॥

इसलिए भारतवर्ष संसार भर के उद्धार का इच्छुक एक तीर्थ है । इसीलिए तो यहाँ विभिन्न मत, विभिन्न भाषा और भाँति भाँति के आचरण वाली जनता विकसित हुआ करती है ॥६५॥

इति मुनिजनता सुतद्वयीं तामथ च सतीमपि तां वने निरीक्ष्य ।
हृदयमतिममत्वतोऽतिभूमिं गमयति हन्त विकल्पसंहतेः स्म ॥

उस आश्रम के मुनिजन इन बच्चों और उस सती को देखते तो हृदय को कल्पनाओं में बहुत दूर पहुँचा देते थे ॥६६॥

परमियमुपलं विनाशहेतुमपि मसृणं सृजतेङ्गुदीफलेन ।
अधिगतविनया विधित्सुरासीज्जगदखिलं निजसिद्धि-सिक्तमेव ॥

ऐसा विचार मुनिजन तो करते थे परन्तु सीता ने अपने विनाशक पत्थर को भी स्निग्ध करते इंगुदीफल से शिक्षा ली थी और वे अपनी सिद्धि से समस्त संसार को सिक्त करना चाहती थीं ॥६७॥

दशति दृढमपि स्तनं स्ववत्से विचलति वत्सलभावतो न धेनुः ।
अपि शकलयति स्वपत्रशाखमवनिरुहो न खगे विरुद्धवृत्तिः ॥

थन में दाँत गड़ा देने पर भी बछड़े पर गाय वात्सल्य करना नहीं छोड़ती, और पत्ते तथा शाखाएँ कुतरने पर भी पक्षियों को वृक्ष भागते नहीं ॥६८॥

असति सति, लघौ पृथौ च वृत्तिर्न विषमतामिह भारते प्रयाति ।
सति सति सति, यद्, विरुद्धवृत्तिः सरिति शिलेव शिवत्वमेति कच्चित् ॥

संकेतः—सति सत्पुरुषे सति सत्त्वनिष्ठे सति विद्यमाने । यद् येन हेतुना विरुद्धवृत्तिर्जनः । सरित् सलिलमयी, शिला च पाषाणवपुः एवं सापि सरितो

विरुद्धवृत्तिरेव। यथा च सरित्तामत्यजन्त्यां शिलापि शिवपिण्डतामेति तथैव प्रकृते ॥६९॥

असत् हो या सत् और छोटा हो या बड़ा, भारत में किसी के भी साथ व्यवहार में विषमता नहीं अपनाई जाती, क्योंकि यदि सत् सत् ही रहा आए तो विरोधी व्यक्ति भी कभी न कभी शिवभाव में परिणत हो जाता है, नदी में शिला की भाँति ॥६९॥

रघुपतिदयितापि तेन काश्चिच्छरद उदस्य विषादमात्मजातौ।
निजभुवनविकासनेच्छुरेषा विधिवदपुष्यदतिप्रशान्तचेताः ॥

संकेतः—आत्मजातौ कुशलवावपुष्यत् दैवादिकस्य पुष्यतेर्लुङ् ॥७०॥

इसलिए भगवान् राम क प्रिया सीता भी कुछ वर्षों तक हृदय का विषाद दूर कर, अपने राष्ट्र के विकास की इच्छा से अपने बच्चों को अतीव शान्त चित्त से पालती रहीं ॥७०॥

तदनु च विशदात्मा सात्मनो ज्योतिषा, स्वं
तनयमिथुनमेतद् बोधवह्नौ विशोध्य।
पुरुष-फल-चतुष्के जागरूकौ विधातुं
निरचिनुत गुरुत्वे दृष्टवेदं कविं तम् ॥

संकेतः—स्वयमेव दत्तशिक्षाविमौ। ततस्तयोः पुरुषार्थनिश्चयार्थमेव सा सीता तदुपयुक्तस्य गुरोर्निर्वाचनमकरोत् ॥७१॥

और उसके पश्चात् अपनी आत्मज्योति से पवित्र उस (सीता) ने अपने इन दोनों पुत्रों का भी ज्ञानाग्नि से शोधन किया तथा पुरुषार्थ-चतुष्टय के चौक में जागरूक बनाने हेतु उनके लिए श्रुतियों के द्रष्टा उस कवि [वाल्मीकि] को गुरु चुना ॥७१॥

इति सनातनोपाह्व-श्रीमद्-रेवाप्रसादद्विवेदि-कृतौ 'सीताचरित'-
नाम्नि सर्गबन्धे जानकीमुनिवृत्तिर्नाम
षष्ठः सर्गः ॥६॥

सप्तमः सर्गः

अथ धृत-चतुरस्रवेद-पीठं कविमुपनीय सुतौ विदेहजा तौ ।
शरवणभवतेजसौ सुयोगे विहितनतिर्विनिवेदयाम्बभूवे ॥

संकेतः—सुतौ कविं कवेर्वाल्मीकेः पार्श्वमुपनीयेत्यन्वयः शरवणभवः कार्त्तिकेयः। सुयोगे शोभने योगे ॥१॥

तदनन्तर सीता ने कार्त्तिकेय जैसे तेजस्वी दोनों पुत्रों को चारों वेदों की चतुरस्त्र [विशद और चौकौन] पीठिका पर आसीन उस कवि [वाल्मीकि] के पास शुभ मुहूर्त्त में पहुँचाया और प्रणाम कर निवेदन किया ॥१॥ [यही हुआ उपनयन] ॥

नियतमिह चराचरे प्रपञ्चे नयनगतश्च परोक्षतां श्रितश्च ।
न खलु जगति कश्चनापि भावो भवति कवेर्विसिनोति यं न दृष्टिः ॥

संसार में जो यह चराचरात्मक प्रपञ्च है इसमें निश्चित ही प्रत्यक्ष या परोक्ष कोई भी पदार्थ ऐसा नहीं है जिसका प्रत्यक्ष कविदृष्टि न करे ॥ २ ॥

ऋषि-मुनि-कवि-ता-त्रिवेणिरार्या प्रवहति मानसनाम्नि वः प्रयागे ।
प्रभवति खलु विश्वदैवते वो हृदयमिदं ननु कार्मणे विधाने ॥

संकेतः—भाववचनस्य तलो द्वन्द्वात् परत्वात् त्रितयेनापि ऋषिप्रभृतिनाऽभि-संबन्धः । विश्वदैवतं विश्वमेव देवता यत्र तादृशं कार्मणं वशीकरणम् ॥३॥

आपके हृदयरूपी प्रयाग में ऋषिता, मुनिता और कविता की आर्य त्रिवेणी सतत प्रवहमान रहती है, और इसीलिए आपका यह हृदय विश्वरूपी देवता के वशीकरण के कठिन अनुष्ठान में समर्थ है ॥३॥

शिशुहृदि शयिता च येन विद्याज्वलनशिखा स्पृशतीव वैश्वरूप्यम् ।
शिवतममिदमस्ति कारणं सत्कुलपति-पावनशारदाऽनुभावः ॥

संकेतः—एतद्धि विश्वविद्यालयस्वरूपम् ॥४॥

भगवन् ? शिशुओं के हृदय में प्रसुप्त जो विद्यारूपी अग्निशिखा है वह जिससे विश्वरूप प्राप्त करती है वह अतीव शिव कारण है अच्छे कुलपति की पवित्र विद्या का प्रभाव ॥४॥ [यही है विश्वविद्यालय का अर्थ]

पितरमिव भवन्तमाश्रिताहं भरतमहीलघुलेष्टुकाविमौ द्वौ ।
निज-निजजनता-परिष्क्रियायै चरणयुगे भवतो निवेदयामि ॥

संकेतः—भरतमही भारतं वर्षम् । निजस्य पुत्रयोः स्वव्यक्तित्वस्य, निजजनतायाः पुत्रयोरेव या जनता तयोः परिष्क्रियाया इत्यर्थः ॥५॥

पिताजी के समान आपके आश्रित रह रही मैं भारतभूमि के इन दो नन्हें से कंकरों को आपके चरणों में अर्पित करती हूँ इनके स्वयं के और स्वयं की जनता के परिष्कार के लिए ॥५॥

ऋषि-मुनि-जनसंसदि प्रसादि प्रमति च हारि च तद्वचो निशम्य ।
कविरभवदसौ समाहितात्मा क्षणमथ वाचमिमामुवाच गुर्वीम् ॥

संकेतः—तस्यास्तच्च वचस्तद्वचः ॥६॥

ऋषिजन और मुनिजन की संसद् में सीता के उस प्रासादिक, बुद्धिमत्तापूर्ण और आकर्षक वचन को सुनकर कवि (वाल्मीकि) क्षण भर के लिए समाहित हो गए और उसके पश्चात् अतीव सारगर्भित यह वाणी बोले ॥६॥

दुहित इह पुमान् स जातमात्रो भवति महान् स्वत एव, यः सतीनाम् ।
प्रभवति शिवकुक्षितो महार्हो मणिरिह रत्नसुवो भुवः प्रसूतः ॥

संकेतः—जातमात्र एवेति विवक्षा । जातमात्र एव स पुमान् महान् भवति य इत्यन्वयः ॥७॥

बेटी, संसार में वह पुरुष जनमते ही महान् हो जाता है जो सती माताओं की कल्याणी कुक्षि से पैदा होता है । मणि महार्ह (बहुमूल्य) इसीलिए तो होता है कि वह रत्नप्रसू भूमि से पैदा होता है ॥७॥

रविकुलमहिषी विदेहपुत्री भरतमहीमुनिशोणितोद्भवा च ।
त्वमिव जगति हन्त यस्य माता गुरुरपरः क इवास्य शिक्षणे स्यात् ॥

इस संसार में रविकुल की राजरानी, विदेह की पुत्री और भारतवर्ष के मुनियों के रक्त से बनी तुम जैसी हो जिसकी माता, उसकी शिक्षा के लिए दूसरे किस गुरु की अपेक्षा हो सकती है ॥८॥

गुरुरपि खलु पुण्यभाक् स भूम्ना शिशव इमे ननु यत्कुले विनेयाः ।
अनल इह महान्, स मन्त्रपूतं वहति यतो हविरोषधीमहिष्ठम् ॥

संकेतः—औषधीमहिष्ठम् मन्त्रपूतं हविर्वहतीन्वः ॥

अथवा वह गुरु भी बड़ा ही पुण्यात्मा होगा जिसके आश्रममें ऐसे शिशु शिक्षाके लिए आवें। संसार में अग्नि महान् क्यों होता है, इसीलिए कि वह मन्त्रपूत और औषधियों से गरिष्ठ हविष्य का वहन करता है ॥९॥

भगवति ! विदिताखिलो मनुष्यो भवति निसर्गत एव जन्मशुद्धया।
न खलु बहिरुपाधिमाश्रयन्ते खनिजनुषो मणयः प्रकाशसिद्धयै ॥

संकेतः—जन्मशुद्धिर्हि ज्ञानलाभे भारतीयो मन्त्रः ॥१०॥

भगवति सीते ! जिसका जन्म [गर्भाधान से प्रसव तक] शुद्ध होता है वह मनुष्य स्वभाव से ही सर्वविद् होता है। प्रकाश के लिए आकरोद्भव मणि किसी बाह्य उपाधि की अपेक्षा नहीं रखतीं ॥१०॥

अतिमहति सुजन्मनि स्वयं हि श्रुतिनिधयोऽप्युपचिन्वते वपूंषि।
शितमहसि कुतो नु रश्मिजालं प्रभवति, हन्त कुतश्च शीतरश्मौ ॥

संकेतः—शितं तीक्ष्णं महः प्रकाशो यस्य स सूर्यः ॥११॥

जिसका जन्म शुद्ध होता है वह अतिमहान् होता है। उसमें सभी श्रुतियाँ परिपोष को प्राप्त होती हैं। सूर्य में किरणें अपने आप क्यों प्रस्फुटित होती हैं, और क्यों प्रस्फुटित होती हैं वे चन्द्र में अपने आप ॥११॥

भगवति ! भुवनान्तरालमेतन्निखिलमपि ज्वलितेऽनले यथार्चिः।
प्रकृतिपुरुषयज्ञसंविधानात् स्वयमुपतिष्ठति मानुषे निकाये ॥

संकेतः—प्रकृतिपुरुषौ भूतयजमानौ बहिः, चैतन्यशरीरे चात्मनि संबद्धावेव भासेते। तयोः संबन्ध एवायं यज्ञः। निकायः शरीरम् ॥१२॥

भगवति सीते ! प्रकृति और पुरुष का जो यह यज्ञसंविधान है इसके कारण यह पूरा का पूरा विश्व, मनुष्यशरीर में उसी प्रकार उपस्थिति रहता है जिस प्रकार ज्वलित अग्नि में अर्चि ॥१२॥

रघुपतिदयिते ! विदेहपुत्रि ! द्विजललने ! शृणु भारतप्रतिष्ठे !।
क्वचिदपि, पुरतश्च कस्यचिद् वा नमयति शीर्षमतो न भारतीयः ॥

इसलिए, रघुपतिदयिते, विदेहपुत्रि, द्विजललने और भारतप्रतिष्ठे सीते, सुनो, भारतीय व्यक्ति कहीं भी और किसी के भी सामने अपना सिर नहीं झुकाता ॥१३॥

जननसमयतः स कल्पनानां तरुषु भवानि समश्नुते फलानि।
अथ सुपरमचिन्तनामणीभिर्भवति च तस्य विनोद-देवनानि ॥

पिबति तदनु सोऽयमार्यबालो मधुरसमुच्छ्रिति-कामनागवीनाम् ।
मनसि वपुषि चायुषि त्रिलोक्यां व्रजति परात्परतां च दिव्यदिव्याम् ॥

संकेत:—कल्पनानां शिवतमसंकल्पानां तरुषु, राहोः शिर इवाभेदे षष्ठी, सुपरमपदमांग्लभाषायाः सुप्रीम—पदेन निष्काश्यम् । तादृशानि चिन्तनान्येन मण्यश्चिन्तामणयः । ईकारान्तोपि मणिशब्दो लभ्यते । उच्छ्रितिः समुच्छ्रय उदात्ततारूपः तस्याः कामनैव गौः कामधेनुः ॥१४-१५॥

वह तो जन्मकाल से ही कल्पनाओं के कल्पवृक्षों में लगे फल खाता है और उसके क्रीडाकौतुक होते हैं सुपरम (Supreme) चिन्तन की चिन्तामणियों (की गोलियों) से । उसके पश्चात् यह आर्यबालक दूध पीता है उत्कर्ष की कामना रूपी उत्कृष्ट कामधेनु का । और मन, शरीर तथा आयुष्य में वह तीनों लोकों में दिव्यता और परात्परता प्राप्त कर लेता है ॥१४-१५॥

भरतमनलमात्मसाद् विधाय प्रतिकलमभ्युदयैषिणो द्विजेन्द्राः ।
अधिशुचि दृढशाद्वलप्रतिष्ठा भुवनमिदं स्थगयन्ति यागयोगैः ॥

संकेत:—भरताख्योनलो वेदेषु प्रसिद्धः । यागो रासायनिकं मिश्रणम्, योगश्च संयोगः । यज्ञा योगाश्चेति समुदारौ शब्दौ ॥१६॥

(भारतवर्षको भारत नाम देने वाली) भरत नामक अग्नि को आत्मसात् कर प्रतिक्षण अभ्युदय की इच्छा रखने वाले उत्तम द्विज, ग्रीष्म में भी दृढ़ रहने वाले दूर्वादल से सुप्रतिष्ठ रहते और याग तथा योगों से इस सम्पूर्ण विश्वको भरते रहते हैं ॥१६॥

कलुषरहितमात्मतत्त्वमार्यो रविकिरणेष्वनुसंदधाति सोऽयम् ।
अविरलविशदं तथैव चेतोऽप्यमृतगभस्ति-गभस्तिषु प्रबुद्धः ॥

संकेत:—कलुषरहितमात्मतत्त्वमात्मनः कालुष्यराहित्यम् एवमेव चेतसोऽविरलविशदत्वम् । अमृतगभस्तिः शशी ॥१७॥

यह आर्य, निष्कलुष (विशुद्ध) आत्मतत्त्व का अनुसन्धान करता है सूर्य की किरणों में (याज्ञवल्क्य के समान) और सदा प्रबुद्ध यह सदा विशद रहने वाले चित्त का अनुसन्धान करता है अमृतरश्मि (चन्द्र) की रश्मियों में ॥१७॥

इदमिदमिदमस्ति नेदमित्थं स्वयमुपबुद्धविशुद्धबुद्धिरेषः ।
अरुचिररुचिरे समानभावास्वनलशिखास्वनुवीक्षते विवेकम् ॥

विशुद्ध बुद्धि इसमें स्वयं जागती है और 'यह यह है' 'यह यह नहीं' इस प्रकार विवेक के दर्शन यह अरुचिर तथा रुचिर दोनों में समान रहने वाली अग्नि-शिलाओं में कर लिया करता है ।।१८।। अनुवीक्षते आनुवीक्षिकीं तनुते ।।१८।।

जगदिदमखिलं महाविराटद्रढिम-परीगत-दंष्ट्रिकाऽग्रलग्नम् ।
नियतमनृतमेव नास्ति सत्यमिति च कुहूं ब्रुवतीमसौ शृणोति ।।

संकेतः—महाविराटस्य द्रढिम्ना परीगताया द्रंष्ट्रिकाया अग्रभागे लग्नं परिणामि ।।१९।।

अमावस्या को, यह आर्य बालक 'यह संपूर्ण विश्व महाविराट की दृढ दंष्ट्रा की नोंक पर झूल रहा है। यह निश्चित ही झूठा है। सत्य कथमपि नहीं'—इस दर्शन का उपदेश करती सुनता है ।।१९।।

अधिदिवसमथाधिरात्रि सन्ध्यास्वपि च पिनद्धमहोपदेशमाल्यः ।
प्रकृतिमहति वर्त्मनि श्रुतीनां भवति महापथिकः स्वयं द्विजेन्द्रः ।।

इस प्रकार दिन में, रात में और इन दोनों की सन्ध्या में, उक्त उपदेशों की माला पहनते रहने का अभ्यासी द्विजेन्द्र श्रुतियों के प्रकृतिमहान् पथ पर (बिना किसी के निर्देश के) स्वयं ही यात्रा करता चलता है ।।२०।।

पुनरपि निगदामि तेन नासौ क्वचिदपि मस्तकमात्मनोनमार्यः ।
विनयपरिगतोऽपि शिक्षणाय श्लथयति कुत्रचनापि भारतीयः ।।

इसलिए पुनः कहता हूँ कि यह भारतीय आर्य विनीत होते हुए भी अपना मस्तक कहीं भी, कम से कम शिक्षा के लिए, नहीं झुकाता ।।२१।।

कुलपतिरथवा महापदेष्टा शिशुषु परं सृजतीह संस्कृतिं स्वाम् ।
इयमुपचिनुते लतासधर्मा फलयितुमेव च जन्मनः फलानि ।।

कुलपति या आचार्य शिशुओं में केवल अपनी संस्कृति को छाप छोड़ते हैं। और वह लता सी बढ़ जाती है जन्म के फलों (पुरुषार्थों) को फलने हेतु ।।२२।।

प्रतिहतगतिरस्तु मा मनुष्यः पठतु भगीरथसाहसस्य विद्याम् ।
अभिजन-जनते सरस्वतीनाममृतसरांसि समर्प्य तोषयेच्च ।।

मैं चाहता हूँ 'मनुष्यकी गति प्रतिहत न हो, वह भगीरथ-साहस की विद्या पढ़े और अपने वंश तथा अपनी जनता को सरस्वती (भाँति भाँति की विद्याओं) के अमृत रस समर्पित कर संतुष्ट करे' ।।२३।।

जनकदुहित ! एष ते नियोगः शिशुविनयाय ममास्ति मान्यमान्यः ।
भवति हि भवती प्रजार्थतन्तुस्थितिविषये दृढमूलधर्मभित्तिः ॥

इसलिए हे विदेहराज जनक की पुत्री, इन बच्चों के शिक्षण की तुम्हारी यह आज्ञा मुझे अतीव मान्य है। आप ही न हैं प्रजा (बच्चे और जनता) के हित की रक्षा में निरत धर्म की दृढ़ भित्ति ॥२४॥

युगलमिदमतः परीक्ष्य शिक्षारुचिमनुरूपमहं प्रशिक्षयिष्ये ।
व्रजति विफलतां सतां प्रयासो रुचिपयसां शिखिवर्त्मकर्षणेन ॥

संकेतः—पयो हि नीचैर्गमनशीलम्, शिखी चोर्ध्वगामी ॥२५॥

मैं इन दोनों को प्रशिक्षित करूँगा किन्तु यह देखकर कि इनकी रुचि कैसी शिक्षा के प्रति है, क्योंकि अच्छे शिक्षकों का भी प्रयास विफल हो जाता है यदि रुचिरूपी जल को अग्नि के रास्ते खींचा जाए ॥२५॥

प्रथममिदमहं निभालयामि क्षितिपरिपालनदक्षमार्यवीर्यम् ।
स्फुरति कनकवद् विशुद्धिमुग्धं सुतयुगले तव वा नवेति पुत्रि ! ॥

संकेतः—क्षत्रो हि क्षितिं परिपालयितुमेव लब्धसंज्ञः ॥२६॥

पहले तो मैं यह देखूगा कि तुम्हारे इन दोनों बच्चों में पृथ्वी की रक्षा में दक्ष सुवर्ण सी विशुद्ध जो आर्य शक्ति है वह स्फुरित हो रही है या नहीं ॥२६॥

तदनु ललितसंविधानमार्गे ध्वनिमहिते सुजनान्तरात्मविद्ये ।
गणितखनिजशिल्पभूप्रतिष्ठानिगमपथेऽप्यनयोः प्रकाशमीक्षे ॥

संकेतः—ध्वनिमहितः सुजनान्तरात्मविद्याभूतश्च ललितसंविधानमार्गः साहित्यतत्त्वमार्गः। खनिजं भूगर्भशास्त्रम्, शिल्पमिति विज्ञानाभियान्त्रिकीशास्त्रम्, भूप्रतिष्ठा भूगोलशास्त्रम्। निगमः शास्त्रम् तच्च गणितादिभिः सर्वैरेव संबध्यते ॥२७॥

तब यह देखूंगा कि ये ललित कलाओं, सहृदयों की ध्वनि नाम से प्रपूजित आत्मविद्या (अपनी साहित्यविद्या) और गणित, खनिज, शिल्प (विज्ञान) और भूगोलशास्त्र में इनका अन्तःप्रकाश कैसा है ॥२७॥

इदमखिलमपि ब्रवीमि पूर्वं मतिपरिपाकविधानमेव देवि ! ।
जन-जन-हित-संविधानमन्यद् भवति यदेतदतः परं ब्रवीमि ॥

यह सब जो कह रहा हूँ यह तो बुद्धि को परिपक्व करने का उपाय है। जनजन का हितसंपादक उपाय दूसरा ही है। वह जो है उसे अब कहता हूँ ॥२८।

सुपठितमपि भूयसा वृथैव द्विजललने ! भवतीह पण्डितानाम् ।
यदि भवति न तत् प्रजाप्रतिष्ठापरमफलाय निवासिनां समाजे ॥

हे द्विजललने, पण्डितों का बहुत ही उत्तम अध्ययन भी निरर्थक हो जाता है यदि समाज में रहने वाले इन पण्डितों का वह अध्ययन प्रजा की प्रतिष्ठा के परमलाभ में सफल सिद्ध नहीं होता ॥२९॥

बत, बुधजन एव सूत्रधारो भवति यदा प्रकृतेरनुक्रियायाः ।
जगति किमिति निष्क्रियत्ववज्रैरसमय एव हिनस्ति तां तदेषः ॥

संकेतः—प्रकृतेरनुक्रिया हि यज्ञः । तां नाविद्वान् प्रवर्त्तयेत ॥३०॥

बड़े ही दुःख की बात है कि जब विद्वज्जन ही होते हैं सूत्रधार प्रकृति के अनुकरण (रूपी नाट्य यानी यज्ञकार्य के, तब ये संसार में अपनी निष्क्रियता के वज्र से उस अनुकरण (रूपी अंकुर) को असमय में ही क्यों काट देते हैं ॥३०॥

भवति कवयितुर्विपश्चितोऽदो व्रतमथवात्र महाव्रतं यदेषः ।
जनजनहृदयं प्रकाशराशेर्विशदतया विशदीकरोतु कामम् ॥

कविता करने वाले विद्वान् का यह व्रत होता है, और व्रत ही नहीं, महाव्रत होता है, कि यह प्रत्येक व्यक्ति के हृदय को प्रकाशराशि की उज्ज्वलता से पर्याप्त उज्ज्वल करे ॥३१॥

स हि परमतमो निजार्थदर्शी भवति जनः परिशील्य यस्तु शास्त्रम् ।
विपथगतिजुषां गतीर्निरोद्धुं विरततया यतते न लेशतोऽपि ॥

वह बहुत ही बड़ा स्वार्थी है जो शास्त्रों का परिशीलन कर विरक्त हो जाता है और विपक्षगामी जनों को रोकने का स्वल्प प्रयत्न भीन हीं करता ॥३२॥

इति रघुकुलकीर्तिकेतुभूते मनुजसमाजनियन्तरि द्विजातौ ।
तव कुश-लव-नाम्न्यपत्ययुग्मे प्रतिपदमस्मि समाजगां दिदृक्षुः ॥

इसलिए तुम्हारे ये जो मनुष्य समाज के नियामक कुश लव नामक दो द्विजन्मा हैं देखना चाहता हूँ कि समाज के प्रति इनकी प्रवृत्ति कैसी है ॥३३॥

भवति यदि न मे कथेयमच्छा वद तदभूत् किमु कारणं यदार्यः ।
स्थितिषु परमपूरुषोऽपि रामोऽत्यजदमलां भवतीमभिन्नचेताः ॥

यदि मेरा यह कथन ठीक न हो तो बतलाओ वह कौन कारण था कि आर्य, महान्, मर्यादापुरुष और अभिन्नचित्त होते हुए भी राम ने आपको छोड़ दिया जो अमल थी ॥ ३४ ॥

भगवति! परमेकमत्र तत्त्वं तव परिदेवनमूलमुन्नयामि ।
रघुपतिजनता न शिक्षितास्ति, भवति च तन्त्रमितः सतां विरक्तिः ॥

भगवति, तुम्हारी इस वेदना का एक ही कारण मुझे दिखाई देता है। यह कि राम की प्रजा शिक्षित नहीं है। और इसमें कारण है विद्वानों, सत्पुरुषों और साधुजनों का वैराग्य ॥ ३५ ॥

अयि बत, यदि विद्यया सतीनां न हि परिपालनमस्ति किं तया नः ।
सुरभिरपि वृथैव पायसैश्चेद् यदि न समेधयतेऽत्र विक्लवान् सा ॥

बड़े ही दुःख की बात है। अरे, यदि विद्या से सतियों का संरक्षण नहीं होता तो उससे लाभ ही क्या! कामधेनु भी मिल जाए तो वह किस काम की यदि वह अपने दूध से उन व्यक्तियों का पोषण नहीं करती जो दया के पात्र होते हैं ॥ ३६ ॥

क्षणपरिमितमस्ति चेत् समस्तं चरमचरञ्च निरीक्ष्यमाणमेतत् ।
तदिह तरलवीचिकासु सिन्धुर्नियतमुपास्यतमो हि विश्वमूर्त्तिः ॥

यदि (उक्त महापुरुषों के वैराग्य का कारण बौद्धों जैसा यह चिन्तन हो कि) चर और अचररूप यह समस्त विश्व क्षणिक ही है तो उन्हें (वैदिकों का यह निर्णय भी स्मरण करना चाहिए कि) चञ्चल तरंगों के बीच समुद्र के समान इस विश्व में छिपा एक विश्वमूर्त्ति तत्त्व भी है जो निश्चित ही सर्वाधिक उपास्य है ॥ ३७ ॥

स च नरि नरि चेतनास्वरूपात् स्थितिमधिगम्य विभुश्चकासदास्ते ।
यदि न निगमशालिभिर्मनुष्यैरपचितिरस्य विधीयते कृतं तैः ॥

संकेतः—अपचितिः पूजा ॥ ३८ ॥

वह विश्वात्मा प्रत्येक पुरुष में चेतनारूप से अवस्थित होकर प्रकाशित हो रहा है। यदि वे मनुष्य, किसके पास अपौरुषेय वेद राशि भी है, इसकी पूजा नहीं करते तो उनसे क्या? ॥ ३८ ॥

इयमिह मम वर्तते मनीषा तव तनयावथ तद्वदेव सर्वे ।
द्विजकुलशिशवो जगन्ति विद्याविशदपथेन विवेकतो नयन्तु ॥

यह जो मैंने कहा इसमें मैं कुल मिलाकर इतना ही कहना चाहता हूँ कि तुम्हारे ये दोनों पुत्र और इसी प्रकार द्विजकुल के सबके सब बालक, विद्या के उज्ज्वल पथ से सारे संसार को आगे बढ़ावें ॥ ३९ ॥

अथ च कमलपत्रतां दधाना विषयसरोऽम्भसि नीरजस्कभावात् ।
हृदयगगन आविलाभ्रभावैरनिबिडतां समुपार्जयन्तु सर्वे ॥

और स्वयं विषयरूपी तालाब के जल में कमलपत्र की भाँति निर्लेप रहकर अपने हृदयाकाश को मलिनता के बादलों से न घिरने दें ॥ ४० ॥

इति सरलमना विवेकशीलो भुवनहितेच्छुरथान्तरे विरक्तः ।
अलमलमिति संकथां समाप्य प्रतिजगृहे रविवंशशावकौ तौ ॥

इस प्रकार सरल चित्त, विवेकी, विश्वकल्याण के इच्छुक किन्तु चित्त से विरक्त वाल्मीकि ने 'बहुत हुआ बस, अधिक आवश्यक नहीं'—इन शब्दों में अपना वक्तव्य पूर्ण कर सूर्य वंश के उन दोनों बच्चों को स्वीकार कर लिया ॥ ४१ ॥

दिनमपि कथयाऽनयैव सार्धं स्थविरदशामगमत् पदे महर्षेः ।
गतवयसि विटे नु यत्र रागै रुचिचिकुराः सिततां निराचिकीर्षन् ॥

संकेतः—रागै रंजनद्रव्यैः खिजाबादिलोकपदवाच्यैः ॥ ४२ ॥

और महामुनि वाल्मीकि के आश्रम में दिन भी इसी वक्तव्य के साथ ही स्थविरदशा [बुढ़ौती] में जा पहुँचा, बूढ़े विट के समान उसके रुचिचिकुर (केश जैसा किरणें) भी रागों (सायंकालीन ललोंई और खिजाब आदि बाल रंगने वाले पदार्थों) से सफेदी दूर कर रहे थे ॥ ४२ ॥

वटुजन इव सान्ध्यिकः प्रणामस्वर उदियाय पतत्त्रिणां समूहे ।
ऋषिजन इव किं च दिग्विभागादुटजभुवं समियाय गोसमूहः ॥

संकेतः—सान्ध्यिक इति 'तत्र नियुक्त' [४।४।६९] इति ठक् ॥ ४३ ॥

(प्रस्तुत उपमानों में संध्या का वर्णन) तब वेदपाठी मुनि बालकों के ही समान पक्षियों में भी सन्ध्याकालीन प्रणामस्वर जाग उठा। और गोसमूह भी ऋषिजनों की भाँति उटज के पास आ उपस्थित हुआ विभिन्न दिशाओं से ॥ ४३ ॥

हविरुपशममानिनाय धूमैर्हरिति हरित्यघमग्नये विसृष्टम् ।
श्रुतिसुभग ऋचां स्वरोऽन्तरीक्षं परिहृतपातकमातनोच्च पूर्णम् ॥

अग्नि में डली आहुति ने धुएँ से प्रत्येक दिशा में पाप का शमन

आरम्भ कर दिया और श्रुतिसुखद वेदपाठ ने अन्तरिक्ष को भी निष्पाप बना दिया ॥ ४४ ॥

अवनिरुहशिखासु सान्ध्यमोजः शलभसमूह इवाश्रयं विलेभे ।
उटजपरिसरे च दीपलक्ष्मीर्गृहहरिणीव रुचिं परां बभार ॥

संकेतः—रुचिः कान्तिः, प्रियत्वं चेति श्लेषः । प्रकृतोभयौपम्यम् ॥ ४५ ॥

तब सान्ध्य प्रकाश वृक्षों की शाखाओं पर टिड्डियों की ही भाँति आश्रय लेने लगा तथा दीपलक्ष्मी पालतू हिरनी के ही समान उटज के समीप अधिक रुचि (चमक भी) लेने लगी ॥ ४५ ॥

अधिनिजलघुगोष्ठकं निरुद्धा सुरभिमृगार्भकसंहतिस्तदानीम् ।
प्रसुवमभि नितान्तमुत्सुकत्वात् प्लुतगतिरास विहङ्गतां गतेव ॥

संकेतः—प्रसुवं जननीमभि प्रति । विहगार्भका अपि तदा तथैव ॥ ४६ ॥

अपने छोटे छोटे गोष्ठों में निरुद्ध बछड़े और मृगों के बच्चे भी उस समय अपनी म ता के लिए अतीव उत्सुक होकर आकाश में उछल रहे थे, मानो वे पक्षी हो गए हों ॥ ४६ ॥

चरमगिरितटेऽथ सान्ध्यमोजो दवदहनादिव शिक्षते स्म रागे ।
सर इव खलु येन दिग्वधूटीघुसृणविवर्णमिवोर्ध्वमालुलोके ।

संकेतः—चरमगिरिरस्ताचलः । तत्तटे दवदहनोपि विद्यमान एव । तत्र यथा रक्तिमा, तथा तदानीमाजस्यप्याविर्बभूव । घुसृणं कुंकुमम् ॥ ४७ ॥

सन्ध्याकालीन ओज पश्चिमाचल के तट पर रक्तिमा की शिक्षा दावानल से ही ले रहा था, जिस कारण, ऊपर की ओर दिग्बालाओं के कुंकुम से मिश्रित सरोवर सा दिखाई दे रहा था ॥ ४८ ॥

दिवसशतदलं दलानि कृत्स्नान्यपि करसंपुटभावमापयित्वा ।
रविमभि हृदयेन यामयात्राप्रणतिपरं भुवनान्तरे व्यलोकि ॥

संकेतः—रविमभि प्रति । भुवनं जलमपि ॥ ४८ ॥

दिनरूपी शतदल कमल भी अपनी सभी पंखुड़ियों को अंजलि बनाकर सूर्य की ओर अन्तिम प्रहर को यात्रा की प्रणामाञ्जलि देता सा दिखाई दे रहा था भुवन (विश्व और जल) के बीच ॥ ४८ ॥

चतसृषु हरितां वनीषु यस्मादवतरति स्म सिताऽसिता तदानीम् ।
रजनिमुखतमःकपोतपाली निववृतिरे निलयाय तेन हंसाः ॥

संकेतः—रजनिमुखं निशामुखम्। तम एव कपोतपाली। हंसाः सूर्य-रश्मयोपि ॥ ४९ ॥

उस समय चारों दिशाओं की वनस्पतियों में निशामुख के तम की चितकबरी कपोतपाली उतर रही थी अतः हंस (सूर्यकिरण रूपी हंसपक्षी) निलय की ओर लौट पड़े ॥ ४९ ॥

भवति विरलसंहतेः सदैव द्युतिमहतोपि जनस्य शत्रुशातः।
इति वदति नु दीपकस्तमांसि शिरसि विधृत्य रवौ गतेऽस्तगर्भे ॥

तेजस्वी व्यक्ति भी यदि संघहीन हो जाए ती उस पर भी शत्रु का आक्रमण हुए विना नहीं रहता यही कहता—कहता दीपक अपने सिर पर अन्धकार धारण कर रहा था सूर्य के डूब जाने पर ॥ ५० ॥

अथ विलुलिततारकं नभोऽभून्नयनमिव द्युतिशून्यमन्धकारे।
विरल-खग-रुतैश्चराचरस्य करुणतमां च दशां लता विवव्रुः ॥

संकेतः—तारकपदेन नयनपक्षे कनीनिका ग्राह्या। निशामुखे तस्या अपि विलुलितत्वमानुभविकम् ॥ ५१ ॥

उसके पश्चात् द्युतिशून्य आकाश अन्धकार छा जाने पर विलुलिततारक (जिसमें तारे टिमटिमा रहे थे) होने लगा (विलुलित है पुतली जिसमें ऐसे) नेत्रों के ही समान। और लताएँ पक्षियों की बिरल चहचहाहट के स्वर में चराचर की करुणतम दशा की कहानी कहने लगी ॥ ५१ ॥

तदनु कपिलधेनुतां दधाना विशदरुचामपदेशतः स्वदुग्धैः।
अधिगत-शशि-वत्सका निशा सा भुवनघटं परिपूरयांबभूव ॥

तब चन्द्रमा का बछड़ा पाकर कपिला धेनु बनी उस रात ने उज्ज्वल किरणों के बहाने अपनी दुग्ध धाराओं से भुवनघट को परिपूर्ण कर (लबालब भर) दिया ॥ ५२ ॥

विरलमधुपबाधया तटाके निभृतपरागहृताऽनिलेन सार्धम्।
कुमुददयितया विभावरीशद्युतिषु च विभ्रमलास्यकं नु तेने ॥

संकेतः—हृता हरणशीलेन ॥ ५३ ॥

और सरोवर में निभृत पराग चुराते अनिल के साथ कुमुदिनी ने चन्द्रमा

की चाँदनी में विभ्रमपूर्ण लास्य करना आरम्भ कर दिया, मधुपबाधा के कम हो जाने से ॥५३॥

निभृतहरिणसंचरासु रथ्यास्वमृतकरेण सुधाभिरुक्षितासु ।
अभवदिव समीरणो वियोगी पथिक इयाय य उत्पथं वनान्ते ॥

संकेत:—अमृतकरः शशी । निभृतेत्यादिना जनरहितत्वमुद्भावितम् । सुधोक्षितत्वेन च पथिकं प्रति नितान्तदुःसहता एकमात्रधवलत्वेन च भ्रमसंभवः प्रकटः ॥५४॥

जिनमें हरिणों का संचार समाप्त हो गया था और जिन्हें चन्द्रमा ने अपनी सुधा (अमृत तथा छुई मिट्टी) से सींच दिया था ऐसी वीथियों में वायु वियोगी पथिक सा घूमने लगा । वह यहाँ वहाँ जो भटक रहा था ॥५४॥

कृतदिवसविरामधर्मकृत्यः कुलपतिराश्रमिभिः स संपरीतः ।
कुशलवशिरसोः स्वपाणिपद्मं व्यधृत च तां विससर्ज संसदं च ॥

कुलपति वाल्मीकि ने भी आश्रमवासियों के साथ सायंकालीन धर्मकृत्य पूर्ण कर कुशलव के सिर पर हाथ रखा तथा उस सभाका विसर्जन कर दिया ॥५५॥

ऋषिमुनिसमितिर्निशामुखे सा कवयितुरस्य निदेशतो विसृष्टा ।
अविशदुटजमुत्पलं दिनश्रीरिव यदिवा हृदयं चितः प्रवृत्तिः ॥

संकेत:—उपमानद्वयमप्यत्र प्राकरणिकम् । चितः प्रवृत्तेर्हृदयप्रवेशो मुनीनां योगनिद्रां गमयति ॥५६॥

इस कवि के आदेश से ऋषियों और मुनियों की वह विसर्जित सभा अपने अपने उटजों में प्रविष्ट हुई वैसे ही जैसे दिनश्री उत्पल में अथवा हृदय-प्रवृत्ति चेतना में ॥५६॥

उपनयनविधिं विधाय सून्वोरिति दुहिता जनकस्य शुद्धबुद्ध्योः ।
निजमुटजमियाय तत्समेता मुनिवचनात्, प्रथमो गुरुः प्रसूर्हि ॥

संकेत:—सुतसमेतत्वे हेतुः मुनिवचनम् । तस्य च पोषकं मातुः प्रथमगुरुत्वम् ॥५७॥

जनक की पुत्री सीता भी अपने शुद्धबुद्धि बच्चों की उपनयनविधि इस प्रकार संपन्न कर उन वाल्मीकि मुनि के ही आदेश से अपने उन दोनों बच्चों के साथ अपने उटज लौटीं । बात यह है कि माता ही हुआ करती है प्रथम और प्रधान गुरु ॥५७॥

निगमविधिभिरेतौ सूरिराद्यः परेद्युर्
विधृतयजनसूत्रौ क्षौरभद्रोत्तमाङ्गौ ।
धृत-चलदल-दण्डौ मुञ्जिनौ चापि कृत्वा
बलिनियमकृते हि प्रापयद् वामनत्वम् ॥

संकेत:—बले राक्षसविशेषस्य बलिनां च नियमकृते नियन्त्रणायेत्युभयत्राप्यनुगामि । चलदलोऽश्वत्थः ॥५८॥

दूसरे दिन उन्हीं मुनि (वाल्मीकि जी) ने वैदिकविधियों से उन दोनों बच्चों का मुण्डन करा उन्हें यज्ञोपवीत सूत्र पहनाए, अश्वत्थ के दण्ड दिए और मूँज की मेखला पहनाई और इस प्रकार उन्हें बलि-नियमन के लिए ही वामन बना दिया (वामन भगवान् ने बलि नामक असुर का नियमन किया था, कुमारों को करना है बली बलवानों का नियमन) ॥५८॥

तदनु नियमशुद्धौ तौ परां चापरां च
प्रतिपदमुपदिश्य प्राच्यविद्यां कवीन्द्रः ।
अगमयत् पटिष्ठामस्त्रविद्यां च दिव्यां
न हि भवति वृषात्मा धर्म उत्सृष्टशृङ्गः ॥

संकेत:—परा विद्या उपनिषदः । अपरास्तदतिरिक्ताः । वृषो हि धर्मप्रतीकः । स च प्रकृत्या हिंसारहितोऽपि रक्षणाय हिंसासाधनं शृङ्गं दधदेव पुराविद्भिरालेख्यते । हरप्पादिषु प्रियदर्शिस्तम्भेषु कालिदासादिषु च तथा तस्योपलब्धेः । तथा च कालिदासः—"खे खेलगामी तमुवाह:०० धुन्वन्मुहुः प्रोतघने विषाणे" [कु० ७।४९] इति ॥५९॥

उसके पश्चात् उन कवीन्द्र (वाल्मीकि जी) ने नियमों में शुद्ध उन दोनों बालकों को परा और अपरा ये दोनों प्राच्य विद्याएँ अक्षर अक्षर करके पढ़ा दीं। और तब अतीव सूक्ष्म और दिव्य अस्त्रविद्या भी उन्हें दे दी। ऐसा इसलिए कि हमारा जो वृषरूप भगवान् धर्म है वह (हिंसक तो नहीं है परन्तु) सींग नहीं छोड़ता ॥५९॥

सकलमतिगुणौ तौ सार्धमन्यैश्च बालै-
र्गुरुजनवचनानां पालने दत्तचित्तौ ।
स्मरणमिव सुबुद्धी सर्वमेवाध्यगातां
भवति निगमलाभो गर्भ एवार्यजातौ ॥

संकेत:—'शुश्रूषाश्रवणग्रहणधारणोहापोहार्थविज्ञानमत्त्वज्ञानानि धीगुणाः' ॥

बुद्धि के सभी (सातों या आठों) गुणों से युक्त और गुरु की आज्ञा के पालन में दत्तचित्त वे दोनों सुबुद्धि बालक अपने अन्य सहाध्यायियों के साथ सभी विद्याएँ ठीक से जान गये। आर्यजाति में तो वेदबोध गर्भ में ही हो जाता है ॥६०॥

कविमतिरिव साध्वी दर्शने सत्पदस्य
नियतिरिव च धीरा कर्मयोगेषु सापि।
अलभत सति चित्ते स्वेऽक्षरं ज्योतिरेकं
प्रियविरहपतङ्गो यत्र शान्तिं प्रयातः ॥

संकेतः—सत्पदं कविपक्षे शोभनानि पदानि। कर्मयोगः फलासंगविवर्जितः कार्यविधिः, पक्षे अदृष्टरूपकर्मणां योगेषु विनियोगेषु। स्वे स्वकीये। ज्योतिरात्मज्योतिः ॥६१॥

सत्पद के दर्शन में कविमति के समान साध्वी और कर्मयोगों में नियति के समान दृढ़ धीर सीता भी अपने शुद्ध चित्त में एक ज्योति पा गई, जिसमें प्रिय-विरह का शलभ शान्त हो गया ॥६१॥

स्तनयुगपरिवेषे कुङ्कुमश्रीर्विभूत्या,
करयुगमणिबन्धे कौतुकश्रीः कुशैश्च।
वपुषि सितदुकूलश्रीः श्रिया वल्कलानां
विनिमयमिव लब्ध्वा चक्रुरस्यां तपांसि ॥

संकेतः—मणिबन्धः अङ्गविशेषः। कौतुकं हस्तसूत्रम् ॥६२॥

तब सीता के शरीर पर आँचल के परिवेष में लगने वाली कुंकुमश्री भी भस्म का रूप अपनाकर मानों तप करने लगी, कलाइयों में मङ्गल सूत्र कुशों का रूप धारण कर और शरीर पर सफेद दुकूल की शोभा वल्कलों की शोभा का रूप लेकर ॥६२॥

इति सुतयुगली सा, सा च तस्याः सवित्री
ऋषि-मुनि-कवि-ताढ्ये धाम्नि तत्रात्मलाभम्।
अलभत हिमशैले भारतीया यथा भूः
सह निजतनयाभ्यां भोटनेपालकाभ्याम् ॥

संकेतः—भोटो भूटाननाम्ना प्रचलितः प्रान्तः। तादृश एव च नेपालः। हिमाचले प्रसिद्धाभ्यां ताभ्यां युक्ता आर्यभूर्भारतभूमिः यथा आत्मलाभं लभते तथैव सीतापि तत्सुताभ्यां सहात्मलाभं सफलत्वमध्यात्मसिद्धिं चालभत ॥६३॥

इस प्रकार दोनों पुत्रों और उनकी उस जननी ने उस ऋषित्व, मुनित्व और कवित्व से समृद्ध आश्रम में उसी प्रकार आत्मलाभ किया जिस प्रकार हिमाचल पर भारतीय भूमि आत्म लाभ करती है अपने पुत्र भूटान और नेपाल के साथ ॥६३॥

इति सनातनकवि-श्रीमद्रेवाप्रसादद्विवेदिकृतौ 'सीताचरित'—
नाम्नि सर्गबन्धे विद्याधिगमो नाम
सप्तमः सर्गः ॥ ७ ॥

अष्टमः सर्गः

प्रतिपादितपुत्रा सा कवये दिव्यचक्षुषे ।
बभावर्पितशब्दार्था प्रतिभेव सुमङ्गला ॥

संकेतः—सुमङ्गला कल्याणी, न तु विनाशिनी ॥ १ ॥

दिव्य दृष्टि कवि को दोनों पुत्र अर्पित कर सीता शब्द और अर्थ को अर्पित करने वाली मांगलिक प्रतिभा सी लग रही थी ॥ १ ॥

सोऽपि बालान्, कणान् दीर्घसत्राग्निज्योतिषो यथा ।
अभ्यासैश्चन्दनैर्यद्वत् पोषयन्नुग्रवद् बभौ ॥

संकेतः—दीर्घत्वेन तादृशशिक्षासत्रस्यापि नित्यप्रवृत्तत्वमाक्षिप्तम् । अभ्यासाः पाठाः । उग्रो दीक्षितात्मनि समाविष्टस्तन्नामा शिवः ॥ २ ॥

दीर्घ सत्र की अग्नि के स्फुलिङ्गों जैसे उन और अन्य बच्चों को अभ्यास रूपी चन्दन का हविष्य दे देकर परिपुष्ट करते कवि वाल्मीकि भी भगवान् उग्र जैसे प्रतीत हो रहे थे । [उग्र यानी अष्टमूर्ति की वह मूर्ति जो दीक्षित यजमान में संक्रान्त होती है । देखिये हेमाद्रिकृत रघुवंशदर्पण ५।४] ॥ २ ॥

चातुर्विद्यवने मत्तमातङ्गत्वमुपागतौ ।
सच्छात्रस्य शुभां वृत्तिं तावपि व्याख्यतामलम् ॥

संकेतः—चत्वारो विद्या एव चातुर्विद्यम्, भावे ष्यञ् ॥ ३ ॥

उन दोनों शिष्यों ने भी चारों विद्या के गहन कान्तार में मदमत्त गजराज बनकर अच्छे छात्रत्व की शुभ वृत्ति की व्याख्या भलीभाँति कर दी ॥ ३ ॥

साङ्गेषु सर्वशास्त्रेषु भावितौ वीक्ष्य तौ कविः ।
समावर्तनसंस्कारहेतोः काव्यं निजं जगौ ॥

संकेत—काव्यं रामायणम् । ॥ ४ ॥

अंगों सहित सभी वेदों और शास्त्रों में उन दोनों को भावित देख कवि ने समावर्त्तन संस्कार के लिए अपना काव्य (रामायण) भी सस्वर पढ़ा दिया ॥ ४ ॥

एवं सीता, सुतौ तस्याः, स चापि गुरुरेतयोः ।
अन्वार्थयन् निजैर्धर्मैराश्रमत्रितयं निजम् ॥

संकेतः—आश्रमत्रितयं गार्हस्थ्यम्, ब्रह्मचर्यम्, वानप्रस्थं चेति। तत्र सीता गार्हस्थ्यम्, सुतौ ब्रह्मचर्यम्, वाल्मीकिश्च वानप्रस्थम् । तदत्यागश्च पुत्र-पालनार्थः ॥५॥

इस प्रकार सीता, उनके दोनों पुत्र और उनके गुरु (वाल्मीकि) तीनों ने स्वस्वधर्म के परिपालन द्वारा तीनों आश्रमों को अन्वर्थ (सार्थक) बना दिया ॥ ५ ॥

निरस्त-तमसावन्त-र्बहिर्ध्वस्तरुजौ च तौ ।
अन्वहार्ष्टां समुल्लेखशुद्धौ रत्नमहोपलौ ॥

संकेतः—समुल्लेखः शाणोत्कषणम् ॥ ६ ॥

वे दोनो बालक भीतर से निरस्ततम (तमः अज्ञान, रोग) थे और बाहर से भी नीरोग। इसलिए ऐसे लग रहे थे जैसे तरास कर तैयार की गयी दो रत्नशिलाएँ हों ॥ ६ ॥

आत्मेन्द्रियमनो - बुद्धि - प्रसाद - शुभ - विग्रहौ ।
रक्षितुं क्ष्मां क्षमामेतौ दिङ्मातङ्गाविवोहतुः ॥

संकेतः—"प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयत" इत्यभियुक्तोक्त्या स्वस्थाविति फलितोर्थः ॥ ७ ॥

आत्मा, इन्द्रिय, मन और बुद्धि से प्रसन्न अतः शुभ शरीर वाले वे दोनों पृथिवी के रक्षण की शक्ति दिग्गजों के समान धारण किए हुए थे ॥ ७ ॥

अनुभावातिभूभूताविमावाश्रमिणां पदम् ।
ररक्षतुस्ततस्तेजोव्ययं चापि महामुनेः ॥

संकेत—अनुभावः प्रभावः। ततः आश्रमपदरक्षणात् तद्रक्षणे संभाव्यं तेजोव्ययं च ररक्षतुरिति योजना ॥ ८ ॥

अत्यन्त दिव्य प्रभाव वाले इन बालकों ने आश्रमवासियों के स्थानों की रक्षा करना आरम्भ कर दिया और उसी के द्वारा महामुनियों के तपोव्यय की भी ॥ ८ ॥

वटुभिर्वेष्टितौ तौ हि सदृशैर्भूरितेजसौ ।
ख्यापयामासतुर्वीतध्वान्तां स्वाध्यायपद्धतिम्

संकेतः—छात्राणामुत्तमं स्वास्थ्यं समानत्वं च स्वाध्यायपद्धतेः शुद्धि प्रमाणयतः ॥९॥

समान बटुओं से घिरे अतीव तेजस्वी वे दोनों बालक स्वाध्याय की निष्कलुष पद्धति का निदर्शन थे ॥९॥

पर्याप्तवक्षसो दीर्घबाहवः पीनकन्धराः ।
शातोदराश्च ते शिष्या वर्णदण्डैर्हि भेदिनः ॥

संकेतः—वर्णा ब्राह्मणादयः, तत्र ब्राह्मणस्य पालाशः, क्षत्रियस्य पैप्पलः, वैश्यस्य चौदुम्बरो दण्डः ॥१०॥

उन सब बालकों के वक्षःस्थल काफी चौड़े थे, भुजाएँ लम्बी थीं, ग्रीवा परिपुष्ट और मांसल थी, किन्तु उदर क्षीण थे। वे सब शिष्य तत् तत् वर्ण के लिए नियत दण्डों को देखने से ही भिन्न प्रतीत होते थे ॥१०॥

अनुशासितचेतःसु तेषु दायित्वधूरभूत् ।
पर्याप्तप्रसरा लक्ष्मीर्यथा वक्षसि शार्ङ्गिणः ॥

दायित्व की धुर अनुशासित चित्त वाले उन बालकों पर उसी प्रकार पर्याप्त प्रसार लिए थी जिस प्रकार भगवान् विष्णु के वक्षःस्थल पर लक्ष्मी ॥११॥

कुलं कुलपतेरासीद् विनीतैस्तैर्वृतं तथा ।
यथा तस्यैव सद् वर्ष्म दान्तान्तःकरणेन्द्रियम् ॥

संकेतः—तस्यैव कुलपतेरेव वर्ष्म शरीरम्, दान्तानि अन्तःकरणानि मनआदीनि इन्द्रियाणि ज्ञानकर्मणोरिन्द्रियाणि चक्षुःपाणिप्रभृतीनि ॥१२॥

कुलपति का उन विनीत बालकों से युक्त कुल भी ऐसा लग रहा था जैसा उन्हीं (कुलपति) का दान्त अन्तःकरण और दान्त इन्द्रियों से युक्त शरीर ॥१२॥

राष्ट्रमुच्छ्वसिति स्मात्र प्राणिति स्म च संस्कृतिः ।
सदाचार-विचारौ हि तयोः प्रभव आदिमः ॥

संकेतः—संश्चासावाचारः संश्चासौ विचारश्चेति विग्रहः। तयोः राष्ट्र-संस्कृत्योः। तत्र राष्ट्रस्य प्रभवः सदाचारः, राष्ट्रस्य कर्मरूपधर्माश्रितत्वात्, संस्कृतेश्च प्रभवो विचारः, तस्या दर्शनाश्रितत्वात् ॥१३॥

इस कुल में राष्ट्र (हर्ष के) उच्छ्वास ले रहा था और संस्कृति प्राणवती बन रही थी। सद् आचार, और सद् विचार ही होते हैं इन दोनों के स्रोत ॥१३॥

इत्थं मुनेः पदं कल्पतरोश्छायामिव श्रिता ।
सीता संपूर्णकामाभूद्, विफलत्वं क्व सत्पदे ॥

संकेतः—संपूर्णकामत्वं च पुत्रसंस्कारात्, आत्मनो दर्शनाच्च ॥१४॥

इस प्रकार वाल्मीकि के कल्पतरु की छाया जैसे उस आश्रम में सीता पूर्ण-काम हो गई [पुत्रशिक्षा तथा योगसिद्धि रूपी कामनाओं के पूर्ण हो जाने से] । सत्पद (सज्जनों के स्थान) में विफलता कैसी ॥१४॥

अथ खण्डत्वमुद्वास्य कर्तुमेकात्मतां भुवः ।
दिग्जयायाश्वमेधाश्वं व्यसृजत् कोसलेश्वरः ॥

संकेतः—पृथिव्याः खण्डत्वं निराकर्तुं रामेणाश्वमेधश्चिकीर्षितः, न तु स्वर्गायेति नूतनता यज्ञफले ॥१५॥

इधर कोसलेश्वर भगवान् राम ने पृथिवी पर खण्डता दूर कर उसे अखण्ड बनाने हेतु दिग्विजय का उपक्रम किया और उसके लिए अश्वमेध का अश्व छोड़ा ॥१५॥

तद्रक्षणप्रसङ्गेन बलेन महता वृतः ।
लक्ष्मणस्यौरसश्चन्द्रकेतुराश्रममाप तम् ॥

उस अश्व की रक्षा के सिलसिले में लक्ष्मण का औरस पुत्र चन्द्रकेतु बहुत बड़ी सेना के साथ (वाल्मीकि) आश्रम पहुँचा ॥१६॥

तद्वीराणां जयोद्घोषानन्यक्षत्रावमानिनः ।
सोढुं नाशक्नुतां सीतासुतौ वीरौ स्वभावतः ॥

उसके वीर सैनिक जयघोष कर रहे थे, किन्तु उसमें दूसरे क्षत्रिय वीरों के अपमान के उद्गार भी थे, अतः स्वभाव से वीर होने के कारण उन जनघोषों को सीता के पुत्र सह नहीं सके ॥१७॥

तावश्वस्य निरोधं हि तादृशामुत्तरं गिराम् ।
अमन्येतां, कटूक्तीनां कटूक्त्या प्रशमः कुतः ॥

उन दोनों उस प्रकार की अपमानपूर्ण उक्तियों का अश्व के निरोध में ही देखा । भला कटु उक्तियों का शमन कटूक्तियों से कहीं हुआ है ? ॥१८॥

चन्द्रकेतुबलं मत्वा पूर्वं तद् बालचापलम् ।
हेलयैव हयं ताभ्यामायसत् कर्तुमात्मसात् ॥

चन्द्रकेतु की सेना ने पहले तो इसे बालजनोचित चपलता समझा, और यूँ ही उनसे अश्व प्राप्त कर लेना चाहा ।। १९ ।।

पश्चात् तयोर्धनुर्मेघ–शर–वर्षैर्निपीडितम् ।
तद्धि प्रधनमेवात्र साधनं प्रत्यपद्यत ।।

संकेतः—प्रधनम् युद्धम् । साधनमश्वप्राप्त्युपायम् ।।२०।।

किन्तु उन बालकों के धनुषरूपी मेघ की बाणवर्षाओं से पीडित उस (सेना) ने युद्ध को ही आवश्यक साधन माना ।। २० ।।

एकतो मुनिबालौ द्वावन्यतो महती चमूः ।
आश्चर्यसाहसोत्साहा आसँस्तत् तत्र दर्शिनः ।।

एक ओर केवल दो मुनिबालक थे और दूसरी ओर अति विशाल रणवाहिनी, अतः उस समय आश्चर्य, साहस और उत्साह ही थे उस युद्ध के दर्शक ।। २१ ।।

एकत्र तमसातीरतपोऽन्यत्र बलोदधिः ।
कारुण्यैकरसं तस्मात् पूर्वं युद्धं व्यभाव्यत ।।
पश्चाद् बालावदृश्येतां कन्यावृषरवी यथा ।
सैन्याम्बुदसमुद्रेऽस्मिञ्छोषाय शररश्मिभिः ।।

इस प्रकार एक ओर तमसा तट था और दूसरी ओर सैन्यसागर, जिससे वह युद्ध आरम्भ में तो केवल करुण रस का ही विभाव बना ।।२२।।

किन्तु बाद में वे दोनों बालक ऐसे दिखाई दिए जैसे कन्या (आश्विन) और वृष (ज्येष्ठ) के सूर्य हों बाणरूपी रश्मियों से उस सैन्यरूपी मेघाडम्बर या समुद्र को सोखने हेतु ।। २३ ।।

तयोः शस्त्रे च शास्त्रे च समानं वीक्ष्य विक्रमम् ।
भारती भारतस्यास्य प्रीतिलास्यं तदाऽऽददे ।।

उस समय उन बच्चों का पराक्रम शस्त्र और शास्त्र दोनों में बराबर देखकर इस भारत देश की भारती खुशी से नाच रही थी ।।२४।।

कविः कारुण्यभूर्यो हि पित्रे रामायणं व्यधात् ।
आसीदद्य स पुत्राभ्यां शौर्यबन्धाय बाधितः ।।

और श्रीवल्मीकि, जिन्होंने पिता के लिए रामायण नामक करुण रस का काव्य लिखा था वे ही आज बाध्य हो गए थे इन पुत्रों के लिए वीर रस का काव्य लिखने हेतु ।। २५ ।।

तटस्थत्वाद् विकारेभ्यः शुभोदर्कतया च सः ।
युद्धमेतन्निरोद्धुं नो मुनिरैच्छन्महामतिः ॥

महामति मुनि वाल्मीकि ने इस युद्ध को रोकना नहीं चाहा, इसलिए कि एक तो वे विकारों से तटस्थ थे, दूसरे वे जानते थे कि उसका परिणाम अच्छा होने वाला है ॥ २६ ॥

हन्त पर्जन्यधारासु विभावसुकणा इव ।
बालयोरस्त्रवर्षासु चमूबाणा वृथाऽभवन् ॥

अब क्या कहना था। बच्चों के बाणों की वर्षा में सेना के बाण व्यर्थ हो गए, पर्जन्य (मेघ) की धाराओं में अग्नि के कण के समान ॥ २७ ॥

यद्वा प्रलयकालाग्नौ यथा तेजसि बालयोः ।
महतामपि योद्धृणां पतङ्गत्वं शरा ययुः ॥

अथवा यह कहना चाहिए कि दोनों बालकों के तेज में बड़े से बड़े योद्धाओं के भी बाण महाप्रलय की अग्नि में शलभ सिद्ध हुए ॥ २८ ॥

क्व रथाः क्व च मत्तेभाः क्व हयाः क्व च पत्तयः ।
इति यत्र न योद्धारोऽबुध्यन्त कृतबुद्धयः ॥
क्व तलं क्व जलं क्व द्यौः क्व ग्लौः क्वाग्निः क्व भानुमान् ।
इति यत्र न धूलीनां पटले प्रत्यपद्यत ॥

चन्द्रकेतुभटानां तत् प्रधनं निधनं व्यधात् ।
ब्रह्मबालास्त्रसंपाताद् देहे पश्चात्, पुरा मतौ ॥

संकेतः—ग्लौरिति युद्धस्याहर्निशप्रवृत्तत्वमनेकदिवसव्यापित्वं च सूचितम् ॥३०॥

उस युद्ध में ऐसी धूल उड़ी कि सेना के वीर लोग काफी कुशल योद्धा होने पर भी और काफी ध्यान से देखने पर न तो यही जान पा रहे थे कि कहाँ रथ है और कहाँ मत्तेभ (मदमाते हाथी) तथा कहाँ घोड़े हैं और कहाँ पदाति सैनिक' और नही समझ पा रहे थे कि 'कहाँ (भूमि) तल है और कहाँ जल, कहाँ आकाश है और कहाँ उसका चन्द्र तथा कहाँ अग्नि है और कहाँ सूर्य ॥ २९–३० ॥

उस युद्ध में (रामरूपी) ब्रह्म के पुत्रों कुश लव) के अस्त्रसंपात ने चन्द्रकेतु के भटों का संहार शरीर से बाद में किया बुद्धि से पहले ॥ ३ ॥

आत्मना सा हि रामस्य युयुत्साऽऽसीत् परिच्छदे ।
अद्वैत-द्वैतयोर्यद्वत् संख्या काऽत्र जयाजये ॥

संकेतः—रामस्येति आत्म-परिच्छदाभ्यां काकाक्षिगोलकवद् योज्यम् । युयुत्सा चात्र परिच्छदैकवृत्तिरभ्युपेया । संख्या बालयोर्द्वित्वम्, सैन्यानां चासंख्यत्वम्, इति योयं सख्याव्यतिरेकः स जये अजये वा अप्रयोजकतामात्राश्रयः । परिच्छदपदेन शरीरादीनामपि ग्रहणाद् यथा आत्मनि कृपा-सुधां वर्षत्येव शरीरादीनि सक्रियाणि तिष्ठन्ति, येन च तेभ्यः सकाशाद् आत्मन एव बलवत्त्वं सिद्ध्यति, तथैव प्रकृतेऽपि ॥ ३२ ॥

राम की सेना की यह युद्धेच्छा राम की ही आत्मा के साथ युद्ध करने की इच्छा थी, जैसे द्वैत की इच्छा हो अद्वैत के साथ युद्ध करने की । इस युद्ध में जय पराजय का भान भला कैसे हो सकता था ॥ ३२ ॥ (इस प्रकार जब काफी युद्ध हो चुका तो उसमें जृम्भकास्त्र का उदय हुआ ।)

सुप्तौ ताटस्थ्यमापन्न आत्मनीन्द्रियवत् ततः ।
जृम्भकास्त्रोदयादासाञ्चक्रे सैन्यं गतासुवत् ॥

संकेतः—सुप्तिर्निद्रा । आपन्ने आपद्यमान इत्यर्थः, आद्यकर्मणि क्तः गतासुर्मृतः

तब जृम्भकास्त्र के उदय से सारी सेना मृत जैसी स्तब्ध हो गई, जैसे सुषुप्ति में आत्मा के तटस्थ हो जाने पर इन्द्रियाँ स्तब्ध हो जाती हैं ॥ ३३ ॥

प्रतिबिम्बं प्रतीबिम्बाभ्यां यथा लक्ष्मणात्मजः ।
रामात्मजाभ्यां संघर्षमज्ञानादातनोत् ततः ॥

संकेतः—प्रतिबिम्बसंघर्षः ४४-पद्येत्रैव सर्गे द्रष्टव्यः ॥ ३४ ॥

लक्ष्मण के पुत्र (चन्द्रकेतु) ने राम के पुत्रों के साथ प्रतिबिम्ब का अन्य प्रतिविम्बों के साथ युद्ध जैसा जो यह युद्ध किया इसमें एक ही कारण था, केवल अज्ञान अर्थात् अप्रत्यभिज्ञा ॥ ३४ ॥

आसीद् विक्लवता तेषु को नु कं प्रहरेदिति ।
आत्माऽऽत्मानं विजानाति प्रमाणं तत्र नेष्यते ॥

संकेतः—तेषु लव-कुश-चन्द्रकेतुषु । विजानातीति अबोधपूर्वं प्रत्यभिज्ञानम् ।

वे पसोपेस में थे कि कौन किस पर प्रहार करे । आत्मा (अज्ञात रूप से) आत्मा को पहचानती रहती है । उसमें प्रमाण की अपेक्षा नहीं रहती ॥ ३५ ॥

परस्परमुखालोकोज्जासितामर्षयोरपि ।
औचित्यमात्ररक्षायै ततज्ये धनुषी तयोः ॥

संकेतः—उज्जासित उत्सारितोऽमर्षो ययोः तयोः। तते रोपिते ज्ये प्रत्यञ्चे ययोस्ते ॥ ३६ ॥

उनके क्रोध तो एक दूसरे के मुख देखते ही दूर हो गये थे, अतः धनुष केवल औचित्य की रक्षा के लिए तने ॥ ३६ ॥

उत्साह-क्रोध-वार्त्ताऽपि तयोरासीन्न पक्षयोः ।
नटयोरिव किन्त्वासीत् प्रयोगे पटिमा परः ॥

संकेतः—नटे अभिनेतरि स्थायिनो रसस्यापि वा अभावात् ॥ ३७ ॥

उन दोनों में उत्साह (वीरस्थायी) और क्रोध (रौद्रस्थायी) की बात भी नहीं थी, किन्तु (अस्त्र) प्रयोग में पटुता अपूर्व थी, नटों (नटों के दो पक्षों) के समान ॥ ३७ ॥

लाघवातिशयं प्रेक्ष्य प्रयोगेऽस्त्रस्य तत्क्षणे ।
अस्त्रवेदोऽपि कार्तार्थ्यं बालाभ्यां प्रत्यपद्यत ॥

उस क्षण अस्त्र के प्रयोग में अतीव लाघव का दर्शन कर उन बालकों का अस्त्रवेद भी कृतार्थता को प्राप्त हो रहा था ॥ ३८ ॥

मेघनादस्तयोः कण्ठे रावणश्चापयोस्तथा ।
कुम्भकर्णश्च सैन्येषु तदानीमाश्रयं गताः ॥

उस समय उनके कण्ठ में मेघनाद [मेघध्वनि], धनुषों में रावण [घोर राव] और सैन्य में कुम्भकर्ण [घोर निष्क्रियता] आ छिपे थे ॥ ३९ ॥

तदानीं चापनिर्घोषैरस्त्रनिष्पेषणैस्तथा ।
आपूर्यत दिशां कुक्षिः सिंहीनां तु व्यरिच्यत ॥

उस समय धनुषों के जो निर्घोष और अस्त्रों की टक्कर हुई उससे दिशाओं की कुक्षि तो भर गई, परन्तु सिंहियों की खाली हो गई ॥४०॥

अग्नावग्निमिवाहूय वज्रे वज्रं निपात्य वा ।
यत्र युद्धं प्रवृत्तं स्यात् तत्र का तारतम्यधीः ॥

जहाँ मानों अग्नि में अग्नि की आहुति देकर या वज्र पर वज्र ढहाकर युद्ध आरम्भ हुआ हो वहाँ किसे छोटा समझा जा सके और किसे बड़ा ॥ ४१ ॥

जगच्चतुर्दशी तत्र कुहूत्वमिव जिघ्रती ।
अकालप्रलयाशङ्कामतनिष्ट चराचरे ॥

चतुर्दश विश्वों की चतुर्दशी उस समय अमावस बनने जा रही थी, वह चराचर में अकालप्रलय की आशंका जो पैदा कर रही थी ॥४२॥

पूर्वापरसमुद्रोर्मि–विडम्बि–शरवर्षिणोः ।
विग्रहो विग्रहायैव स तयोः समपद्यत ॥

पूर्व और पश्चिम के समुद्रों की तरंगों जैसे बाण बरसाते उन दोनों पक्षों का युद्ध मानों युद्ध के लिए ही हो रहा था ॥४३॥

एकस्यैव तु सूर्यस्य प्रभामादाय भास्वतोः ।
आदर्शयोस्तु संघर्षे तेजोहानिः क्व जागृयात् ॥

एक ही सूर्य का प्रकाश लेकर चमकते दर्पणों के युद्ध में तेजोहानि आखिर कहाँ हो ॥ ४४ ॥

रामरावणयोर्युद्धे जयो रामस्य निश्चितः ।
रामराघवयोस्त्वस्मिञ् जयः कः कः पराजयः ॥

राम की जीत तब निश्चित थी जब युद्ध राम और रावण के बीच हुआ था। जहाँ राम का युद्ध राघव से हो रहा हो वहाँ कैसी जीत और कैसी हार ॥४५॥

अप्राप्तानां शरीरं तु रामलक्ष्मणपुत्रयोः ।
सायकानां हि युद्धं तत् परस्परमदृश्यत ॥

राम और लक्ष्मण के पुत्रों के बाण शरीर तक नहीं पहुँच पाते थे। देखने में तो वह युद्ध बाणों बाणों का ही था ॥ ४६ ॥

तत्र घातप्रतीघातौ कौशलस्य हि दर्शकौ ।
हिंसा वा रक्तपातो वा न मनागप्यदृश्यत ॥

उस युद्ध में घात और प्रतीघात केवल कौशल के ही प्रदर्शक थे। हिंसा और रक्तपात का तो लेशमात्र भी दिखाई नहीं दे रहा था ॥ ४७ ॥

एकत्र यज्ञसंरक्षा मदग्लानिः परत्र च ।
उद्देश्यं यत्र, युद्धं तच्छस्त्राभ्यासात् परं नु किम् ॥

जिस युद्ध का उद्देश्य एक ओर यज्ञ की रक्षा हो और दूसरी ओर (शत्रु) मद की शान्ति, वह युद्ध शस्त्राभ्यास से अधिक हो ही क्या सकता था ॥ ४८ ॥

हृतेऽपि यत्र नाश्वेऽभूदश्वमेधक्षतिः, परम् ।
माहात्म्यं तद्धि रामस्य, तस्य वा महतः कवेः॥

अश्व का हरण होने पर भी अश्वमेध की जो हानि नहीं हुई, यह माहात्म्य केवल भगवान् राम का ही था, या केवल उस आदि कवि का ॥ ४९ ॥

अथाधिकारमर्यादां वर्णानां संविधानतः ।
पातुमुत्प्रेरितोऽमात्यै राजा शम्बूकमीयिवान् ॥

संकेतः—अधिकारमर्यादा स्वस्वकर्मसंविभागः । संविधानम् धर्मशास्त्रम् । उत्प्रेरितः अत्यन्तं प्रार्थितः ॥ ५० ॥

इसी समय, संविधान के अनुसार अमात्यों द्वारा वर्णों के अधिकारों की मर्यादा रक्षित रखने हेतु प्रेरित राम शम्बूक के पास पहुँचे ॥ ५० ॥

मुनिवृत्तेरमुं शूद्रं विनिवार्य महामतिः ।
उपोद्घातेन तेनैव हयमप्यदिदृक्षत ॥

महामति राम ने उस शूद्र को मुनिवृत्ति से हटाकर उसी उपक्रम में अश्वमेध के अश्व को भी देखना चाहा ॥ ५१ ॥

पुष्पकेण क्षणेनैव मनसेव स राघवः ।
वाल्मीकिपदमानिन्ये कारुण्याच्छौर्यमागतम् ॥

त्यों ही मन जैसे ही पुष्पक ने राम को वाल्मीकिजी के आश्रम पहुँचा दिया जो इस समय कारुण्य से शौर्य को प्राप्त हो चुका था ॥ ५२ ॥

तत्रावतारं रामस्य विवित्वा स महाकविः ।
प्रत्युद्ययौ फलैः पुष्पैर्मधुश्च्युद्भिः पदाद् बहिः॥

महाकवि वाल्मीकि जी वहाँ राम का अवतार होता जान अपने आश्रम से बाहर निकले, अगवानी करने हेतु मधु चुआते फल और पुष्पों द्वारा ॥ ५३ ॥

द्रष्टृ–दृश्य–द्वयी तत्र पारेसाम्यं व्यवस्थिता ।
प्रणिपाताशिषां यत्रोपाधयोऽप्यैक्यसूचकाः ॥

वह 'द्रष्टा' और 'दृश्य' दोनों की जोड़ी बड़ी अद्वितीय थी, जहाँ प्रणाम और आशीर्वाद की उपाधियाँ भी ऐक्य की ही सूचक थीं ।। ५४ ॥

आसीच्च तत्र कैवल्यं द्वयोर्द्वैत-विवर्जितम् ।
अतः सीतापि मायेव तदा लेभे न तत् पदम् ॥

संकेतः—द्वावपि तत्रैकाकिनावेवास्तामिति प्रकृते । अप्रकृतं तु यद् तद् विबुधैः स्वयमुत्प्रेक्ष्यम् ॥ ५५ ॥

वहाँ दोनों में द्वैतविवर्जित कैवल्य था (दोनों अकेले अकेले ही थे, दोनों के साथ अन्य कोई नहीं था और दोनों की मनोभूमिका द्वैतमुक्त अद्वैत की थी) इसलिए सीता भी वहाँ उपस्थित नहीं हुई, माया के समान ।।५५।।

एकस्य चरितं गूढं सूक्ष्ममन्यस्य दर्शनम् ।
याथात्म्यमेतयोः को वा परः स्याद् वेदितुं प्रभुः ।।

संकेतः—परः तयोरन्यः वेत्तुमिति पूर्वपाठे लब्धुम् ।।५६।।

एक का चरित गूढ था और दूसरे का दर्शन। अतः इन दोनों की यथार्थता कोई अन्य कैसे जान सकता था ।।५६।।

कैवल्यधाम्नि तस्मिस्तु काव्यपुंसे कविर्निजम् ।
काव्यं समर्पयामास बिम्बाय प्रतिबिम्बवत् ।।

कवि ने उस कैवल्य धाम (एकान्त और मुक्ति स्थान) में काव्य पुरुष (काव्य-नायक श्रीराम) को अपना काव्य समर्पित किया, बिम्ब को प्रतिबिम्ब के समान ।।५७।।

सोऽपि तस्मिन् निजं रूपं प्रत्यभिज्ञाय पूरुषः ।
तद् युद्धं तच्च कौलीनमात्मपूजाममन्यत ।।

उस पुरुष ने भी इस काव्य में अपने स्वरूप की प्रत्यभिज्ञा कर उस युद्ध और उस जनापवाद को अपनी पूजा ही समझा ।।५८।।

कृतार्थसंविदोः पश्चादपरां भूमिमीयुषोः ।
सूनुपक्षद्वयो पक्षौ तयोरास्तां महीयसोः ।।

संकेतः—वाल्मीकिः कुशलवपक्षमासेदिवान्, रामश्च चन्द्रकेतुपक्षमिति भावः ।।५९।।

परा भूमिका पर पहुँचकर उन दोनों अतिमहान् पुरुषों की संवित्ति जब कृतकृत्य हो गई और उसके पश्चात् वे दोनों लोककी अपरा भूमिका पर आ पहुँचे तब उनके पृथक्-पृथक् दो दल हो गए, वे ही दो जो उनके बच्चों के थे [राम चन्द्र-केतु के दल में चले गये और वाल्मीकि कुश लव के दल में] ।।५९।।

कविरेकत्र, काव्यं च तस्यैवान्यत्र, तत्र कः ।
पक्षो वाथ विपक्षो वा जयो वा यदिवाऽजयः ।।

संकेतः—राम एवात्र काव्यत्वेनाध्यवसितः। रामायणस्य तन्मात्रशब्दरूपत्वात् ।।६०।।

एक ओर था कवि और दूसरी ओर था उसीका काव्य। वहाँ कौन पक्ष और कौन विपक्ष, अथवा क्या जय और क्या पराजय ॥६०॥

स्व-स्व-पूज्य-प्रणामाय त्यक्तसंरम्भयोर्द्वयोः।
शिशूनां पक्षयोस्तत्र संघर्षो विनयेऽप्यभूत् ॥

युद्धसंरम्भ छोड़कर अपने-अपने पूज्यों को प्रणाम करने में लगे उन बालकों का संघर्ष विनय दर्शन में भी हो रहा था ॥६१॥

चक्षुषे कृतवान् सूर्यः प्रणामं हन्त तत्क्षणे।
स्वप्रकाश-प्रकाशाय रामो यत् कवयेऽनमत् ॥

संकेतः—प्रकाशयतीति प्रकाशः प्रकाशकः। चक्षुर्विना सूर्यप्रकाशस्या-प्रकाशनात् तत् तस्य प्रकाशकम्। एवमेव रामस्यापि कविः ॥६२॥

उस क्षण मानों अपने प्रकाश के प्रकाशक चक्षु को सूर्य ने प्रणाम किया, श्रीराम ने जो महाकवि वाल्मीकि को प्रणाम किया ॥६२॥

ऐकात्म्यमात्रसाम्राज्यं यत्र जागर्त्ति संविदाम्।
तत्राजयो हि पुण्ड्रेक्षुर्जय एव महाकटुः ॥

संकेतः—पुण्ड्रेक्षुस्तन्नामा सर्वोत्कृष्ट इक्षुभेदः। महाकटुः अत्यन्तं कटुः निम्बश्च।

जहाँ संवित्तियों की एकता का साम्राज्य हो वहाँ हार ही उत्तम ईख होती है और जीत ही कड़वी नीम ॥६३॥

सत्काव्यस्य महावाक्यं नीतेर्मन्त्राक्षरं नु वा।
स कविः स च काव्यात्मा मेने तान् वीरबालकान्॥

संकेतः—काव्यात्मा रामः ॥६४॥

उस कवि और उस काव्यात्मा (राम) ने उन वीर बालकों को सत्काव्य का महावाक्य या नीति का मन्त्राक्षर माना ॥६४॥

पूज्ययोरेकतां दृष्ट्वा बाला अप्येकतां ययुः।
अभिन्नत्वे समुद्राणां को नु भेदस्तदूर्मिषु ॥

बच्चों ने अपने पूज्यों में एकता देखी तो वे भी एक हो गए। समुद्रों के एक हो जाने पर उनकी तरंगों में भेद कैसा ॥६५॥

अन्योन्यभुजवीर्यं ते पूजयित्वास्त्रदैवतैः।
इदानीं मिश्रयामासुः परीरम्भापदेशतः ॥

अस्त्रप्रयोग से एक दूसरे के बाहुबल को पूजा कर अब उन्हें उन बालकों ने मिश्रित कर दिया, आलिङ्गन के बहाने ॥ ६६ ॥

एतेषां वक्षसां घर्षे वज्रग्राव्णां यथाऽऽर्यभूः ।
उच्छश्वास, सदा वीरमैत्र्यां राष्ट्रं निषीदति ॥

जब ये बच्चे मिले और वज्र की चट्टानों जैसे इनके वक्षःस्थल आपस में रगड़ाए तो भारतभूमि ने संतोष की साँस ली, क्योंकि राष्ट्र, सदा ही वीरों की मैत्री पर ही निर्भर रहता है ॥ ६७ ॥

रामो लवकुशौ, तौ च रामं ज्ञात्वापि रूपतः ।
तत्त्वतः पर्यचिन्वन्नो तदानीं कव्यनीहया ॥

संकेतः—कविर्वाल्मीकिः। स च सद्गुरुरूपः। तदनुग्रहं विना जीवस्य परमात्मसाक्षात्कारासंभवः। अयं विशेषो यदत्र परमात्मापि कविकृपां विना जीवं प्रत्यभिज्ञातुं न प्रभवति ॥ ६८ ॥

राम लवकुश को और वे राम को तब तक स्वरूपतः जानकर भी तत्त्वतः नहीं जान पाए थे, कवि की अनिच्छा से ॥ ६८ ॥

अबोधपूर्वमात्मैक्यं स्मरन्तः सर्व एव ते ।
प्रसादमपि चेतःसु विषादोन्मिश्रमादधुः ॥

संकेतः—अबोधेति यथोक्तं महाकविना "तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि"—इति शाकुन्तले ॥ ६९ ॥

किन्तु तीनों अपनी आत्मा की एकता का अबोधपूर्वक स्मरण कर रहे थे और प्रसन्नता में किसी विषाद का स्पर्श लिए हुए थे ॥ ६९ ॥

कविरथ महान् वीरैस्तैरात्मजैः परिवारितं
रघुपरिवृढं रामं धाम स्वकं खलु नीतवान् ।
जनकतनया ज्ञात्वाप्येतद् बभूव पराङ्मुखी
न खलु वशिनां त्यक्ते वस्तुन्युदेति पुना रतिः ॥

संकेतः—त्यक्तं वस्तु श्रीरामस्य स्थूलं वपुः ॥ ७० ॥

अब वह महान् कवि उन वीर आत्मजों के साथ श्रीराम को अपने आश्रम ले गए। सीता यह सब जानकर भी पराङ्मुख ही रही। वशी जनों में त्यक्त वस्तु के प्रति फिर से आसक्ति पैदा नहीं होती ॥ ७० ॥

बलमपि च तदानीं जृम्भकास्त्रस्य मोक्षाद्
घनतुहिनविमोक्षाल्लोकवद् दीप्तिमापत् ।
अथ च तुरगलाभाद् दृष्टमप्यत्र घोरं
प्रधनममनुतैतत् स्वप्नवृत्तान्तमात्रम् ॥

घने कुहासे के हट जाने से लोक की भाँति जृम्भकास्त्र के हट जाने से सेना भी स्वस्थ हो गई। और उसने उस घोर युद्ध को भी स्वप्नमात्र की घटना माना, क्योंकि उन्हें अश्व की प्राप्ति हो चुकी थी ॥ ७१ ॥

इति सनातनोपाह्व-श्रीरेवाप्रसादद्विवेदिकृतौ
'उत्तरसीताचरित'-नाम्नि सर्गबन्धे कुमारायोधनं
नामाष्टमः सर्गः ॥ ८ ॥

❀

नवमः सर्गः

अथ प्रभाते गुरुणा समेता रामस्य सर्वाः ससुता जनन्यः ।
स चापि राजा जनकः कवीन्द्र-संकल्पतस्तस्य पदं प्रपन्नाः ॥

महाकवि ने संकल्प किया और तत्फलस्वरूप भरत तथा लक्ष्मण को लेकर गुरु वसिष्ठ के साथ राम की सभी माताएँ एवं वे विदेहराज जनक भी वाल्मीकि आश्रम जा पहुँचे दूसरे दिन सबेरे ॥ १ ॥

त्रिभिर्मुनीन्द्रैस्तिसृभिश्च सूभिर्वृतो बभासे पुरुषोत्तमोऽत्र ।
यथा त्रिवेण्या सहितः प्रयागस्त्रिभिः समुद्रैश्च यथैष देशः ॥

संकेतः—पुरुषोत्तमः श्रीरामः चूलिकाक्रमेणोपमायोजनायां न दोषः ॥ २ ॥

वाल्मीकि आश्रम से तीनों महामुनियों (वसिष्ठ, जनक तथा वाल्मीकि) तथा तीनों माताओं के बीच वे पुरुषोत्तम राम ऐसे लग रहे थे जैसा त्रिवेणी और तीन समुद्रों से युक्त यह देश लगता है ॥ २ ॥

आसीद् विदेहाधिपतेः सुता तु तथा तटस्था निखिलेषु तेषु ।
यथा विलीनात्मनि राजहंसी यद्वापि गीः कापि परा स्वपुंसि ॥

संकेतः—आत्मनि स्वरूपेऽपि, हंसशब्दस्य युक्तयोगित्वसूचकत्वमपि । परावाचः पुरुषव्यतिरिक्तत्वाभावाभिमानात् ॥ ३ ॥

किन्तु, उन सबके प्रति सीता तटस्थ थीं। वे ऐसी लग रही थीं जैसी आत्मा में विलीन राजहंसी (हंस = युक्तयोगी भी) या अपने स्वरूपभूत पुरुष में परा वाक् लगा करती है ॥ ३ ॥

क्व द्वेषरागौ क्व च लोभमोहौ क्व क्रोधकामौ मदमत्सरौ वा ।
यदात्मलाभे परमात्मसंज्ञं ज्योतिः परं किंचिदुदेति पुंसि ॥

कहाँ रागद्वेष, कहाँ लोभमोह, कहाँ कामक्रोध और कहाँ मदमत्सर, जब आत्मलाभ हो जाने पर व्यक्ति में परमात्मरूपी वह कोई पर ज्योति उदित हो जाती है ॥ ४ ॥

न देहभेदेन विभिद्यते स्वं विभिद्यते यच्च तदस्ति न स्वम् ।
स्वनाम्नि भूम्नि स्थितिमान् बिभेति न वा वियोगान्न च देहपातात् ॥

जो 'स्व=आत्मतत्त्व' है, उसमें शरीर की भिन्नतासे भिन्नता नहीं आती, और जिसमें भिन्नता आती है वह 'स्व=आत्मतत्त्व' नहीं होता। जो कोई 'स्व'-नामक भूमातत्व में अवस्थित हो जाता है वह न वियोग से डरता और न तो शरीरपात (मृत्यु) से ही ॥ ५ ॥

सा हन्त विद्वत्परिषत् तदानीं ज्ञानस्य भक्तेरथ कर्मणोऽपि ।
योगत्वलाभादिह भारतीयमात्मानमुद्भासयति स्म पूर्णम् ॥

संकेतः—ज्ञानभक्तिक्रियायोगत्रितयसामञ्जस्यमेव भारतीयत्वम्। आत्मा व्यक्तित्वमिति लोके प्रसिद्धम् ॥ ६ ॥

क्या कहना है उस परिषद् का। वह ज्ञान, भक्ति और कर्म तीनों में योगत्व लिए थी और इसीलिए भारत के अपने संपूर्ण व्यक्तित्व को उद्भासित कर रही थी ॥ ६ ॥

वाल्मीकिराहूत-समस्त-सेना-जनस्ततस्तत्र वनाधिदेवैः ।
उपास्यमानं फलमूलकन्द-मधु-प्रसूनैर्विदधे समाजम् ॥

संकेतः—समाजो महती सभा ॥ ७ ॥

तब वाल्मीकिजी ने सभी सैनिकों को भी बुलाया और एक विशाल सभा का आयोजन किया, जिसमें स्वागत कर रही थीं वनदेवियाँ, कन्द, मूल, फल और मधुवर्षी फूलों से ॥ ७ ॥

अध्यक्षतां श्रीजनकोऽत्र चक्रे परावरप्रत्यय-निश्चितार्थः ।
य आबभासे मुनिभिर्वृतोऽत्र यथात्मयोनिर्दिवि नारदाद्यैः ॥

(लोकसभा जैसी) उस सभा की अध्यक्षता की जनकजी ने, उन्हें पर और अवर का विवेक था इसलिए अर्थनिश्चय में वे अतीव कुशल थे। उनके आस-पास मुनिजन बैठे हुए थे और उनके बीच वे ऐसे लग रहे थे जैसे नारद आदि महर्षियों के बीच ब्रह्माजी लगा करते हैं द्युलोक में ॥ ८ ॥

मध्येसभं तत्र च भूर्जपत्रैर्वृतं महत् स्थण्डिलमेकमासीत् ।
यत्पार्श्वभागे वनदेवतानामासीत् समाजो मधुवर्षिणीनाम् ॥

और, उस सभा के बीचों बीच एक ऊँची वेदिका बनी हुई थी। वह चारों ओर से भूर्जपत्रों से ढँकी थी और उसके चारों ओर मधुवर्षा करती हुई वनदेवियों का समाज था ॥ ९ ॥

किमेतदस्तीति तु तत्र कश्चित् प्रष्टुं कविं नो चकमे समाजे ।
आप्तेषु वाचां प्रसरः क्रमेषु न भारतीयैरुपधीयते यत् ॥

किन्तु उस समाज में किसी ने भी पूछना नहीं चाहा कि 'यह क्या है'। कारण कि भारतवर्षके लोग आप्त कार्यों में वाणी का स्थान नहीं देते ॥ १० ॥

कुतूहलाक्रान्तहृदां च तेषामतीव विस्फारितलोचनानाम् ।
औत्सुक्यमासीत् प्रपतन्नु सौम्यात् पक्ष्माग्रभागात्, कमलान्नु भृङ्गः ॥

उनके हृदय कुतूहल से आक्रान्त थे और अतीव विस्फारित नेत्र वाले उनका औत्सुक्य पलकों की कोर से मानों गिरा पड़ रहा था, कमल की कोर से भौंरें के समान ॥ ११ ॥

मुखेषु मौना अपि ते तदानीं मनःसु चाञ्चल्यभृतो विरेजुः ।
सरोवरा यद्वदनुत्तरङ्गाः परन्तु मध्ये चलमीनसङ्गाः ॥

मुख से मौन होने पर भी मन से चञ्चल वे उस समय ऐसे लग रहे थे जैसे भीतर चञ्चल मीनों से युक्त सरोवर लगते हैं, तरंगों के शान्त रहने पर ॥१२॥

अत्रास्ति नेता कविरेव, रामो भूत्वापि नेतास्ति विनेय एव ।
का नाम शक्तिः परमेश्वरस्य जगत्प्रसिद्ध्यै निगमेतरस्य ॥

संकेतः—निगमा वेदाः, तेभ्य इतरस्य भिन्नस्य। भिन्नत्वं च तदप्रमाणकत्वेन ॥ १३ ॥

इस सभा में नेता का पद कवि को ही प्राप्त था, और राम नेता होते हुए भी यहाँ विनेय अनुयायी (follower) हो थे। परमेश्वर की क्या मजाल कि वह जगत्प्रसिद्धि (निर्माण और प्रसिद्धि) में समर्थ हो सके, वेद से हटकर ॥ १३ ॥

मौनेऽपि लीलां कवितुर्वसिष्ठो नासीत् तदानीं न हि सविदानः ।
परार्धपाथोधितिमिङ्गिलानां किं वा परोक्षं कविपुङ्गवानाम् ॥

संकेतः—कवितुः कवेः वाल्मीकेरिति यावत्। संविदानः प्राप्नुवानः विद्लृ लाभे कानच्। प्राप्तिश्च ज्ञानरूपा। परार्धम्, मायोत्तरमर्धम्, मायिकस्यार्धस्य पूर्वार्धत्वेन प्रतिपन्नत्वात्। तत्र तिमिङ्गिला महामत्स्याः तदवगाहनशौण्डाः। कविः क्रान्तसाक्षात्कारी, तेषु पुङ्गवाः श्रेष्ठाः ॥ १४ ॥

उस समय वसिष्ठ चुप थे। परन्तु वे कवि की लीला नहीं समझ रहे थे ऐसा न था। कवि परार्धपाथोधि के तिमिंगिल होते हैं। उनकी आँखों से ओझल हो ही क्या सकता है ॥ १४ ॥

ता मातरस्ते च चमूचरेन्द्रास्ते वा मुनीन्द्रा स च रामचन्द्रः ।
सभासदो यत्र परात्पराः सा सभा क्व भूता क्व च संभवित्री ॥

वे माताएँ, वे सेनानायक, वे सैनिक वीर, वे महामुनीन्द्र और वे भगवान् राम जिसमें परात्पर-सभासद् थे ऐसी सभा कब हुई और कब होगी ॥ १५ ॥

अथोदतिष्ठत् कुशपूतपाणिर्निजासनात् कारुणिकः कवीन्द्रः ।
यः क्रौञ्चशोके कृतवान् दयां च निषादकं चाप्यभिशप्तवांश्च ॥

संकेतः—एतेन कवेरपि समाजे सक्रियतोक्ता ॥ १६ ॥

अब कुशपूतपाणि कारुणिक कवीन्द्र अपनी आसन से उठे। ये वे ही थे जिन्होंने क्रौञ्च के शोक पर करुणा की थी और दुष्ट निषाद को शाप भी दिया था ॥ १६ ॥

तमुत्थितं वीक्ष्य विनिर्मितं च तत् स्थण्डिलं सभ्यजनान्तरङ्गम् ।
दोग्धारमायान्तमवेक्ष्य गां च वत्सो यथातीव समुच्चचाल ॥

संकेतः—तं वाल्मीकिम् ॥ १७ ॥

एक ओर उन्हें खड़ा देखा और दूसरी ओर सभा के बीच बने उस स्थण्डिल को तो सभासद् लोगों का चित्त एक ओर दोग्धा को आते और दूसरी ओर गाय को देख बछड़े के समान अतीव चञ्चल हो बैठा ॥ १७ ॥

दर्भासने पिङ्गरुचि स्थितः स प्राचेतसो भास्वरदिव्यदेहः ।
मेरोः शिलायामुषसि स्थितस्य बभार कान्ति रविमण्डलस्य ॥

उस पीले रंग की आसन पर खड़े हुए भास्वरदिव्य देह प्राचेतस (वाल्मीकि) ऋषि प्रभातकाल में सुवर्णगिरि मेरु की शिला पर स्थित सूर्यबिम्ब की कान्ति [शोभा और तेज] धारण किए हुए थे ॥ १८ ॥

श्रीशारदायाः स्फटिकाक्षमालामिव प्रसन्नां स ततः कवीन्द्रः ।
विशुद्धतर्कां च विनिश्चितां च च्छन्दस्वतीं वाचमिमामुवाच ॥

अब वे कवीन्द्र श्रीशारदा की स्फटिकाक्षमाला जैसी प्रसन्न विशुद्धतर्का निश्चितार्था और छन्दस्वती यह वाणी बोले—॥ १९ ॥

यज्ञेन देहानलभन्त विश्वे भावा रयिप्राणवशंवदेन ।
अनुक्रियां तस्य विधित्सुरेष रामोऽश्वमेधं तनुते यथेह ॥

संकेतः—'मिथुनमेतत् प्रजननं कुरुते रयिश्च प्राणश्चेति' वेदवाक्यात्, "सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः, अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुग्"—त्यादिभिः स्मृतिवचनैश्च यज्ञस्य रयिप्राणात्मकत्वं सृष्टिमूलत्वं च न न प्रतीतम्। अस्मदादिभिः क्रियमाणस्तु यज्ञस्तस्यैव भगवतः प्रकृतियज्ञस्यानुक्रियेति संप्रदायवेत्तारः ॥ २० ॥

रयि और प्राण पर निर्भर यज्ञ से सभी पदार्थों के शरीर बने हैं, यदि उसका अनुकरण करते हुए श्रीराम यह अश्वमेध करने चले हैं तो—॥ २० ॥

तदर्थमेते वयमत्र साधुवादाशिषां वृष्टिमुदीरयामः ।
परन्तु सम्यक्त्वविनिश्चयाय सभ्यानिमान् वो विनिवेदयामः ॥

संकेतः—सम्यक्त्वविनिश्चयः प्रामाण्यग्रहः ॥ २१ ॥

उसके लिए हम इन पर साधुवाद और आशीर्वाद की वृष्टि करते हैं, किन्तु यह जानने के लिए कि यह अनुष्ठान ठीक से हो रहा है या नहीं, हमारा आप सब सभ्यों से निवेदन है कि—॥ २१ ॥

किं प्राणमात्रेण रयिं विनास्य चराचरस्यास्ति वपुःप्रसिद्धिः ।
यद्वाग्निमात्रेण विहाय सोमं ब्रह्माण्डपिण्डं प्रथतेतरां किम् ॥

संकेतः—वपुःप्रसिद्धिः स्थूलशरीरनिर्वृतिः । चितिरूपमिदं स्थूलपिण्डजातं रयिप्राणरूपाभ्यामग्नीषोमाभ्यामेव जायते ॥ २२ ॥

क्या रयि के बिना केवल प्राणमात्र से इस चराचर का शरीर बन सका है, अथवा सोम को छोड़कर केवल अग्निमात्र से यह ब्रह्माण्डपिण्ड तैयार हो सका है ॥ २२ ॥

नैवेति चेद् यज्ञविधौ रयित्वं तथा व सोमत्वमुपाश्रयन्तीम् ।
विहाय पत्नीं यजतोऽश्वमेधविडम्बनेयं न विडम्बना किम् ॥

संकेतः—विडम्बना अनुकरणम् । विडम्बना अनुकरणाभिनयः ॥ २३ ॥

यदि नहीं तो यज्ञ कार्य में रयि और सोम का कार्य करती (यजमान) पत्नी को छोड़कर यज्ञ कर रहे श्रीराम का यह यज्ञानुष्ठान क्या कोरी विडम्बना नहीं है ॥ २३ ॥

यद्यस्ति हेम्नः प्रतिमां विदेहपुत्र्याः प्रतिष्ठाप्य कृतः समाधिः ।
विचार्यतां तत्र, कृतोऽपराधः स्वयं तथा को नु विदेहपुत्र्या ॥

यदि सीता की सुवर्णप्रतिमा प्रतिष्ठित कर समाधान कर लिया हो, तो सोचिये कि स्वयं उस सीता ने क्या अपराध किया था ॥ २४ ॥

श्यामायते यन्न कृतेऽपि दाहे तदेव हेमात्र निगद्यते चेत् ।
रक्षःकपीन्द्रत्रिदिवौकसां किं साध्यक्षमासीदनले न शुद्धा ॥

सुवर्ण उसी का न नाम है जो जलाने पर भी श्याम न पड़े ? तो सीता क्या

(विभीषण आदि) राक्षसों (सुग्रीव आदि) वानरों और (इन्द्रादि) देवताओं के सामने अग्निपरीक्षा में शुद्ध सिद्ध नहीं हुई थीं ॥ २५ ॥

सा चेद् विशुद्धापि जनापवादाद् वज्रात् सबीजा धरणीव सीता ।
हेम्नः सजीवा प्रतिमा विनाशमनायि दोषेषु सहस्रनेत्रैः ॥

संकेतः—इन्द्रो हि कुपितः सन् सबीजां धरित्रीं वज्रेण हिनस्ति । तद् यथाऽनुचितं तथैव सीतायाः परित्यागोऽपीत्यर्थः । सहस्रनेत्र इन्द्रोऽपि ॥ २६ ॥

उस सुवर्ण की ही सजीव प्रतिमासी शुद्ध साध्वी को भी यदि जनापवाद के कारण गर्भावस्था में भी वज्र (बिजली) गिराकर बोई हुई खेती की नांई दोष दर्शन में हजार नेत्र वालों द्वारा विनष्ट कर दिया गया—॥ २६ ॥

तदद्य तस्या गतचेतनायाः किं शालभञ्ज्या अपि संग्रहेण ।
अशुद्धसत्त्वस्य मुखं जनस्य न चित्रकर्मण्यपि वीक्षणीयम् ॥

संकेतः—गतचेतनेति शालभञ्जीविशेषणतया नेयम् । चित्रकर्म मूर्त्तिः, विष्णुधर्मोत्तरे चित्रसूत्राध्याये तथादर्शनात् ॥ २७ ॥

तो आज उसकी निर्जीव पुतली को भी अपनाने से क्या । मलिन प्राणी का चेहरा तो उसके चित्र (फोटू और मूर्ति) में भी नहीं देखा जाना चाहिए ॥ २७ ॥

यद्यस्ति संप्रत्यतिमात्रधन्या, 'सीतास्ति शुद्धे'—ति मतिस्तदाद्य ।
सा ह्येव पूर्वं निखिलैर्गवेष्या 'सती न देशेऽत्र विपद्यते यत्' ॥

संकेतः—अत्र देशे भारते, वाल्मीकिजनपदेऽपीति च ॥ २८ ॥

यदि अब इतने दिनों के पश्चात् आप लोगों में यह सुमति जागी है कि 'सीता शुद्ध है' तो आप सबको चाहिए कि आप उस (सीता) को ही खोजें । क्योंकि इस देश (भारत और आश्रम) में सती का नाश नहीं माना जाता, न तो होता ॥ २८ ॥

सा ह्येव विश्वम्भरयज्ञपूर्त्यै विश्वम्भराया दुहिताद्य पूज्या ।
सा का नु पूजा सुरभेर्विधिज्ञाः ! या सौरभेय्याः क्षतजैः क्रियेत ॥

संकेतः—यज्ञ एव विश्वम्भरः, पृथ्वी च भगवती विश्वम्भरा, तस्या अपि यज्ञरूपत्वात् । यथा चैतत् तत् वेदविद्भिर्न नावगम्यते । सुरभिः कामधुक् सौरभेयी च तस्या अपत्यं स्त्री गोमात्रम् । क्षतजं रुधिरम् । पृथिवीरूपस्य यज्ञस्य पूर्त्यै पृथिव्या एव पुत्र्याः सीतायाः परित्यागस्तथाविध एव ॥ २९ ॥

इस विश्वम्भरयज्ञ की पूर्त्ति के लिए उसी विश्वम्भरा (पृथिवी) की पुत्री

को महत्त्व दिया जाना चाहिए। आप विधिज्ञ हैं, कामधेनु की भला वह कैसी पूजा जो उसकी ही बछिया के रक्त से की जाये ॥ २९ ॥

महार्थमेवं स निवेद्य सभ्यान् वाग्मी कवीन्द्रो विरराम वाग्भ्यः।
आवश्यकाद् योऽभ्य धिकं ब्रवीति स शारदायाः कुरुतेऽवमानम् ॥

इस प्रकार पर्याप्त महत्त्वपूर्ण तथ्य प्रकट कर उत्तम वक्ता वाल्मीकि ने भाषण समाप्त कर दिया। जो आवश्यक से अधिक बोलता है वह सरस्वती का अपमान करता है ॥ ३० ॥

सा वाग् बभूवाश्रु वसिष्ठनेत्रे द्रुतिर्विदेहाधिपचेतनायाम्।
रामे विसंज्ञत्वमथापरेषु सीतापुनःप्राप्तिकृतेऽतितृष्णा ॥

वाल्मीकि की वह वाणी वसिष्ठ जी के नेत्रों में आँसू बन कर प्रकट हुई, जनक जी के चित्त में द्रुति बनकर, राम में मूर्छा बनकर और अन्य सब सभासदों में सीता की पुनः प्राप्ति के लिए उत्कट तृष्णा बनकर ॥ ३१ ॥

तदन्तरात्मस्वनुभूय तीव्रं लोकस्य सीताधिगमोत्सुकत्वम्।
वसिष्ठनामा स महामुनीन्द्रो महाकवीन्द्रं प्रणयादवोचत् ॥

उस समय समाज की अन्तरात्मा ने सीता जी की प्राप्ति के लिए तीव्र उत्सुकता का अनुभव किया तो वसिष्ठ नामक महामुनीद्र वाल्मीकि जी से प्रेमपूर्वक बोले ॥ ३२ ॥

महाकवे ! संप्रति ते नियोगं दधामहे मूर्ध्नि यथा विधातुः।
चराचरं ते प्रतिभेन्दुमूर्त्तिः प्रकाशमर्कस्य यथा व्यनक्ति ॥

संकेतः—इन्दुमूर्त्तिः अर्कस्य प्रकाशमिवेति वास्तविकस्य कलास्पर्शेन सौम्यतालाभं प्रतिपादयितुम्, सूर्यप्रकाशस्य चन्द्रद्वारा सौम्यतासंपादनात् ॥ ३३ ॥

महाकवे ! आपकी आज्ञा हम शिर पर धारण करते हैं विधाता की आज्ञा के समान। आपकी प्रतिभा सूर्य के प्रकाश को चन्द्रमा की नांई इस चराचर को अभिव्यक्त करती रहती है ॥ ३३ ॥

मृषा न ते दर्शनमस्ति विद्वन् संकल्पमात्रं तव कल्पवृक्षः।
सत्यं भवांस्तत् कुरुतां स्ववाक्यं 'सीता स्वदेशेऽत्र सुरक्षिते'ति ॥

और हे विद्वन्, (आप सर्वज्ञ हैं) आपका दर्शन मृषा नहीं है। आपका केवल संकल्प ही है कल्पवृक्ष। इसलिए आप अपने इस वाक्य को सत्य सिद्ध कीजिये कि 'इस स्वदेश (आश्रम और भारत) में सीता सुरक्षित हैं' ॥ ३४ ॥

लोकप्रवाहोऽयमुदात्तचित्तैर्वृक्षैस्तटस्थैरिव विज्ञ! विज्ञैः।
कृपाप्रसूनान्यभिवर्ष्य सूरे! सुगन्धनीयः स्वरसप्रवृत्तः॥

संकेतः—नदीप्रवाहस्तटस्थितस्य वृक्षस्य शिखरं न स्पृशति, वृक्षः स्वयमेव तं पुष्पाण्यभिवर्ष्य सुगन्धयति॥ ३५॥

उदात्त-चित्त और विज्ञ जन इस अपनी गति में प्रवाहित लोकप्रवाह को तो, हे विज्ञ, नदीप्रवाह को तटपर स्थित वृक्ष की भाँति स्वयं ही कृपाप्रसून की वर्षा कर करके सुगन्धित करते रहते हैं॥ ३५॥

इत्येवमामन्त्र्य विदांवरोऽसौ सरस्वतीं स्वामकरोदशब्दाम्।
मितं न यद् यच्च न हन्त सारं विग्लापनामात्रमिदं हि वाचः॥

इस प्रकार संकेत की भाषा में कुछ कहकर अत्युत्कृष्ट विद्वान् वसिष्ठ ने अपनी सरस्वती को अशब्दा बना दिया। जो मित न हो और सारपूर्ण न हो वह तो अपनी वाणी का विग्लापनमात्र है॥ ३६॥

कविश्च सूक्तेः परमार्थबोधे प्रतिष्ठितं वीक्ष्य मुनिं जहर्ष।
ध्वनिस्मृतिं यत् सुहृदां मुनीनां विना न सूक्तं सफलं कवीनाम्॥

संकेतः—सूक्तं वेदमन्त्रः, काव्यं च, तदुभयं सहृदयग्राह्यं ध्वनिं मुनिग्राह्यमर्थं च विना विफलम्॥ ३७॥

कवि (वाल्मीकि) ने भी अपनी सूक्ति के परमार्थ ज्ञान में मुनि (वसिष्ठ) को प्रतिष्ठित देखा तो उन्हें बड़ी ही प्रसन्नता हुई, क्योंकि कवियों (ऋषियों) के सूक्त (वेदमन्त्र और उत्तम काव्य) उसकी ध्वनि को पकड़कर चलने वाली स्मृतियों (मनु आदि के धर्मशास्त्र और सहृदय की संवादिनी प्रज्ञा) के विना सफल नहीं हो पाते॥ ३७॥

लोकोऽपि मैत्रावरुणस्य मान्यं प्रस्तावमेतं स्वहृदाभ्यनन्दत्।
अब्धेः स्वभावः स यदेष चान्द्रं प्रकाशमन्वेति विना विकल्पम्॥

लोक ने भी मैत्रावरुण (वसिष्ठ) के इस मान्य प्रस्ताव का समर्थन हृदय से किया। समुद्र का तो यही स्वभाव है कि वह चन्द्र के प्रकाश का अनुवर्त्तन करता ही है, विना विकल्प के॥ ३८॥

मुनेर्नियोगं जनतानुरोधं स्वभावनां चापि ततः समर्च्य।
राज्ञो मुखं नीरदचातकीयां प्रसूय शोभां कविरालुलोके॥

संकेतः—चातकीयं लोकप्रतिनिधिः न तु याचकमात्रम्॥ ३९॥

मुनि (वसिष्ठ) की आज्ञा, जनता के अनुरोध और अपनी स्वयं की भावना का आदर कर कवि (वाल्मीकि) ने राजा (राम) के मुख को ओर देखा जैसे नीरद (मेघ) की ओर चातक देखता है ॥ ३९ ॥

न वाङ् न लेखो न सखा न चान्यन्निवेदनाय स्वहृदस्तदानीम् ।
उपाजि राज्ञापि सुमानुषेण बाष्पप्रवर्षेण तु सर्वमूचे ॥

राम ने भी उस स्थिति में अपना हृदय स्पष्ट करने हेतु न तो वाणी को अपनाया, न लेख को, न मित्र को और न किसी अन्य वस्तु को। वे तो थे समानुष (हृदय के धनी गृहस्थ); उन्होंने आँसू बहाकर ही सब कुछ कह दिया ॥४०॥

सीतावपुर्मात्रमनेन मुक्तं पुराऽनुरोधाज्जनभावनायाः ।
बुद्धिप्रधाना न हि सूर्यवंश्या देहेऽनुषक्ति दधतीन्द्रियार्थे ॥

"श्रीराम ने सीता के शरीरमात्र का परित्याग किया था जनता की भावना का आदर कर। ठीक भी है, सूर्यवंशी लोग बुद्धिप्रधान होते हैं। वे इन्द्रियों के संतर्पण के लिए अपेक्षित शरीर पर आसक्ति नहीं रखते" ॥ ४१ ॥

गर्भं प्रजायै गृहमेधयाजी निषिच्य जायां भजते यदर्थम् ।
स एव सेवावसरोऽस्य हस्ताद् विच्यावितस्तेन हि दूयतेऽसौ ॥

दुखी तो ये इसलिए हो रहे हैं कि केवल प्रजा (सन्तति और जनता) के लिए गृहमेध में दीक्षित गृहस्थ गर्भनिषेक करके भी अपनी जाया को जिस लिए पास रखता है वह जो उसकी सेवा थी उसी का सुअवसर इनके हाथ से निकल गया ॥४२॥

इत्यादिभिर्नैकविकल्पनाभी रामाश्रु लोकान् नितराममथ्नात् ।
परस्य शोकः परचेतनायां कारुण्यमूर्त्या परिवर्त्तते हि ॥

राम के आँसुओं ने इस प्रकार की अनेक कल्पनाओं से उस समाज को मथ डाला। ठीक ही है। दूसरे का शोक दूसरे की चेतना में करुणा ही बनकर प्रकट होता है ॥ ४३ ॥

वाल्मीकिरप्यान्तरतम्यमेक्ष्य स्वसंविदा सर्वजनस्य तत्र ।
संकेतयामास वनाधिदेवीर्मध्येसभं स्थण्डिल रक्षयित्रीः ॥

वाल्मीकिजी ने देखा कि जो वे चाहते हैं वही वहाँ सब चाह रहे हैं तो सभा के मध्य भाग में बने उस स्थण्डिल की पूजा में निरत वनदेवियों को इशारा कर दिया ॥ ४४ ॥

ताश्चापि भूर्जावरणं शमादिप्रवृत्तयस्तामसमान्तरं नु ।
शनैः शनैर्दूरयितुं प्रवृत्तास्तत्त्वस्य गूढस्य निरूपणायै ॥

और उनने भी जैसे शम दम आदि की प्रवृत्तियाँ अज्ञान के तम को दूर करती हैं उसी प्रकार (स्थण्डिल पर पड़े) उस भूर्जपत्र के आवरण को धीरे-धीरे दूर करना आरम्भ किया, निगूढ तत्त्व के निरूपणार्थ ॥ ४५ ॥

तस्मिन् क्षणे लोकमनांसि यज्ञकुण्डे पतङ्गा इव तत्र पेतुः ।
तेषु स्थविष्ठस्य शरीरकस्य महत्त्वबुद्धिर्न मनागशेषि ॥

उस क्षण लोगों के मन उस स्थण्डिल पर इस प्रकार टूटे जिस प्रकार दीपक पर शलभ टूटा करते हैं। उन लोगों में स्थूल शरीर के प्रति महत्त्वबुद्धि तनिक भी शेष नहीं रही (शलभ के ही समान) ॥ ४६ ॥

ततो 'जयः स्याज्जनकात्मजाया' विद्याधरीणामिति तारतारैः ।
दिव्यैः स्वहस्तच्युतपारिजातप्रसूनवृष्टया सहितैर्निनादैः ॥

स्तम्बेरमाणां दशदिक्पतीनां शुण्डाभिरावर्जितपङ्कजाभिः ।
स्वर्वाहिनीपद्मरजोविमिश्र-दिव्याम्बुविप्रुट्परिवर्षणाभिः ॥

वनान्तपुष्पद्रुमसंहतीनामामोदमादाय सह प्रसूनैः ।
तपोनिधीनां तपसेव मिश्रैस्त्रिमार्गगायाः पयसा मरुद्भिः ॥

कलापिनां छत्रकनैर्मितीभिः सहैव षड्ज-ध्वनन-प्रतानैः ।
प्रतानिनीनां च सभाज्यमाना सच्छिद्रवेणुस्वरहर्षनृत्यैः ॥

तब स्वयं अपने हाथों (नन्दनवन के सर्वोत्कृष्ट कल्पवृक्ष) पारिजात के दिव्य पुष्प बिखेर कर विद्याधर वनिताएँ जोर से दिव्य स्वर में चिल्लाने लगीं 'सीता की जय हो सीता की जय हो, ॥ ४७ ॥

दशों दिशाओं के दिक्पाल दिग्गज अपनी सूड़ों में कमल पुष्प लेकर आकाश गंगा के पद्मराग से मिश्रित दिव्य जल की फुहारें बरसाने लगे, ॥ ४८ ॥

वायु के झोंके वनान्त में पुष्पित वृक्षों के पुष्प और उनकी सुगन्ध लेकर भूलोक की गंगा की फुहार या यूँ कहिये कि तपोनिधियों की अनन्त और अणिष्ठ तपस्याएँ लेकर बहने लगे, ॥ ४९ ॥

